



राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़



/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran



10 बाबा रामदेव की कंपनी दे रही है अब तक का सबसे ज्यादा डिविडेंड........

नमकीन-बिस्कुट के बाजार में छाने की तैयारी में रिलायंस.... 10



वर्ष : 15 | अंक : 200 | नई दिल्ली, मंगलवार, 05 नवंबर, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


# कनाडा में मंदिर पर हमला : केंद्रीय मंत्री बोले, जस्टिन ट्रूडो ने लोगों को बांटा

नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। कनाडा के ब्रैम्पटन में सोमवार को खालिस्तानी चरमपंथियों द्वारा हिंदू मंदिर पर हमला किए जाने की केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने निंदा की। उन्होंने खालिस्तानी समर्थकों को चेतावनी देते हुए कहा कि हिंदुओं और सिखों पर इस तरह के हमले बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। केंद्रीय मंत्री ने हिंदू मंदिर में हुई हिंसा के लिए कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि खालिस्तानी समर्थकों के प्रति उनके नरम रुख के कारण ही हालात ऐसे हो गए हैं। बिट्टू ने कहा, कनाडा में जो स्थिति है, वह किसी एक धर्म के कारण नहीं है। यह कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की वजह से है, जिन्होंने वहां के लोगों को बांट दिया। लोग दिवाली जैसे त्यौहार मनाने के लिए मंदिर जा रहे थे। लेकिन उन्हें इस तरह के हमलों का सामना करना पड़ा। केंद्रीय मंत्री ने आरोप लगाया कि कनाडा के प्रधानमंत्री ने खालिस्तानी समर्थकों द्वारा हिंदू समुदाय को डराए जाने, हमला किए जाने के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। बिट्टू ने कहा, कनाडा के प्रधानमंत्री भारत, खासकर पंजाब के लोगों की शांति में बाधा डालने की कोशिश कर रहे हैं। कनाडा की पुलिस खालिस्तानियों की रक्षा कर रही है, वे लोगों पर हमला कर रहे हैं, लेकिन कोई



भी उन्हें ऐसा करने से नहीं रोक रहा है। उन्होंने कहा कि इस तरह के हमलों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा, हमलावर खुलेआम खालिस्तान के नारे लगा रहे हैं और बात कर रहे हैं। मैं यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हमला करने वाले ये लोग पेरोल पर हैं जो खालिस्तानियों के लिए नारे लगा रहे हैं। इस हमले के बाद पीएम ट्रूडो और कनाडा की छवि खराब हो गई है। कनाडा के पीएम हमेशा शांति की बात करते हैं। लेकिन, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि उनके देश में इस तरह के हमले हो रहे हैं। इस बीच, कनाडा के प्रधानमंत्री ट्रूडो ने ब्रैम्पटन के एक मंदिर में खालिस्तानी चरमपंथियों द्वारा हिंदू भक्तों पर किए गए हमले की निंदा की। उन्होंने कहा कि देश में हिंसा की घटनाएं अस्वीकार्य हैं। धार्मिक स्वतंत्रता के महत्व पर जोर देते हुए, उन्होंने कहा कि प्रत्येक कनाडाई को अपने धर्म को स्वतंत्र और सुरक्षित तरीके से पालन करने का अधिकार है। सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट शेयर करते हुए ट्रूडो ने लिखा, ब्रैम्पटन में हिंदू सभा मंदिर में आज हुई हिंसा अस्वीकार्य है। हर कनाडाई को अपने धर्म का स्वतंत्र और सुरक्षित तरीके से पालन करने का अधिकार है। पोस्ट में आगे कहा गया, समुदाय की सुरक्षा और इस घटना की जांच के लिए तेजी से प्रतिक्रिया देने के लिए पील रीजनल पुलिस को धन्यवाद। इस बीच पीपुल्स पार्टी ऑफ कनाडा (पीपीसी) के नेता मैक्सिम बर्नियर ने ब्रैम्पटन में हिंदू मंदिरों और भक्तों पर हाल ही में हुए हमले पर कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो और विपक्षी नेताओं जगमीत सिंह और पियरे पोलीवरे की प्रतिक्रिया की आलोचना की। बर्नियर ने आरोप लगाया कि नेताओं ने हमलावरों को खालिस्तानियों के रूप में पहचानने से परहेज किया, क्योंकि उन्हें अपने वोटर बेस को बचाने की चिंता थी। पीपीसी नेता ने अपने एक ट्वीट में कहा, इनमें से कोई भी कायर उन खालिस्तानियों का नाम लेने की हिम्मत नहीं करता जो हिंसा कर रहे हैं। वे कुछ मतदाताओं को नाराज करने से डरते हैं, भले ही खालिस्तानी समर्थक सिख कनाडाई लोगों का अल्पसंख्यक वर्ग हैं।

**मौसम**

अधिकतम तापमान 32.0°C
न्यूनतम तापमान 23.0°C

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 80,405 |
| चांदी | 1,1000 |
| सेंसेक्स | 80,220 |
| निफ्टी | 24,472 |

## संक्षिप्त खबरें


### दिल्ली की आबोहवा हुई जहरीली, 10 इलाकों में औसतन एक्यूआई पहुंचा 400 के करीब

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में वायु प्रदूषण की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। प्रदूषण के चलते नागरिकों को सुबह की सैर पर जाने में भी दिक्कत हो रही है। बच्चों और बुजुर्गों के लिए खासकर यह चिंताजनक स्थिति है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सीपीसीबी के अनुसार सोमवार सुबह 6:15 बजे तक औसतन वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 373 बना हुआ है, जो की गंभीर श्रेणी में आता है। दिल्ली एनसीआर के शहर फरीदाबाद में 278, गुरुग्राम में 276, गाजियाबाद में 294, ग्रेटर नोएडा में 240 और नोएडा में एक्यूआई 304 बना हुआ है। राजधानी दिल्ली के 10 इलाकों में एक्यूआई का स्तर 400 से ऊपर पहुंच गया है। आनंद विहार में 432, अशोक विहार में 408, बवाना में 406, जहांगीरपुरी में 412, मुंडका में 402, एनएसआईटी द्वारका में 411, पंजाबी बाग में 404, रोहिणी में 406, विवेक विहार में 418, वजीरपुर में एक्यूआई 411 बना हुआ है। इन सबके चलते लोगों को सांस लेने में दिक्कत हो रही है और गले में खराश की समस्या बनी हुई है। दिल्ली के 25 इलाकों में एक्यूआई लेवल 300 से ऊपर और 400 के बीच बना हुआ है। अलीपुर में 385, आया नगर में 369, मथुरा रोड में 362, डॉक्टर करणी सिंह शूटिंग रेंज में 381, द्वारका सेक्टर 8 में 395, आईजीआई एयरपोर्ट में 371, दिलशाद गार्डन में 302, जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 353, लोधी रोड में 305, मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में 378, नजफगढ़ में 370, नरेला में 375, नेहरू नगर में 398, न्यू मोती बाग में 400, नॉर्थ कैंपस में डीयू में 389, पटपड़गंज में 400, पूषा में 350, आरके पुरम में 392, शादीपुर में 375, अरविंदो मार्ग मे 366, और सिरी फोर्ट में 366 अंक बना हुआ है।

# झारखंड में भाजपा-एनडीए के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार बनानी है : मोदी

गढ़वा, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने झारखंड विधानसभा के प्रथम चरण में 43 सीटों पर होने वाले चुनाव के लिए सोमवार को गढ़वा के चेतना गांव स्थित श्रीकृष्ण गौशाला मैदान में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मैं आज आप सबका आशीर्वाद मांगने आया हूं। आज झारखंड में हर तरफ एक ही गूंज है। 'रोटी-बेटी-माटी की पुकार, झारखंड में भाजपा-एनडीए की सरकार'। अब हम सभी को मिलकर यहां भाजपा-एनडीए के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार बनानी है। मोदी ने कहा कि झारखंड में ये चुनाव ऐसे समय हो रहा है जब पूरा देश 'विकसित भारत के संकल्प को लेकर आगे बढ़ रहा है यानी आने वाले 25 वर्ष देश और झारखंड के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। देश की आजादी के 100 वर्ष पूरे होंगे और झारखंड भी तब 50 वर्ष का होने वाला होगा। झारखंड के नौजवानों में टैलेंट की कमी नहीं है। ये हमारे झारखंड के बेटे और बेटियां खेल के मैदान में झारखंड का जज्बा दिखाते हैं। झारखंड के युवाओं का सामर्थ्य बढ़े, उन्हें नए अवसर मिलें ये सरकार की जिम्मेदारी होती है लेकिन



जेएमएम, कांग्रेस और आरजेडी ने झारखंड के युवाओं के साथ धोखा ही किया है। मोदी ने कहा कि आपने कुछ महीने पहले दिल्ली में लगातार तीसरी बार भाजपा-एनडीए सरकार बनाई। अब झारखंड में विधानसभा का चुनाव है। झारखंड के हर गरीब के पास एक्का घर होगा, ये मेरी गारंटी है। संकल्प पत्र रोटी-बेटी-माटी के सम्मान, सुरक्षा और समृद्धि के लिए समर्पित मोदी ने कहा कि माताओं, बहनों, बेटियों के कल्याण के लिए झारखंड भाजपा के संकल्प पत्र में अनेक संकल्प लिए गए हैं। 'गोगो दीदी योजना' के तहत हर महीने माताओं-बहनों को 2,100 रुपये दिए जाएंगे। गरीब परिवार की माताओं-बहनों को उज्ज्वला योजना के तहत पहले गैस कनेक्शन दिए गए, अब झारखंड में बनने जा रही भाजपा सरकार 500 रुपये में गैस सिलेंडर देगी। इसके साथ अगले साल दीपावली और रक्षाबंधन पर दो मुफ्त सिलेंडर भी देगी। भाजपा, झारखंड की सुविधा, सुरक्षा, स्थिरता व समृद्धि की गारंटी के साथ चुनावी मैदान में उतरी है। मैं बहुत-बहुत बधाई देता हूं कि कल झारखंड भाजपा ने बहुत ही शानदार संकल्प पत्र जारी किया है। मोदी ने कहा कि ये संकल्प पत्र रोटी-बेटी-माटी के सम्मान, सुरक्षा और समृद्धि के लिए समर्पित है। जेएमएम-कांग्रेस ने झारखंड के नौजवानों को बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया था लेकिन वादा पूरा नहीं किया। भर्तियों में धांधली, पेपर लीक जैसे यहां का उद्योग बन गया है। सिपाही भर्ती के दौरान जेएमएम सरकार की लापरवाही के कारण कई नौजवाओं की दुखद मृत्यु हो गई। अब झारखंड भाजपा ने इस स्थिति को बदलने का निर्णय लिया है। प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के बाद करीब तीन लाख सरकारी पदों को पारदर्शी तरीके से भरा जाएगा। आजकल अफवाहें फैलाने का बड़ा उद्योग चल पड़ा है मोदी ने कहा कि आज कल अफवाहें फैलाने का बड़ा उद्योग चल पड़ा है। कुछ लोग भांति-भांति की दुकानें खेलकर बैठे हैं और अफवाह फैलाने का माल बेच रहे हैं। आपको ऐसी किसी भी अफवाह में नहीं आना है। आजादी के बाद ही कांग्रेस की राजनीति का बहुत बड़ा आधार रहा है-जनता से झूठ बोलना, जनता को धोखा देना। ये झूठे वादे करके मतदाताओं को धोखा देते हैं। हमारे नागरिकों की आंख में धूल झोंक देते हैं। अभी हाल ही में हरियाणा ने इन्हें सबक सिखाया है। कांग्रेस और उसके साथी जहां-जहां भी झूठ बोलकर सत्ता में आए हैं, उस राज्य को उन्होंने बर्बाद कर दिया है।

**झारखंड का बड़े दुश्मन हैं झामुमो-कांग्रेस-राजद**

मोदी ने कहा कि कांग्रेस के अध्यक्ष ने भी मान लिया है कि कांग्रेस झूठी गारंटी देती है। पता नहीं कैसे खड़गे जी के मुंह से जाने-अनजाने में सच निकल गया है। साथ ही कहा कि कांग्रेस की ये अनाप-शनाप घोषणाएं राज्यों को दिवालिया कर देंगी। उन्होंने कहा कि झारखंड का एक और बहुत बड़ा दुश्मन है और वह है-परिवारवाद। झामुमो-कांग्रेस-राजद, ये तीनों दल घोर परिवारवादी हैं। ये लोग चाहते हैं कि सत्ता की चाबी केवल इन्हीं के परिवार के पास रहे। मोदी ने कहा कि झारखंड में हमने 16 लाख गरीबों के घर बनाए। ये घर एससी-एसटी और ओबीसी को मिले, जिनके पास पक्का घर नहीं था। एक लाख 15 हजार घर तो गढ़वा में गरीब परिवारों को मिले हैं। आप कह रहे हैं कि यहां पहले कोई प्रधानमंत्री नहीं आया। मोदी पहला प्रधानमंत्री है जो यहां आया। जो बड़े-बड़े अच्छे काम होते हैं वो भी मेरे ही नसीब में लिखे हैं। साथ ही कहा कि आप जेएमएम-कांग्रेस से पूछिए कि आवास योजना का क्या हुआ। क्यों इसको लेकर आपके साथ विश्वासघात किया गया। लोकसभा में हमने तीन करोड़ घर बनाने की गारंटी दी थी। हमने इस पर काम भी शुरू कर दिया।

## राष्ट्रपति मुर्मु ने विमानन क्षेत्र की सफल महिलाओं से बात की



नई दिल्ली, एजेंसी

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोमवार को राष्ट्रपति भवन में भारतीय विमानन क्षेत्र की सफल महिलाओं के एक समूह के साथ बातचीत की। राष्ट्रपति सचिवालय के अनुसार यह बैठक ह्वद प्रेसिडेंट विद द पीपलह्व पहल के तहत हुई जिसका उद्देश्य लोगों के साथ गहरा जुड़ाव स्थापित करना और उनके योगदान को मान्यता देना है। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि देश के नागरिक विमानन क्षेत्र में विभिन्न परिचालन और तकनीकी क्षेत्रों में महिलाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में 15 प्रतिशत एयर ट्रैफिक कंट्रोलर महिलाएं हैं, 11 प्रतिशत फ्लाइट डिस्पैचर महिलाएं हैं और 9 प्रतिशत एयरोस्पेस इंजीनियर महिलाएं हैं। उन्होंने कहा कि पिछले साल वाणिज्यिक लाइसेंस प्राप्त करने वालों में 18 प्रतिशत पायलट महिलाएं थीं। उन्होंने उन सभी सफल महिलाओं की सराहना की जो अभिनव सोच रखती हैं और नए रास्ते पर चलने का साहस रखती हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि केन्द्र सरकार के समावेशी प्रयासों ने नागरिक विमानन क्षेत्र में महिलाओं की प्रगति को बढ़ावा दिया है। अब अधिक से अधिक महिलाएं विमानन को अपने करियर के रूप में चुन रही हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि विमानन उद्योग में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के साथ-साथ इस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए समान अवसर भी जरूरी हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि शिक्षा और उचित प्रशिक्षण के अलावा परिवार का सहयोग भी जरूरी है। अक्सर देखा जाता है कि कई महिलाएं उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बाद भी परिवार से सहयोग न मिलने के कारण अपने सपनों को पूरा नहीं कर पाती हैं। उन्होंने सफल महिलाओं से आग्रह किया कि वे अन्य महिलाओं के लिए मार्गदर्शक बनें और उन्हें अपना करियर चुनने और अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रोत्साहित करें।

## उत्तराखंड में बस खाई में गिरी, 36 यात्रियों की मौत

उत्तराखंड, एजेंसी

मरचूला(उत्तराखंड)। उत्तराखंड के अल्मोड़ा जिले में एक प्राइवेट बस के सोमवार को गहरी खाई में गिर जाने से 36 यात्रियों की मौत हो गई और 24 अन्य घायल हो गए। बस में 60 यात्री सवार थे। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दुर्घटना में मारे गए लोगों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये मुआवजा और घायलों को एक-एक लाख रुपये की वित्तीय सहायता की घोषणा की। अधिकारियों ने कहा कि मुख्यमंत्री दुर्घटना स्थल के लिए रवाना हो गए हैं। अल्मोड़ा के जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी विनीत पाल ने बताया कि घायलों में से चार की हालत गंभीर है जिनमें से तीन को विमान के जरिए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), ऋषिकेश भेजा गया है और एक को सुशीला तिवारी अस्पताल, हल्द्वानी भेजा गया है। उन्होंने बताया कि घटना के वक्त 43 सीट वाली बस में करीब 60 लोग सवार थे। उन्होंने बताया कि बस में क्षमता से अधिक यात्रियों का होना दुर्घटना का कारण हो सकता है। जिलाधिकारी आलोक कुमार पांडे ने बताया कि गढ़वाल मोटर ओनर एसोसिएशन द्वारा संचालित यह बस गढ़वाल क्षेत्र में पौड़ी से कल शाम रवाना हुई थी और लगभग 250 किलोमीटर दूर कुमाऊं में रामनगर जा रही थी तथा सुबह करीब आठ बजे यह दुर्घटना हुई। उन्होंने बताया कि बस अपने गंतव्य रामनगर से सिर्फ 35 किलोमीटर दूर थी जब यह अल्मोड़ा के मरचूला क्षेत्र में 200 मीटर गहरी खाई में गिर गई। उन्होंने बताया कि पुलिस और एसडीआरएफ (राज्य आपदा प्रतिवादन बल) के कर्मी तलाश एवं बचाव अभियान शुरू करने के लिए तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे। दुर्घटना के बाद पौड़ी एवं अल्मोड़ा के सहायक क्षेत्रीय परिवहन अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है और मामले में मजिस्ट्रेटी जांच के आदेश दिए गए हैं। दुर्घटनास्थल से प्राप्त फोटो हादसे की भयावहता को दशार्ते हैं। वाहन जंगल से घिरे इलाके में चट्टानी ढलान से लुढ़कते हुए क्षतिग्रस्त हो गया और एक नाले से कुछ ही दूरी पर रुक गया। कुछ तस्वीरों में बचावकर्मी यात्रियों को बस से बाहर निकालने का प्रयास करते दिख रहे हैं। पाल ने कहा कि दुर्घटना में 36 यात्रियों की मौत हुई है और 24 अन्य घायल हुए हैं। गढ़वाल मोटर ओनर्स एसोसिएशन की बस, त्यौहार के मौके पर हफ्तेभर की छुट्टियां घर पर बिताने के बाद काम पर लौट रहे लोगों को लेकर जा रही थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस दुर्घटना पर दुख जताया और कहा कि राज्य सरकार की देखरेख में स्थानीय प्रशासन राहत और बचाव के हरसंभव प्रयास में जुटा है। उन्होंने प्रत्येक मृतक के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से दो लाख रुपये तथा घायलों को 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि देने की भी घोषणा की। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की ओर से एक्स पर जारी एक पोस्ट में मोदी ने कहा, उत्तराखंड के अल्मोड़ा में हुए सड़क हादसे में जिन्होंने अपनों को खोया है, उनके प्रति मेरी शोक-संवेदनाएं। इसके साथ ही मैं सभी घायलों की शीघ्र कुशलता की कामना करता हूं। राज्य सरकार की देखरेख में स्थानीय प्रशासन राहत और बचाव के हरसंभव प्रयास में जुटा है।

## जम्मू-कश्मीर : पीडीपी विधायक वहीद पारा ने अनुच्छेद 370 की बहाली को लेकर विधानसभा में पेश किया प्रस्ताव

श्रीनगर, एजेंसी

जम्मू कश्मीर विधानसभा का पहला सत्र सोमवार को हंगामे के साथ शुरू हुआ। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) के विधायक वहीद पारा ने अनुच्छेद 370 को हटाने का विरोध करते हुए और जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा बहाल करने की मांग के साथ एक प्रस्ताव पेश किया। पारा ने कहा, नए विधानसभा अध्यक्ष को मैं बधाई देता हूं। हम आपके अनुभव से बहुत कुछ सीखेंगे। आज मेरे पास अपनी पार्टी की ओर से एक प्रस्ताव है जिसे मैं आपके सामने पेश करना चाहता हूं। प्रस्ताव में अनुच्छेद 370 को बहाल करने की बात कही गई है। अनुच्छेद 370 पर वहीद पारा के प्रस्ताव के बाद विधानसभा में हंगामा शुरू हो गया, जिसका भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायकों ने कड़ा विरोध किया। भाजपा ने पारा की टिप्पणियों को हटाने की मांग की और उन पर विधानसभा के नियमों का उल्लंघन करने का आरोप लगाया। जिसके बाद विधानसभा अध्यक्ष ने भाजपा सदस्यों को शांत कराते हुए कहा कि, यह मेरा अधिकार क्षेत्र है, मुझे इसकी जांच करने दीजिए और उसके अनुसार मैं प्रस्ताव पर फैसला लूंगा। इस बीच पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने प्रस्ताव लाने के लिए वहीद पारा को बधाई दी है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, मुझे वहीद पारा पर गर्व है, जिन्होंने जम्मू-कश्मीर विधानसभा में अनुच्छेद 370 को हटाने का विरोध करते हुए प्रस्ताव पेश किया और विशेष दर्जा बहाल करने का संकल्प लिया। भगवान आपका भला करें। अनुच्छेद 370 पर प्रस्ताव पर टिप्पणी करते हुए मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा, इसका कोई महत्व नहीं है और इसे बिना उचित परामर्श के केवल कैमरों के लिए लाया गया था। वास्तविकता यह है कि जम्मू-कश्मीर के लोग 5 अगस्त 2019 को लिए गए निर्णय को स्वीकार नहीं करते हैं। अगर उन्होंने इसे स्वीकार किया होता तो चुनावी परिणाम अलग होते। सदन इस पर कैसे विचार करेगा और इस पर चर्चा कैसे करेगा, यह कोई एक सदस्य तय नहीं करेगा। विधानसभा में लाया गया यह प्रस्ताव कोई महत्व नहीं रखता, बल्कि यह सिर्फ कैमरों के नजर में आने के लिए है। अगर इसके पीछे कोई उद्देश्य होता तो वे हमसे पहले इस पर चर्चा करते।

## आर्थिक स्तर पर विफल मोदी देश को बरगला रहे हैं: खरगे

नई दिल्ली/ एजेंसी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सीधा हमला करते हुए आज कहा कि वह आंकड़ों का फजीर्वाड़ा करने में माहिर हैं, देश की अर्थव्यवस्था हर स्तर पर गिरी है, लेकिन इस विसफलता को लेकर वह देश की जनता को भरमा रहे हैं। श्री खरगे ने कहा, श्री नरेन्द्र मोदी जी नकली आख्यान वास्तविक कल्याण का विकल्प नहीं हो सकते। आम नागरिकों का पैसा लूटकर जो आर्थिक उथल पुथल आपने पैदा की है, उससे त्यौहारी खुशी कम हुई, उच्च मुद्रास्फीति से असमानता बढ़ी, कम निवेश हुआ और स्थिरता से जूझ रही अर्थव्यवस्था का निरुत्साहित रही। आपकी सरकार गरीबों और मध्यम वर्ग पर कमरतोड़ महंगाई थोपकर और बिना सोचे-समझे कराधान के माध्यम से उनकी बचत को खत्म करके उन्हें बड़ा झटका दे रही है। उन्होंने कहा, आपकी सरकार के जनविरोधी निर्विवाद पांच तथ्य हैं, जिनमें सबसे बड़ा मुद्दा महगाई है।

**विमान क्रैश** दोनों पायलट दुर्घटनास्थल से करीब तीन किलोमीटर की दूरी पर सुरक्षित उतर गए .......

# आगरा में वायुसेना का मिग-29 क्रैश, खेत में गिरे विमान में लगी आग

आगरा, एजेंसी

उत्तर प्रदेश के आगरा जिले में सोमवार को वायुसेना का मिग-29 विमान खेतों में क्रैश हो गया। जिले के कागारौल क्षेत्र में बघा सोनिगा गांव से तीन किलोमीटर दूर खेतों विमान के गिरते ही आग लग गई। विमान के क्रैश होने से पायले उसके पायलट और को पायलट पैराशूट के मदद से विमान से निकल गए। बताया गया कि ग्वालियर से विमान ने उड़ान भरी थी। आगरा में वायुसेना का मिग-29 क्रैश, खेत में गिरे विमान में लगी आग। उत्तर प्रदेश के आगरा जिले में सोमवार को वायुसेना का मिग-29 विमान खेतों में क्रैश हो गया। जिले



के कागारौल क्षेत्र में बघा सोनिगा गांव से तीन किलोमीटर दूर खेतों विमान के गिरते ही आग लग गई। विमान के क्रैश होने से पायले उसके पायलट और को पायलट पैराशूट के मदद से विमान से निकल गए। बताया गया कि ग्वालियर में वायुसेना की एक्सरसाइज चल रही है, वहीं से विमान ने उड़ान भरी थी। मिली जानकारी के मुताबिक, ग्वालियर एयरबेस से उड़ान भरने के बाद वायुसेना का मिग-29 विमान सोमवार शाम कागारौल क्षेत्र में क्रैश हो गया। विमान क्रैश होने पर दोनों चालक पैराशूट से सुरक्षित उतर गए। उनसे करीब तीन किलोमीटर दूर गांव के बाहर खेतों में विमान गिरा, जिसमें धमाके के साथ आग लग गई। घटना सोमवार शाम चार बजे की है। कागरौल के गांव बघा सोनगा के लोगों ने सोमवार शाम को वायुसेना का विमान खेतों में गिरता हुआ दिखा। आसपास के गांवों के सैकड़ों लोग वहां पहुंच गए। तब तक विमान से लपटें उठने लगीं। ग्रामीणों ने दो पायलट को पैराशूट से उतरते हुए भी देखा। ग्रामीणों का कहना है कि दोनों पायलट दुर्घटनास्थल से करीब तीन किलोमीटर की दूरी पर सुरक्षित उतर गए हैं। वायु सेना की टीम मौके पर पहुंच रही है। भारतीय वायुसेना की ओर से जारी बयान में बताया गया कि भारतीय वायुसेना का एक मिग-29 विमान आज आगरा के पास एक नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान सिस्टम में खराबी आने के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो गया। पायलट ने विमान को सुरक्षित तरीके से बाहर निकलने से पहले यह सुनिश्चित करने के लिए कि जमीन पर जान-माल को कोई नुकसान न पहुंचे, विमान को नियंत्रित किया। दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए भारतीय वायुसेना ने जांच के आदेश दिए हैं।

## जयशंकर ने ब्रिस्बेन में नए भारतीय वाणिज्य दूतावास का किया उद्घाटन

ब्रिस्बेन/नई दिल्ली, एजेंसी

ब्रिस्बेन/नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को ऑस्ट्रेलिया के ब्रिस्बेन में नए भारतीय वाणिज्य दूतावास का औपचारिक उद्घाटन करते हुए कहा कि यह क्वींसलैंड राज्य के साथ भारत के संबंधों को मजबूत करने, व्यापार को बढ़ावा देने, शैक्षिक संबंधों को बढ़ावा देने और प्रवासी समुदाय की सेवा करने में योगदान देगा। श्री जयशंकर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, आज ब्रिस्बेन में भारत के नए महावाणिज्य दूतावास का औपचारिक उद्घाटन करते हुए प्रसन्नता हुई। यह क्वींसलैंड राज्य के साथ भारत के संबंधों को मजबूत करने, व्यापार को बढ़ावा देने, शैक्षिक संबंधों को बढ़ावा देने और प्रवासी समुदाय की सेवा करने में योगदान देगा। उन्होंने कहा, उद्घाटन समारोह में शामिल होने के लिए क्वींसलैंड की गवर्नर डॉ. जीनेट यंग और मंत्रियों रोस बेट्स और फियोना सिम्पसन को धन्यवाद।बाद में श्री जयशंकर ने क्वींसलैंड की गवर्नर जीनेट यंग के साथ बैठक की और भारत के साथ आर्थिक तथा व्यापारिक सहयोग को मजबूत करने को लेकर चर्चा की। उन्होंने कहा, आज ब्रिस्बेन में क्वींसलैंड की गवर्नर डॉ. जीनेट यंग से मिलकर प्रसन्नता हुई। क्वींसलैंड राज्य के साथ आर्थिक, व्यापारिक और निवेश सहयोग को मजबूत करने के अवसरों तथा तरीकों पर चर्चा की। इस दौरान विदेश मंत्री ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि भी अर्पित की। उन्होंने एक्स पर कहा, आज सुबह ब्रिस्बेन के रोमा स्ट्रीट पार्कलैंड्स में महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की। शांति और सद्भाव का उनका संदेश दुनिया भर में गूंजता है।

## संक्षिप्त समाचार

### छेड़खानी व मारपीट के आरोप में मुकदमा दर्ज

**देहरादून, एजेंसी।** थाना मुनि की रेती पुलिस ने तीन नामजद व दो अज्ञात के खिलाफ मारपीट व गाली गलौज के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। इस संबंध में एक रेस्टोरेंट की महिला संचालक ने शिकायत दर्ज कराई थी। प्रभारी निरीक्षक थाना मुनि की रेती रितेश साह ने बताया कि गंगा वाटिका मुनि की रेती निवासी स्वागता कृष्णन ने शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में कृष्णन ने बताया कि दीपावली की रात बृहस्पतिवार को रेस्टोरेंट से अपनी बहन के साथ घर जा रही थी। इसी दौरान लक्ष्मण झूला के समीप अंजुमन, गंगा, बलराम शर्मा व एक महिला तथा दो अज्ञात व्यक्तियों ने उनके साथ गाली गलौज, मारपीट व छेड़खानी की और जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक साह ने बताया कि महिला की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### कर्मचारियों की कमी से जूझ रहा नारी निकेतन, बाल सुधार गृह व शिशु सदन

**देहरादून, एजेंसी।** नारी निकेतन, बाल सुधार गृह व शिशु सदन में कर्मचारियों की कमी के कारण काफी समस्याएं आ रही हैं। पिछले दिनों डीएम सविन बंसल के निरीक्षण में भी कर्मचारियों की कमी का मुद्दा उठा। बताया गया कि कई आउटसोर्स कर्मचारी छोड़कर जा चुके हैं। इनके स्थान पर कोई नया कर्मचारी नहीं आया, इस कारण समस्या आ रही है। पिछले दिनों डीएम सविन बंसल ने नारी निकेतन, बाल सुधार गृह व शिशु सदन का निरीक्षण किया। इस दौरान कर्मचारियों ने अपनी समस्याएं भी रखीं। बताया कि नारी निकेतन में कई कर्मचारी नौकरी छोड़ गए, इस कारण अव्यवस्था हो रही है। डीएम ने जल्द कर्मचारियों की कमी दूर करने का भरोसा दिलाया। पड़ताल करने पर मालूम चला कि तीनों संस्थानों में कुल 55 का स्टाफ कार्यरत है। इसमें स्थायी कर्मचारियों के अलावा आउटसोर्स कर्मचारी भी शामिल हैं। डीएम सविन बंसल ने बताया कि कर्मचारियों की कमी को दूर करने का प्रयास किया जाएगा।

### 15 लाख की स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

**हरिद्वार, एजेंसी।** श्यामपुर थाना क्षेत्र में पुलिस और एएनटीएफ की टीम ने उत्तर प्रदेश बरेली के एक तस्कर को स्मैक के साथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से 50 ग्राम स्मैक बरामद हुई है, जिसकी बाजारी कीमत करीब 15 लाख रुपये आंकी गई है। एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। आरोपी पहले भी स्मैक तस्करी में जेल जा चुका है। पुलिस के अनुसार, रविवार को श्यामपुर एसओ नितेश शर्मा, एएनटीएफ (एंटी नार्कोटिक्स टास्क फोर्स) के एसआई रणजीत तोमर, चंडी चौकी प्रभारी विक्रम बिष्ट के साथ चेकिंग कर रहे थे। तभी मुखबिर से सूचना मिली कि बरेली से एक युवक स्मैक लेकर हरिद्वार की तरफ आ रहा है। इसके बाद तिरछा पुल के पास चेकिंग शुरू कर दी गई। तभी एक युवक के संदिग्ध प्रतीत होने पर उसे रुकने का इशारा किया तो वह भागने लगा। तब घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से स्मैक बरामद हुई। एसओ नितेश शर्मा ने बताया कि आरोपी ने पूछताछ में अपना नाम सलमान निवासी पंधेरा थाना फतेहगंज जनपद बरेली यूपी बताया। उसके पास से 50 ग्राम स्मैक मिली है, जिसकी कीमत करीब 15 लाख रुपये है। पहले भी स्मैक तस्करी में आरोपी जेल जा चुका है। स्मैक को बरेली से हरिद्वार लेकर आ रहा था। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

### दीपावली से चमका बाजार, 200 करोड़ का हुआ कारोबार

**हरिद्वार, एजेंसी।** दीपावली के त्योहार से धर्मनगरी के बाजार चमक उठे। धनतेरस, छोटी-बड़ी दीपावली और भैयादूज के लिए लोगों ने जमकर खरीदारी की। व्यापारियों के मुताबिक करीब 200 करोड़ से अधिक का कारोबार हुआ है। त्योहार पर कारोबार चलने से व्यापारियों के चेहरे भी खिल उठे हैं। दीपावली के चलते ज्वालापुर के कटहरा बाजार, गुरुद्वारा रोड, सराफा बाजार, रेलवे रोड, कनखल चौक बाजार, रानीपुर मोड़, शिवालिक नगर आदि बाजारों में ग्राहकों की खूब भीड़ उमड़ी।

# नैनीताल में अचानक छाई धुंध, दीवाली के बाद भारी संख्या में उमड़े सैलानी; बोटिंग करने वालों का लगा तांता

**नैनीताल, एजेंसी।**
सैलानियों का सैलाब दीवाली के बाद उमड़ने लगा है। रविवार को नगर के चारों ओर पर्यटक वाहनों की भरमार रही, पर्यटन स्थलों में पर्यटक भारी संख्या में पहुंचे हुए थे। अधिकांश होटल, गेस्ट हाउस व होम स्टे पैक रहे। नैनीझील में नौका विहार करने वाले सैलानियों का पूरे दिन तांता लगा रहा।

स्नोव्यू, राजभवन, चिड़ियाघर, हिमालय दर्शन व केव गार्डन में पूरे दिन भीड़ रही। नगर के समीपवर्ती पर्यटन स्थल खुर्पाताल, सरिताताल, पंगोट व कैंची धाम में भी सैलानियों की आमद काफी बढ़ चली है।

दोपहर बाद कई पर्यटक वापस भी लौटने लगे। जिससे रोडवेज स्टेशन में यात्रियों का तांता लगा रहा। बस में सीट पाने को पर्यटकों को खासी मशक्कत करनी पड़ी। पर्यटन कारोबारियों के मुताबिक जब तक महानगरों में वायु प्रदूषण चढ़ा रहेगा, तब तक सैलानियों की आमद बनी रहेगी।

सरोवर नगरी में रविवार को दोपहर बाद धुंध के साथ कोहरे ने दस्तक दी। वहीं दोपहर से पहले धूप में बैठना असहनीय हो गया था। लेकिन नगर में सुबह शाम की ठंड बनी हुई है। सुबह का मौसम देख प्रतीत हो रहा था कि



मौसम सुहावना बना रहेगा। चटक धूप इसकी गवाही दे रही थी, लेकिन दोपहर बाद धुंध के साथ छाए कोहरे ने मौसम का मिजाज ही बदल दिया।

शाम होते ही ठंड महसूस होने लगी। लोग गर्म ऊनी कपड़ों का सहारा लेने के लिए मजबूर हो गए। पंत पार्क, भोटिया बाजार, मालरोड व बड़ा बाजार में गर्म ऊनी कपड़ों की दुकानों में भारी भीड़ नजर आई। नगर में तेज धूप के चलते पारा 26 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। शरदकाल में यह पारा सामान्य से चार डिग्री अधिक रहा।

जीआइसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार नगर का न्यूनतम 13 डिग्री सेल्सियस रहा। आद्रता अधिकतम 68 व न्यूनतम 50 प्रतिशत दर्ज की गई।

रविवार को वापसी करने के साथ ही कैंची धाम जाने वाले पर्यटकों की खासी भीड़ रही। एक दिन पूर्व की स्थिति को देखते हुए सुबह से ही सेनेटोरियम नैनी बैंड बाईपास में पर्यटक वाहनों को पार्क करवाकर शटल सेवा से कैंची धाम भेजा गया। जिससे नैनीताल रोड में जोखिया तक कई किमी लंबा जाम लगा रहा।

वहीं शहर के भीतर दिनभर जाम की स्थिति बनी रही। पार्किंग स्थल फुल होने के कारण दिनभर पार्किंग की तलाश में पर्यटक वाहन रेंगते रहे।

## पानी के लिए तरसी ढाई हजार की आबादी, प्रदर्शन की चेतावनी

**देहरादून, एजेंसी।** जलसंस्थान की लापरवाही के चलते नवीन चकराता के चार गांवों के लोग बूंद-बूंद पानी के लिए तरस गए हैं। क्षेत्र में शुक्रवार से आपूर्ति बंद है। ग्रामीणों को एक किलोमीटर दूर जाकर पानी का इंतजाम करना पड़ रहा है। रविवार को नाराज ग्रामीणों ने प्रदर्शन की चेतावनी दी। तहसील क्षेत्र के ग्राम लांघा पोखरी, पुरोड़ी, रामताल गार्डन और माख्टी पोखरी की आबादी लगभग 2500 है। यहां पेयजल का अघोषित संकट खड़ा हो गया है। पेयजल आपूर्ति के लिए बनी लाइन सिजला खड्ड-पुरोड़ी छटऊ में क्षतिग्रस्त हो गया है। तीन दिन से क्षेत्र में पानी की आपूर्ति नहीं हो रही है। इससे ग्रामीणों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। पानी की जरूरत पूरा करने के लिए लोगों को एक किलोमीटर की दूरी तय कर हैंडपंप व एक प्राकृतिक स्रोत से पानी ढोकर लाना पड़ रहा है। क्षेत्र निवासी सालक राम जोशी, पूर्व प्रधान दिनेश चौहान, स्याणा अर्जुन दत्त जोशी, भाव सिंह रावत, पूरण जोशी, गंभीर चौहान और खजान रावत ने बताया कि पेयजल लाइन के क्षतिग्रस्त होने की सूचना जल संस्थान के अधिकारियों को दे दी गई थी, लेकिन अभी तक आपूर्ति को सुचारू नहीं कराया गया है। दीपावली के दिन चारों ओर उत्सव का माहौल था, लेकिन चारों गांव के लोग पानी की जुगत में लगे रहे। अंत में टैंकर मंगवाकर काम चलाना पड़ा।

## मसूरी के कई मार्गों पर स्ट्रीट लाइटें बंद, पसरा अंधेरा

**देहरादून, एजेंसी।** शहर के अधिकांश क्षेत्रों में स्ट्रीट लाइटें खराब हैं। इससे सड़कों पर अंधेरा पसरा हुआ है। ऐसे में स्थानीय लोगों के साथ ही पर्यटकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोग नगर पालिका प्रशासन से स्ट्रीट लाइटें ठीक कराने की मांग कर रहे हैं।

शिव कॉलोनी निवासी गुड़मोहन सिंह राणा ने बताया कि पिछले तीन माह से स्ट्रीट लाइटें बंद हैं। कई बार नगर पालिका में शिकायत कर चुके हैं, लेकिन कोई सुधार नहीं हुआ है। लंढौर निवासी निखिल अग्रवाल, मनोज अग्रवाल ने बताया कि बाजार में भित्ति चित्र की लाइटें महीनों से बंद हैं। मसूरी-देहरादून रोड पर भी जगह-जगह लाइटें खराब होने अंधेरा पसरा है। इसके अलावा कैमल बैक, बारलोगंज-भट्टा मार्ग पर भी कई स्ट्रीट लाइटें एक महीने से बंद पड़ी हैं। इससे लोगों को आवागमन में परेशानी उठानी पड़ रही है।

# पिछले एक दशक में यमुनोत्री में श्रद्धालुओं की संख्या कई गुना बढ़ी, लेकिन व्यवस्थाएं नहीं सुधरी

**बड़कोट(उत्तरकाशी) , एजेंसी।** चारधाम के पहले प्रमुख तीर्थ यमुनोत्री धाम के कपाट विशेष पूजा अर्चना के बाद रविवार को शीतकाल के लिए बंद कर दिए गए हैं। अब छह महीने शीतकाल में मां यमुना के दर्शन व पूजा अर्चना शीतकालीन प्रवास स्थल खरसाली गांव में किए जाएंगे। इस बार यमुनोत्री धाम की यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह दिखा।

पिछले एक दशक में यमुनोत्री धाम में श्रद्धालुओं की आमद कई गुना बढ़ी है, लेकिन इस अनुपात में यात्रा व्यवस्थाएं नहीं बढ़ पाई। हालांकि धाम के नाम पर विकास योजनाएं भी स्वीकृत हुई हैं, लेकिन कोई योजना अब तक धरातल पर नहीं उतर पाई है। आलम यह है कि डेढ़ दशक पहले स्वीकृत रोपवे परियोजना भी धरातल पर नहीं उतर पाई है।

यमुनोत्री धाम में इस बार 7.14 लाख श्रद्धालु पहुंचे, जबकि पिछले साल यहां 7.35 लाख श्रद्धालु पहुंचे थे। हालांकि पिछले साल यात्रा काल 208 दिन की थी, जबकि इस साल यह मात्र 177 दिन की थी। पिछले एक दशक में यमुनोत्री धाम में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में कई गुना वृद्धि हुई हैं।



वर्ष 2011 में जहां यमुनोत्री धाम में 467502 श्रद्धालु पहुंचे थे। वहीं, वर्ष 2014 में 38221 और वर्ष 2016 में 160524 श्रद्धालु पहुंचे थे। जबकि गत वर्ष 2023 में यमुनोत्री धाम में 735245 और इस साल रविवार तक कुल 714755 श्रद्धालु ही पहुंचे।

यमुनोत्री धाम में पिछले एक दशक में श्रद्धालुओं की आमद में बढ़ोतरी हुई है, लेकिन धाम में सरकारी सिस्टम की उपेक्षा के चलते जानकीचट्टी यमुनोत्री पैदल मार्ग आज भी बदहाल है। जबकि यहां सरकारी सिस्टम ने व्यवस्था सुधारने के नाम पर करोड़ों का बजट खर्च कर दिया है। बावजूद इसके यमुनोत्री धाम में व्यवस्थाएं नहीं सुधर पाई है।

गत जुलाई में आई आपदा से धाम में काफी नुकसान हुआ। सुरक्षात्मक कार्य के नाम पर लाखों की लागत से वायरक्रेट लगाए गए, जिनकी गुणवत्ता का आलम यह है कि कुछ दिनों में वायरक्रेट कटाव की जद में आ गए थे। इधर, पुरोहित महासभा अध्यक्ष पुरुषोत्तम उनियाल, पूर्व पंच पंडा समिति के अध्यक्ष मनमोहन उनियाल, मंदिर समिति के पूर्व उपाध्यक्ष रहे सुभाष चन्द्र उनियाल ने कहा कि धाम में जगह पर्याप्त है, जरूरत है कि विकास कार्यों को गति दी जाए। गत माह धाम में आई आपदा के बाद हुए आधे-अधूरे सुरक्षा इंतजाम कार्य अगले मानसून सीजन में खतरनाक साबित हो सकते हैं। उन्होंने शासन-प्रशासन से यमुनोत्री धाम का मास्टर प्लान तैयार कर मास्टर प्लान अनुरूप विकास किया जाएं।

## अब अंतरिक्ष में आतिशबाजी की शुरुआत, आप भी देख सकते हैं नजारा, इस महीने चांद भी चौंकाएगा

**नैनीताल, एजेंसी।**
इसका नजारा चार नवंबर की रात से देखा जा सकता है। सोमवार की रात टॉरिड्स उल्का बौछार अपने चरम पर उल्कापात के शानदार नजारे प्रस्तुत करेगी।

दीपावली के बाद अब अंतरिक्ष में आतिशबाजी शुरू हो गई है। इसका नजारा चार नवंबर की रात से देखा जा सकता है। सोमवार की रात टॉरिड्स उल्का बौछार अपने चरम पर उल्कापात के शानदार नजारे प्रस्तुत करेगी। इसी माह 17 नवंबर को भी लियोनिड्स उल्कापात चरम पर रहेगा। नवंबर में अंतरिक्ष में तमाम आकर्षक घटनाएं होने जा रही हैं।

15 नवंबर को पूर्णिमा पर वर्ष का अंतिम सुपरमून नजर आएगा। पृथ्वी और चांद की अधिकतम दूरी लगभग चार लाख छह हजार किमी के मुकाबले इस रात चांद 45000 किमी निकट आकर लगभग 4 लाख 61 हजार किमी की दूरी पर नजर आएगा जो सामान्य से 8 प्रतिशत बड़ा और 14 प्रतिशत ज्यादा चमकीला होगा।

16 नवंबर को सूर्यास्त के तुरंत बाद मर्करी यानी बुध ग्रह पश्चिमी आकाश में क्षितिज के ऊपर अपने उच्चतम बिंदु पर पहुंचकर बहुत चमकीला और नजदीक नजर आएगा। इस शाम इसे अधिक समय तक देखा जा सकेगा।

पृथ्वी और यूरेनस के बीच की अधिकतम दूरी 3 अरब 20 करोड़ किलोमीटर होती है जबकि 17 नवंबर को यह 60 करोड़ किमी निकट आकर 2 अरब 60 करोड़ किलोमीटर की दूरी पर नजर आएगा। इस रात यह नीला, हरा ग्रह पृथ्वी के सबसे करीब और सूर्य के प्रकाश से पूरी तरह से प्रकाशित होगा। इसे देखने का यह वर्ष का सर्वोत्तम समय होगा।

## पांच राज्यों के खिलाड़ी दून में सीख रहे निशानेबाजी के गुर

**देहरादून, एजेंसी।** गुरु द्रोणाचार्य की तपस्थली देहरादून में न सिर्फ उत्तराखंड बल्कि देश के पांच राज्यों के खिलाड़ी निशानेबाजी के गुर सीख रहे हैं। इन सभी खिलाड़ियों का सपना ओलंपिक में देश के लिए स्वर्ण पदक जीतना है। पेरिस ओलंपिक में पदक विजेता मनु भाकर ने भी राजधानी दून में निशानेबाजी के गुर सीखे हैं। पदक दिलाने वाली पहली महिला एथलीट बन इतिहास रचने वालीं मनु प्रशिक्षण के लिए अक्सर दून आती थीं। गोल्डन बॉय जसपाल राणा मनु के व्यक्तिगत कोच हैं। मनु ने ओलंपिक की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर देश को गौरवान्वित किया था। पौंधा स्थित जसपाल राणा निशानेबाजी संस्थान के कोच रोहित ने बताया, वर्तमान में उत्तराखंड समेत हरियाणा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली और उत्तरप्रदेश के करीब 150 खिलाड़ी निशानेबाजी का प्रशिक्षण ले रहे हैं।

## योग के केंद्र बनाने के लिए सरकार देगी प्रोत्साहन राशि, प्रदेश में पहली बार बन रही योग नीति

**देहरादून, एजेंसी।**
उत्तराखंड में पहली बार योग नीति बनाई जा रही है। योग नीति को धरातल पर उतारने के लिए शासन स्तर पर गहन मंथन चल रहा है।

उत्तराखंड में योग को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार योग केंद्र खोलने के लिए प्रोत्साहन राशि देगी। प्रदेश में पहली बार बन रही योग नीति में 20 लाख रुपये तक प्रोत्साहन राशि का प्रावधान किया जा रहा है। इसके अलावा केंद्र सरकार के योग सर्टिफिकेशन बोर्ड से विभिन्न योग कोर्स करने पर फीस की प्रतिपूर्ति की जाएगी।

प्रदेश सरकार ने आयुष क्षेत्र में निवेश बढ़ाने के लिए बीते वर्ष आयुष नीति को मंजूरी दी थी। अब योग नीति को धरातल पर उतारने के लिए शासन स्तर पर गहन मंथन चल रहा है। 12 से 15 दिसंबर को उत्तराखंड में अंतरराष्ट्रीय आयुर्वेद सम्मेलन का आयोजन किया जाना है।

इससे पहले योग नीति को मंजूरी मिल सकती है। आयुर्वेद विभाग की ओर से भेजे गए योग नीति का शासन स्तर पर प्रस्ताव का परीक्षण किया जा रहा है। वित्त विभाग की



अनुमति के बाद नीति को कैबिनेट में रखा जाएगा।

इस नीति में योग केंद्र को बढ़ावा देने के लिए 20 लाख तक प्रोत्साहन राशि का प्रावधान किया जा रहा है। केंद्र सरकार के योग सर्टिफिकेशन बोर्ड की ओर से योग के अलग-अलग कोर्स कराए जाते हैं। बोर्ड से कोर्स करने पर फीस की प्रतिपूर्ति की व्यवस्था नीति में की जा रही है।

## आग लाया हूं, रंग लाया हूं, गीत गाती उमंग लाया हूं

**देहरादून, एजेंसी।** दीपावली के उपलक्ष्य में आयोजित नवोदित प्रवाह कवि गोष्ठी में सुप्रसिद्ध कवियों ने अपनी कविता व गीतों की प्रस्तुति से जमकर रंग जमाया। पंडितवाड़ी में आयोजित गोष्ठी में देश के लब्धप्रतिष्ठ गीतकार डॉ. बुद्धिनाथ मिश्र ने अपनी कविता आग लाया हूं, रंग लाया हूं, गीत गाती उमंग लाया हूं... की प्रस्तुति से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने अपने गीत तुम बदले संबोधन बदले, लेकिन मन की बात वही है, जाने क्यों मौसम के पीछे दिन बदले पर रात वही है... की प्रस्तुति से समा बांध दिया।

## औद्योगिक क्षेत्र को बिना किसी बाधा के सीधे मिलेगी बिजली

**देहरादून, एजेंसी।** ऊर्जा निगम ने सेलाकुई औद्योगिक क्षेत्र के लिए अलग से 220 केवीए का बिजली घर बनाने की कवायद शुरू कर दी है। नवनिर्मित बिजली घर से बिना किसी बाधा के सीधे आपूर्ति मिलेगी। औद्योगिक संगठन लंबे समय से अलग से बिजली घर बनाने की मांग कर रहे थे।

सेलाकुई में स्थापित ढाई सौ से अधिक औद्योगिक इकाइयों को एक बिजली घर व 33 केवीए की एक लाइन से आपूर्ति मिलती है। इससे आए दिन तकनीकी समस्या उत्पन्न होती थी। बिजली गुल रहने से आबादी से लेकर उद्योगों तक व्यापक स्तर पर नुकसान होता है। बिजली की इन्हीं अव्यवस्थाओं के कारण उद्योगों के लिए अलग से बिजली घर बनाने की मांग औद्योगिक संगठन कर रहे थे। जुलाई में प्रदेश सरकार ने नया बिजली घर बनाने की स्वीकृति प्रदान कर दी थी। नवनिर्मित बिजली घर बनाने के लिए आवश्यक टेंडर प्रक्रिया पूरी हो गई है। झाझरा स्थित बिजली घर से सटी भूमि पर निर्माण का कार्य प्रारंभ हो चुका है। उद्योगपति महेश शर्मा, जितेंद्र कुमार और संजय सकारिया का कहना है नया बिजली घर बन जाने से उन्हें निर्बाध आपूर्ति मिल सकेगी। मौजूदा समय में बार-बार हो रही बिजली कटौती से राहत मिलेगी। उद्योगों को भी फायदा होगा।

# उत्तराखंड में शिक्षा विभाग के 1096 प्रवक्ताओं की वरिष्ठता सूची रद, लोक सेवा अभिकरण का महत्वपूर्ण फैसला

**नैनीताल, एजेंसी।**
उत्तराखंड लोक सेवा अभिकरण ने माध्यमिक शिक्षा विभाग में 2012 में जारी 1096 प्रवक्ता पदों पर नियुक्त शिक्षकों की वरिष्ठता सूची को नियम विरुद्ध करार देते हुए निरस्त कर दिया है। अभिकरण ने विभाग को उत्तराखंड राज्य लोक सेवा आयोग की ओर से जारी कम्बाइंड मैरिट सूची के आधार पर नए सिरे से वरिष्ठता सूची तैयार करने के आदेश पारित किए हैं। ट्रिब्यूनल ने 2018 में माध्यमिक शिक्षा विभाग की ओर से वरिष्ठता निर्धारण को लेकर दिए गए प्रत्यावेदन को खारिज करने का निर्णय भी निरस्त कर दिया है। अभिकरण के आदेश के बाद



500 से अधिक प्रवक्ताओं के वरिष्ठता क्रमांक बदल जायेगा और कम्बाइंड मैरिट सूची में ऊपर के शिक्षकों की पहले पदोन्नति का रास्ता साफ हो गया है। उत्तराखंड राज्य लोक सेवा आयोग की ओर से पांच अक्टूबर 2003 को 18 विषयों के पदों के लिए विज्ञापन जारी किया गया। स्क्रीनिंग के बाद आयोग की ओर से विभिन्न विषयों की चयन सूची जारी की। इसमें सबसे पहले अंग्रेजी, भौतिकी व सबसे अंत में जीव विज्ञान विषय के चयनित प्रवक्ताओं की अंतिम चयन सूची जारी की। विभाग की ओर से नवंबर 2005 में अंग्रेजी जबकि जुलाई 2006 में जीव विज्ञान के प्रवक्ताओं की सूची जारी की। 2009 में आयोग की ओर से चयनित प्रवक्ताओं की कम्बाइंड मैरिट सूची जारी की गई।

# मोतियों की खेती से दमकेगी पहाड़ के किसानों की जिंदगी

### विभाग ने 50 काश्तकारों का किया चयन

**नैनीताल, एजेंसी।**
मोती की खेती के जरिये भीमताल, रामगनर और कोटाबाग के किसान अब अपनी आजीविका बढ़ा सकेंगे। मत्स्य पालन विभाग जिले के भीमताल, कोटाबाग और रामनगर में मोती की खेती कराने की तैयारी कर रहा है।

मोती की खेती के जरिये भीमताल, रामगनर और कोटाबाग के किसान अब अपनी आजीविका बढ़ा सकेंगे। मत्स्य पालन विभाग जिले के भीमताल, कोटाबाग और रामनगर में मोती की खेती कराने की तैयारी कर रहा है। इसके लिए विभाग ने 50



किसानों का चयन किया है। चयनित किसानों को 15 नवंबर के बाद भीमताल में मोती की खेती का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके बाद उक्त किसान मोती की खेती कर सकेंगे।

मत्स्य पालन विभाग की ओर से 25 वर्गमीटर में मोती की खेती कराई जाएगी। इसके लिए भीमताल में मत्स्य विभाग के मत्स्य फार्म में मोती की खेती के अलावा रामनगर और कोटाबाग में की जाएगी। इसके लिए विभाग किसानों को मोती के सीपी निशुल्क वितरित करेगा।

मोती की खेती तैयार होने पर अनुमानित डेढ़ साल का समय लगता है। डेढ़ साल के अंदर खेती तैयार हो जाती है। उसके बाद किसान मोती को 500 रुपये से अधिक दामों पर बेच सकता है।

मोती की खेती करने के शौकीन किसानों को मत्स्य विभाग में आवेदन करना होगा। किसानों को खाता खतौनी, आधार कार्ड, दो फोटो और बैंक की डिटेल विभाग को देनी होगी। इसके बाद विभाग की ओर से खेती कराने का प्रशिक्षण देने के साथ निशुल्क सीप दिए जाएंगे।

विभाग की ओर से उत्तर प्रदेश के चित्रकूट से मोती के सीपी लाए जाएंगे। इसके बाद उन मोती के सीपी किसानों को दिए जाएंगे, जिससे किसान मोती की खेती कर सके।

मत्स्य विभाग की ओर से 25 वर्गमीटर से मोती की खेती कराई जाएगी। 25 वर्गमीटर में मोती की खेती से किसान की 25 हजार से 30 हजार रुपये की आमदनी हो सकती है। मोती तैयार होने पर विभाग की मदद से किसानों के लिए एक बाजार तैयार कराई जाएगी। साथ ही सैलानियों को भी मोती बेचकर किसानों की आजीविका को बढ़ाया जा सकेगा। जिले में अगर मोती का उत्पादन सफल हुआ तो विभाग की ओर से इसका उत्पादन जिले में स्तर में और बढ़ाया जाएगा।

मत्स्य पालन विभाग पहली बार भीमताल, कोटाबाग और रामनगर में मोती की खेती कराने जा रहा है। इसके लिए जल्द किसानों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। मोती की खेती से किसान अपनी आजीविका बढ़ा सकता है। इसके लिए विभाग की किसान पूरी मदद करेगा।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
नई दिल्ली, मंगलवार, 05 नवंबर, 2024




# दिल्ली भर में धूमधाम से छठ महापर्व का आयोजन करवा रही है आप सरकार : मुख्यमंत्री आतिशी

## मुख्यमंत्री आतिशी ने आईटीओ स्थित छठ घाट का अधिकारियों का साथ किया निरीक्षण

● अरविंद केजरीवाल जी के मार्गदर्शन में अब दिल्ली सरकार द्वारा 1000 से अधिक घाटों पर धूमधाम से मनाया जाता है छठ महापर्व-सीएम आतिशी



**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**

हर साल की तरह इस साल भी दिल्ली में भव्यता के साथ छठ महापर्व का आयोजन हो सके इस दिशा में आप सरकार के सभी संबंधित विभाग युद्धस्तर पर काम कर रहे है। इस श्रृंखला में मुख्यमंत्री आतिशी ने सोमवार को ग्राउंड जीरो पर उतरकर आईटीओ स्थित छठ घाट का दौरा किया और वहाँ चल रही तैयारियों का जायजा लिया। इस मौके पर मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि, दिल्ली में छठ महापर्व की तैयारियों में कोई कमी न रहे, इस दिशा में दिल्ली सरकार के सभी मंत्री, विधायक और विभाग शहर भर में छठ घाटों का निरीक्षण कर रहे है। सीएम आतिशी ने कहा कि, छठ का त्यौहार पूर्वांचली भाइयों-बहनों के लिए सबसे महत्वपूर्ण त्यौहार है। छठी मइयाँ के साथ पूर्वांचली भाइयों-बहनों के साथ-साथ सभी दिल्लीवालों की आस्था भी जुड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि, दिल्ली में जब से अरविंद केजरीवाल जी की सरकार बनी है, तब से दिल्ली में छठ महापर्व को जो सम्मान दिया गया है वो पहले किसी सरकार ने नहीं दिया। 2014 तक पूरी दिल्ली में मात्र 60 जगहों पर दिल्ली सरकार द्वारा छठ घाटों का निर्माण होता था। लेकिन अब अरविंद केजरीवाल जी के मार्गदर्शन में दिल्ली भर में 1000 से ज्यादा स्थानों पर दिल्ली सरकार द्वारा शानदार छठ घाट बनाये जाते है। जहाँ पूरा इंतजाम दिल्ली सरकार द्वारा देखा जाता है। सीएम आतिशी ने कहा कि, आज मैं आईटीओ स्थित इस छठ घाट पर तैयारियों का निरीक्षण करने आई हूँ। उन्होंने कहा कि,ये छठ घाट दिल्ली के सबसे महत्वपूर्ण छठ घाटों में से एक है जहाँ, लाखों श्रद्धालु छठी मइयाँ की पूजा के लिए आते है।

सीएम आतिशी ने कहा कि इस क्रम में सारे विधायक और मंत्री भी लगातार सभी छठ घाट का निरीक्षण कर रहे है। हम उम्मीद करते है कि छठी मइयाँ का आशीर्वाद सभी दिल्ली वालों पर बना रहे। बता दे कि, दिल्ली सरकार द्वारा शहर भर में 1000 से ज्यादा घाट तैयार किए गए है ताकि दिल्ली में किसी भी व्यक्ति को छठ का त्यौहार मनाने के लिए अपने घर से दूर न जाना पड़े। इस घाटों पर तालाब बनाने से लेकर यहाँ टेंट, लाइट्स, साफ-सफाई, सुरक्षा आदि सभी चीजों का इंतजाम दिल्ली सरकार द्वारा किया जा रहा है।

साथ ही बहुत से घाटों पर मैथली-भोजपुरी अकादमी द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। ताकि श्रद्धालु खुशी, सुकून और उल्लास के साथ आस्था के महापर्व छठ को मना सके।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि, तेजी के साथ सभी छठ घाट तैयार किए जाए ताकि आखिरी दिन के लिए कोई काम न बचे और श्रद्धालुओं को कोई परेशानी का सामना न करना पड़े।

# यमुना में फेकल कोलीफॉर्म की मात्रा पिछले साल की तुलना में 10 गुना बढ़ी, स्थिति गंभीर

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**



ऐतिहासिक और सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण यमुना नदी अब गंभीर प्रदूषण स्तरों का सामना कर रही है। हाल ही में किए गए एक अध्ययन के अनुसार, यमुना में फेकल कोलीफॉर्म बैक्टीरिया की मात्रा पिछले साल की तुलना में 10 गुना बढ़ गई है। यह बैक्टीरिया मानव और पशु अपशिष्ट के प्रदूषण का स्पष्ट संकेत है।

फेकल कोलीफॉर्म की बढ़ती मात्रा ने यमुना के पानी को विषैला और दुर्गंधयुक्त बना दिया है, जिससे सार्वजनिक स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए गंभीर चिंताएं उत्पन्न हो गई हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यह स्थिति जल प्रदूषण के साथ-साथ मानव स्वास्थ्य के लिए भी खतरनाक हो सकती है। इस संकट का एक प्रमुख कारण सीवेज उपचार संयंत्रों की प्रभावशीलता में कमी है। ये संयंत्र वेस्ट वाटर को प्रोसेस और शुद्ध करने के लिए बनाए गए हैं, लेकिन कई सीवेज उपचार संयंत्र अपनी क्षमता से कम काम कर रहे हैं या आवश्यक उपचार मानकों को पूरा करने में असफल हैं।

इसके परिणामस्वरूप जैव रासायनिक ऑक्सीजन मांग के स्तर में वृद्धि होती है, जो पानी में जैविक सामग्री के विघटन के लिए आवश्यक ऑक्सीजन की मात्रा को दर्शाता है। जैव रासायनिक ऑक्सीजन मांग के उच्च स्तर अत्यधिक जैविक प्रदूषकों की उपस्थिति का संकेत देते हैं, जो पानी में ऑक्सीजन को कम कर सकते हैं और जलीय जीवन को खतरे में डाल सकते हैं।

हालांकि, पर्यावरणीय नियम कड़े हैं और अवैध अपशिष्ट के निपटान पर जुमार्ने लगाए जाते हैं, लेकिन इनका प्रभावी कार्यान्वयन कमजोर है। यह नियामक कमी यह सुनिश्चित करती है कि एक बड़ी मात्रा में बिना उपचारित सीवेज और औद्योगिक अपशिष्ट सीधे नदी में प्रवाहित होता रहे। इन चुनौतियों का उचित समाधान न करना यमुना के प्रदूषण की समस्या को बढ़ाता है, जिससे नदी की पारिस्थितिकी संकट में पड़ जाती है और उन लोगों के जीवन यापन को खतरे में है, जो पानी और कृषि के लिए इस पर निर्भर हैं।

## दीवाली के अवसर पर 25 करोड़ की शराब बिकी



नोएडा। जिले में दीवाली के अवसर पर शराब की भी जमकर बिक्री हुई। लोगों ने त्योहारी तीन दिनों में 25 करोड़ रुपये से अधिक की शराब खरीदी, जो पिछले वर्ष की तुलना में 25 प्रतिशत अधिक है। जिला आबकारी अधिकारी के अनुसार पूरे अक्तूबर में जिले के लोगों ने 250 करोड़ रुपये से अधिक शराब पर खर्च किए, जबकि पिछले साल यह आंकड़ा 204 करोड़ रुपये था। दीपावली पर 29 अक्तूबर से लेकर एक नवंबर के बीच 25 करोड़ रुपये की अंग्रेजी, देसी शराब और बियर की बिक्री हुई। पिछले वर्ष दीपावली की अवधि में 18 करोड़ रुपये की शराब बिकी थी। पिछले वर्ष अक्तूबर में 204 करोड़ रुपये की शराब बिक्री हुई थी, जबकि इस वर्ष 250 करोड़ रुपये से अधिक की शराब बिकी है। लोगों ने तोहफों में भी शराब की कीमती बोतलें दीं।

## संक्षिप्त खबरें

### ज्वेलर की दुकान में चोरी करने वाला पकड़ा

ग्रेटर नोएडा। दादरी पुलिस ने कस्बे में ज्वेलर की दुकान में चोरी करने वाले को गिरफ्तार किया। आरोपी ने एक वर्ष पहले गहनों की दो दुकानों और एक क्लीनिक में चोरी की थी। इसके बाद से वह फरार चल रहा था। पुलिस ने आरोपी के पास से 4200 बरामद किए। दादरी कोतवाली प्रभारी ने बताया कि आरोपी की पहचान बुलंदशहर निवासी सलमान के रूप में हुई है। पुलिस पूछताछ में सलमान ने बताया कि उसने अपने साथियों के साथ मिलकर वर्ष पहले कस्बे में एक क्लीनिक और दो ज्वेलर्स की दुकान में चोरी की थी। इस घटना के बाद वह फरार चल रहा था। पुलिस आरोपी के साथियों की तलाश में जुटी है। पुलिस के मुताबिक पकड़े गए आरोपी के खिलाफ जिले के विभिन्न थानों में दस से अधिक मुकदमे दर्ज हैं।

### कलाकार अपनी प्रस्तुति से समा बांधेंगे

नोएडा। छठ पूजा को लेकर ग्रेनो और ग्रेनो वेस्ट में घाट की सजावट का कार्य पूरा हो चुका है। महोत्सव के दौरान कलाकार अपनी प्रस्तुति से समा बांधेंगे। मंगलवार को नहाय खाय वाले दिन शाम 7 बजे से लिटिल चैम्प फेम पालक सिंह राजपूत और सुप्रसिद्ध गायक प्रभात पाण्डेय अपनी प्रस्तुति देंगे। 6 नवंबर को शाम 7 बजे से सुप्रसिद्ध गायक अमित कुमार मोनू, भावना और प्राची का कार्यक्रम होगा। नेफोवा छठ पूजा समिति के अध्यक्ष अभिषेक कुमार ने बताया कि मंगलवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रारंभ किए जाएंगे। कुछ मशहूर सिंगर को बुलाया गया है। गौर सिटी छठ पूजा समिति ने करीब 200 महिलाओं के घाट पर खड़े होने की व्यवस्था की है। अध्यक्ष संतोष चौरसिया ने बताया कि घाट को भव्य तोर पर सजाया जा रहा है। इसकी तैयारियां पूरी हो चुकी है।

### डेंगू के तीन और मरीज मिले

नोएडा। मलेरिया विभाग ने सोमवार को डेंगू के तीन नए मरीजों की पुष्टि की। तीनों मरीज घर में रहकर इलाज करवा रहे हैं। इनके घर और आसपास दवाओं का छिड़काव करा दिया गया है। जिले में अब कुल मरीजों की संख्या 453 हो गई है। वहीं, जिले में मलेरिया के मरीजों की संख्या 110 है। मलेरिया के मरीजों की संख्या पिछले साल के मुकाबले लगभग ढाई गुना अधिक है, लेकिन पिछले एक हफ्ते में महज दो मरीज ही मिले। जिले में चल रहा संचारी रोग अभियान भी खत्म हो गया है।

# ज्वेलबॉक्स ने दिल्ली में लॉन्च किया लैब-ग्रोन डायमंड ज्वैलरी स्टोर

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**

दिल्ली, भारत के अग्रणी लैब-ग्रोन डायमंड ज्वेलरी ब्रांड ज्वेलबॉक्स ने दिल्ली में अपने नए स्टोर के शुभारंभ की घोषणा की है, जो ए-90 सेंट्रल मार्केट, लाजपत नगर क्क, वीर सावरकर मार्ग, ग्राउंड फ्लोर पर स्थित है। यह लॉन्च पूरे भारत में व्यापक स्तर पर लोगों के लिए लग्जरी फाइन ज्वेलरी को सुलभ और सहज बनाने के ब्रांड के मिशन में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। नया स्टोर लैब-ग्रोन डायमंड ज्वेलरी का एक शानदार कलेक्शन प्रदान करता है, जिसमें टाइमलेस एलिगेंस के साथ इनोवेशन और एथिकल सोर्सिंग का मिश्रण है। ज्वेलबॉक्स ने हाल ही में शार्क टैंक इंडिया सीजन 3 पर ऑल शार्क डील हासिल करने के बाद राष्ट्रीय स्तर पर पहचान हासिल की। ज्वेलबॉक्स की सह-संस्थापक विदिता कोचर जैन ने कहा, हम ज्वेलबॉक्स अनुभव को दिल्ली में लाने के लिए उत्साहित हैं। ये नया स्टोर हमारे लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर हैं क्योंकि हम एक ऐसे शहर में विस्तार कर रहे हैं जो अपनी समृद्ध संस्कृति और बेहतरीन शिल्प कौशल के लिए जाना जाता है। हम दिल्ली के लोगों को आसानी से अपनाई जा सकने वाली लग्जरी की अपनी अनूठी पेशकश पेश करने को लेकर उत्सुक हैं। दिल्ली स्टोर में ज्वेलबॉक्स के प्रोडक्ट्स की पूरी रेंज होगी, जिसमें रोजमर्रा के पहनने से लेकर खास मौकों पर इस्तेमाल किए जाने वाले प्रोडक्ट शामिल होंगे। इनकी कीमत 5,000 से लेकर 5,00,000 तक होगी। हर प्रोडक्ट को बारीकी से तैयार किया जाता है और आईजीएल और एसजीएल जैसी अंतरराष्ट्रीय जेमोलॉजिकल लैब्स ने प्रमाणित किया है, ताकि ग्राहकों को उच्चतम गुणवत्ता वाले उत्पाद मिलें। दिल्ली स्टोर लॉन्च एक विशेष लॉन्च इवेंट है, जिसमें ज्वेलबॉक्स के नवीनतम कलेक्शन प्रदर्शित किए जाएंगे और आगंतुकों को शिल्प कौशल और स्थिरता के लिए ब्रांड की प्रतिबद्धता का प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान किया जाएगा। यह लॉन्च कई नियोजित विस्तारों में से पहला है, जिसके निकट भविष्य में और अधिक स्टोर खुलने की उम्मीद है। जैन ने कहा, ज्वेलबॉक्स में हमारे लैब-ग्रोन डायमंड ज्वेलरी प्रकृति की सुंदरता को उसके शुद्धतम रूप में दशार्ते हैं, अत्याधुनिक तकनीक का उपयोग करके ऐसे रत्न और ज्वेलरी बनाते हैं जो उत्तम और पर्यावरण के लिए जिम्मेदार दोनों हैं। ज्वेलबॉक्स का विस्तार केवल नए स्टोर खोलना नहीं है। यह लग्जरी क्षेत्र में अधिक जागरूकता के साथ इस्तेमाल की दिशा में एक आंदोलन को बढ़ावा देना है। ज्वेलबॉक्स को चुनकर ग्राहक ऐसे समुदाय में शामिल होते हैं जो सुंदरता, नैतिकता और स्थिरता को समान रूप से महत्व देता है।

ज्वेलबॉक्स के बारे में

मई 2022 में भाई-बहन विदिता कोचर जैन और निपुण कोचर द्वारा स्थापित, ज्वेलबॉक्स भारत का अग्रणी लैब-ग्रोन डायमंड ज्वेलरी ब्रांड है, जो कॉन्शियस लग्जरी की अवधारणा को आगे बढ़ाता है। कोलकाता में मुख्यालय वाला, ज्वेलबॉक्स विशेष रूप से लैब-ग्रोन डायमंड से बेहतरीन फाइन ज्वेलरी तैयार करता है, जिससे लग्जरी सुलभ और टिकाऊ दोनों बन जाती है। फिजिकल स्टोर और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म दोनों के साथ मल्टी-चैनल रिटेलर के रूप में काम करते हुए ज्वेलबॉक्स ने अपनी स्थापना के बाद से तेजी से विकास देखा है। कंपनी वर्तमान में तीन शहरों में पाँच स्टोर संचालित करती है और साल के अंत तक 20 और स्टोर लॉन्च करने की योजना बना रही है, जो मजबूत उपभोक्ता प्रतिध्वनि को दशार्ता है।

# ससुराल आए शख्स की साढ़ू ने गोली मारकर की हत्या

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**




सोनिया विहार में ससुराल में भैया दूज मनाने आए दो साढ़ू कारोबार को लेकर आपस में भिड़ गए। दोनों के बीच बात इतनी बढ़ गई कि एक साढ़ू ने दूसरे पर गोली चला दी। इस घटना में हेमंत (35) की मौत हो गई, उसके सिर व सीने के बाएं ओर एक-एक गोली लगी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपित अजय फरार हो गया। खजूरी खास थाना पुलिस ने हत्या समेत अन्य धाराओं में प्राथमिकी कर जांच शुरू कर दी है। आरोपित की तलाश की जा रही है। पुलिस के मुताबिक, रविवार शाम करीब 6.20 बजे सोनिया विहार पहला पुश्ता के ए-ब्लॉक में गोली चलने की सूचना मिली। पुलिस मौके पर पहुंची तो पता चला कि किराये पर रहने वाले बंटू के घर में वारदात हुई है। भैया दूज मनाने उसकी बहन रेखा पति अजय और चांदनी अपने पति हेमंत के साथ घर आई थी। अजय और हेमंत दोनों माला बनाने का काम करते हैं। बातचीत के दौरान हेमंत और अजय के बीच काम को लेकर बहस शुरू हो गई। दोनों ने एक-दूसरे पर ग्राहक तोड़ने का आरोप लगाते हुए हाथापाई कर दी।

इसी दौरान अजय ने पिस्टल निकाल कर हेमंत पर दो गोलियां चला दी। एक गोली उसके सिर में लगी और दूसरी सीने में। घायल अवस्था में हेमंत को जग प्रवेश चंद्र अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। नंद नगरी इलाके में युवती की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। मृतका पूजा (25) के बड़े भाई ने लिव इन पार्टनर पर गला घोंट कर हत्या करने का आरोप लगाया है। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस को बाथरूम में कपड़े का फंदा लटका हुआ मिला है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है, लेकिन आरोप पर जांच की जा रही है। लिव इन पार्टनर अनार सिंह से भी पूछताछ की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई के लिए कदम उठाया जाएगा। अभी इस मामले में प्राथमिकी नहीं हुई है। पुलिस के मुताबिक, पूजा का परिवार नंद नगरी के सी-ब्लाक में रहता है। कुछ साल पहले पूजा की शादी डबलू नाम के युवक से हुई थी, जिसकी बीमारी की वजह से मौत हो गई थी। वह चार महीने से नंद नगरी बी-पांच में रहने वाले ऑटो चालक अनार सिंह (35) के साथ लिव इन में रह रही थी। पूजा का छोटा भाई गोलू (19) भी उसी घर में रह रहा था। गोलू ने शनिवार शाम करीब छह बजे पूजा को बाथरूम में फंदे से लटका देखा। अनार और गोलू दोनों फंदे से उतार कर जीटीबी अस्पताल ले गए। वहां जांच करने के बाद डाक्टरों ने पूजा को मृत घोषित कर दिया। रविवार सुबह 11.00 बजे पूजा के बड़े भाई मुकेश कुमार ने पुलिस को काल कर घटना की जानकारी दी और आरोप लगाया कि लिव इन पार्टनर अनार सिंह ने उनकी बहन की हत्या कर दी है। घटनास्थल पर पुलिस टीम को बाथरूम में कपड़ का फंदा लटका हुआ मिला।

## हवा की कम गति के कारण दिल्ली में बढ़ रहा है वायु प्रदूषण

नई दिल्ली। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने सोमवार को कहा कि हवा की कम गति के कारण दिल्ली में वायु प्रदूषण बढ़ रहा है। दिल्ली में सोमवार सुबह धुंध की मोटी परत छाई रही, जिससे हवा की गुणवत्ता बहुत खराब श्रेणी के उच्च स्तर पर बनी रही। गोपाल राय ने कहा, मौसम विशेषज्ञों के अनुसार, तापमान में गिरावट के साथ शहर में हवा का दबाव कम है, जिसके कारण प्रदूषण का स्तर बढ़ रहा है। सरकार इस पर सक्रिय रूप से काम कर रही है।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के मुताबिक, राष्ट्रीय राजधानी का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) सुबह 9 बजे 373 रहा। आंकड़ों से पता चला कि राष्ट्रीय राजधानी के 39 निगरानी स्टेशनों में से 11 में प्रदूषण का स्तर गंभीर दर्ज किया गया, जिसमें वायु गुणवत्ता सूचकांक 400 से ऊपर था। शून्य और 50 के बीच एक एक्यूआई को अच्छा, 51 और 100 के बीच संतोषजनक, 101 और 200 के बीच मध्यम, 201 और 300 के बीच खराब, 301 और 400 के बीच बहुत खराब, 401 और 450 के बीच गंभीर और 450 से ऊपर गंभीर प्लस माना जाता है। विभिन्न एजेंसियों के साथ की जाएगी समीक्षा गोपाल राय ने कहा कि वह मंगलवार को शीतकालीन कार्य योजना के तहत विभिन्न विभागों और एजेंसियों द्वारा किए गए सभी मापों की समीक्षा करेंगे। पर्यावरण मंत्री ने यह भी उम्मीद जताई कि केंद्र प्रदूषण की समस्या को कम करने के लिए कृत्रिम बारिश के उपयोग के संबंध में एक बैठक बुलाएगा।

# स्योहारा शुगर मिल का वर्ष 2024- 25 के लिए गन्ना पेराई सत्र का शुभारंभ

● शुगर मिल में गन्ना डालने वाले किसानों को नही होने दी जाएगी कोई असुविधाः चौ. सुखवीर सिंह



**प्रात: किरण संवाददाता, नादिर त्यागी**



स्योहाराः बिरला ग्रुप की जानी मानी अवध शुगर मिल एंड एनर्जी लिमिटेड यूनिट स्योहारा का गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी हवन पूजन तथा पूरे विधि विधान और उत्साहपूर्वक वर्ष 2024--2025 के लिए गन्ना पेराई सत्र का शुभारंभ किया गया। हवन यज्ञ का आयोजन मिल परिसर में ही पंडित राकेश शर्मा और पंडित देवीदत्त ने यूनिट के अधिशासी अध्यक्ष चौधरी सुखवीर सिंह, अधिशासी,अधिशासी उपाध्यक्ष अशोक मित्तल, अधिशासी उपाध्यक्ष (वित्त एवं लेखा) मुकेश मिश्रा, अधिशासी उपाध्यक्ष (तकनीक) दिनेश चौहान अधिशासी उपाध्यक्ष (उत्पादन) वी.के. शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष (गन्ना मार्केटिंग ) प्रमोद कुमार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष( गन्ना डेवलपमेंट ) अरविंद कुमार महाप्रबंधक, जे.के. सिंह डिस्लेरी हेड, एच. आर. विवेक श्रीवास्तव , राजेश शर्मा एडवोकेट, प्रीतम सिंह व इंजीनियर प्रमोद कालिया (इलेक्ट्रिकल हेड), वीर सिंह पुंडीर सिंह( आई टी हेड) गन्ना सहकारी समिति स्योहारा के विशेष सचिव प्रदीप शर्मा, रविंद्र नाथ गन्ना काउंसिल (एएसडीआई ), उमेश अग्रवाल,उपेंद्र शर्मा आदि सहित क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों, किसानों तथा किसान संगठनों के पदाधिकारीयो,कर्मचारियों की उपस्थिति में कराया। इसके उपरांत सभी उपस्थित जनों ने चेन में गन्ना डाल कर मिल का शुभारंभ किया। इस अवसर पर वरिष्ठ समाज सेवी चौधरी फईम उर रहमान, वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ विनीत देवरा, सुशील कुमार उर्फ बंटी चेयरमैन गन्ना समिति स्योहारा, किसान नेता चौधरी गजेंद्र सिंह टिकैत, आलोक कुमार (गन्ना संचालक), पृथ्वी सिंह, कुलदीप चिकारा बिजनौर, सुरेंद्र सिंह नींदना चांदपुर, राहुल सिंह अध्यक्ष गन्ना समिति चांदपुर, यशवंत सिंह डायरेक्टर चांदपुर, अतहर अहमद सहसपुर, मितुल कुमार तोमर, चौ.हुकुम सिंह, चौ. श्याम सिंह अहलावत, महिपाल सिंह, विपिन सिसौदिया, लोकेंद्र सिंह,चंचल शर्मा, सेठ महिपाल सिंह अध्यक्ष कि. से. समिति,निखिल चौधरी, उज्जवल चौहान ब्लॉक प्रमुख स्योहारा, विजयपाल ब्लॉक प्रमुख कांठ,राजीव जैन, खुर्शीद खा, अब्दुल गफ्फार, अमित पहलवान, चौधरी शकील अहमद ट्रांसपोर्टर, हाजी जुल्फिकार ट्रांसपोर्टर आदि सहित सैकड़ों गणमान्य किसान उपस्थित रहे। मिल में सबसे पहले बेल गाड़ी से गन्ना तुलवाने वाले कुरी फॉर्म के किसान को शुगर मिल की ओर से उपहार स्वरूप एक कम्बल तथा नगद राशि और ठंड से बचने के लिये बेलो की झूल भेंट की गई।मिल के अधिशासी अध्यक्ष चौधरी सुखवीर सिंह ने कहा कि मिल में गन्ना लाने वाले सभी किसानों को मिल स्तर पर ज्यादा से ज्यादा सुविधा देने का प्रयास किया जाएगा और गन्ना सम्बंधित मिल स्तर की समस्याओ का निस्तारण जल्द से जल्द कराया जाएगा। तो वहीं गन्ना मिल चलने (पेराई सत्र आरम्भ होने ) पर मिल क्षेत्र के किसानों ने भी बहुत प्रसन्नता व्यक्त की।

# दिल्ली के बढ़ते प्रदूषण से सुप्रीमकोर्ट नाराज- दिल्ली सरकार और पुलिस से पूछे ये सवाल



नई दिल्ली। दिवाली के दौरान राष्ट्रीय राजधानी में वायु प्रदूषण के स्तर में जबरदस्त वृद्धि का संज्ञान लेते हुए उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली सरकार और दिल्ली पुलिस आयुक्त से सोमवार को यह जानना चाहा कि शहर में पटाखों पर लगे प्रतिबंध को लागू करने के लिए क्या कदम उठाए गए।

न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने अखबार में प्रकाशित उन खबरों का हवाला दिया, जिनमें पटाखों पर प्रतिबंध से जुड़े अदालती आदेशों के उल्लंघन का जिक्र किया गया है। पीठ ने दिल्ली सरकार और पुलिस आयुक्त से यह बताने को कहा कि पटाखों पर लगे प्रतिबंध को लागू करने के लिए क्या कदम उठाए गए और उल्लंघन करने वालों के खिलाफ क्या कार्रवाई की गई।

पीठ ने कहा, हम चाहते हैं कि दिल्ली में पटाखों की बिक्री, निर्माण और फोड़ने पर प्रतिबंध संबंधी सभी आदेश रिकॉर्ड पर रखे जाएं। हम दिल्ली पुलिस आयुक्त को भी नोटिस जारी कर यह बताने को कह रहे हैं कि पुलिस ने उल्लंघनकताओं के खिलाफ क्या कार्रवाई की और वह अदालती आदेशों को लागू करने के लिए क्या कदम उठा रही है।ह्व शीर्ष अदालत ने दिल्ली सरकार और दिल्ली पुलिस आयुक्त को अपने जवाब दाखिल करने के लिए एक हफ्ते का समय दिया।

ह्यसेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरमेंट की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए शीर्ष अदालत ने कहा कि यह स्पष्ट है कि 2024 में दिवाली 2022 और 2023 के मुकाबले अधिक गर्म थी। पीठ ने पंजाब और हरियाणा की सरकारों को अक्टूबर के अंतिम 10 दिनों में खेतों में आग और पराली जलाने की घटनाओं में वृद्धि पर 14 नवंबर तक अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया।

पीठ ने कहा, दिल्ली में पटाखों पर प्रतिबंध का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ उनके परिसरों को सील करने जैसी सख्त कार्रवाई किए जाने की जरूरत है। उसने कहा कि 2025 में दिवाली पर पटाखों पर प्रतिबंध से जुड़े अदालती आदेशों का उल्लंघन न हो, यह सुनिश्चित करने के लिए वह कुछ कदम उठाएगी।

# भाजपा ने नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों की पुनर्नियुक्ति की मांग की, मुख्यमंत्री आवास के पास विरोध प्रदर्शन किया

**नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता**



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकताओं ने पिछले साल बस मार्शल के पद से हटाए गए 10,000 नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों (सीडीवी) की तत्काल पुनर्नियुक्ति की मांग करते हुए यहां मथुरा रोड स्थित दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी के आवास के पास सोमवार को प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व कर रहे भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने आतिशी पर बस मार्शल की पुनर्नियुक्ति के संबंध में कोई कदम नहीं उठाने का आरोप लगाया।

सचदेवा ने कहा कि मुख्यमंत्री को यह बताना चाहिए कि उनकी सरकार ने बस मार्शल की पुनर्नियुक्ति के आदेश क्यों जारी नहीं किए जबकि उपराज्यपाल ने उन्हें एक नवंबर से बहाल किए जाने का निर्देश दिया था।

आतिशी ने रविवार को कहा था कि शहर में वायु प्रदूषण रोधी उपायों को लागू करने वाली विभिन्न एजेंसियों की मदद के लिए सीडीवी की तैनाती अगले दो-चार दिनों में शुरू हो जाएगी।

मुख्यमंत्री ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उनकी स्थायी नियुक्ति के लिए एक विस्तृत प्रस्ताव भी एक सप्ताह के भीतर उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना की मंजूरी के लिए भेजा जाएगा।

इससे पहले उपराज्यपाल ने आतिशी को पत्र लिखकर कहा था कि सीडीवी को तुरंत फिर से नियुक्त करने के उनके आदेश के बावजूद उन्हें अभी तक इस संबंध में कोई प्रस्ताव नहीं मिला है। सक्सेना ने मुख्यमंत्री से सीडीवी की पुनः नियुक्ति में तेजी लाने की अपील की।

दिल्ली में सार्वजनिक परिवहन बसों में सीवीडी के तौर पर काम कर रहे करीब 10 हजार व्यक्तियों को राजस्व विभाग और वित्त विभाग की आपत्तियों के बाद पिछले साल नवंबर में हटा दिया गया था।

# बोनट पर लटके ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को कार से घसीटने के आरोपित दो नाबालिग धरे गए



नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने बेरसराय मार्केट रोड के पास दो ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को कार के बोनट पर लटकाकर घसीटने के आरोप में दो नाबालिगों को पकड़ा है। पुलिस ने कार के मालिक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक घटना दो नवंबर को हुई थी। घटना के बाद से ही पुलिस को आरोपितों की तलाश थी।

घायल एएसआई प्रमोद ने अपने बयान में कहा था कि 2 नवंबर को वह हेड कांस्टेबल शैलेश के साथ बेर सराय मार्केट रोड के पास ड्यूटी पर थे। शाम करीब 7.45 बजे एक कार रेड लाइट जंप करके उनकी ओर आई। उन्होंने कार को रुकने का इशारा किया। जब ड्राइवर को कार से बाहर आने के लिए कहा गया तो उसने मौके से कार भगाने की कोशिश की और उन्हें कार पर करीब 20 मीटर तक घसीटता हुआ मौके से भाग गया।

यह कार वसंत कुंज के जय भगवान के नाम पर रजिस्टर्ड है। दिल्ली पुलिस के अनुसार इस घटना को एक गंभीर अपराध के रूप में रखा गया है। जिसमें यातायात पुलिस ने चालक की लापरवाही के कारण उनकी जान लेने का आरोप लगाया है।

उल्लेखनीय है कि सोमवार 2 नवंबर शाम के समय को साउथ दिल्ली के बेर सराय इलाके में हुई इस घटना का एक वीडियो सामने आया था, जिसमें कार सवार दो ट्रैफिक कर्मी को बोनट पर घसीटता हुआ 20 मीटर तक ले गया और दोनों ने काफी शोर मचाया था। ट्रैफिक कर्मियों का बाद में संतुलन बिगड़ जाने से वो कार के नीचे गिर गए थे। इस घटना में दोनों ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को हल्की चोटें आयी थीं।

## पिता से परेशान किशोरी ने फिनायल पी लिया

नई दिल्ली। कल्याणपुरी इलाके में शुक्रवार को रिश्तों को शर्मसार करने वाला एक मामला सामने आया है। यहां एक पिता पिछले काफी समय से अपनी 11 वर्षीय बेटी के साथ अश्लील हरकतें करते हुए किशोरी के साथ यौन शोषण कर रहा था। मामला सामने उस समय आया जब शुक्रवार को पिता की इस हरकत से परेशान होकर किशोरी ने आत्महत्या की कोशिश कर डाली। किशोरी को जब अपने पिता से बचने का कोई रास्ता नहीं मिला तो वह इतना परेशान हो गई कि उसने घर में रखा फिनायल पी लिया और जान देने की कोशिश की। उसे आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के बाद किशोरी की हालत स्थिर है। पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया है।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातः किरण

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, मंगलवार, 05 नवंबर, 2024

# दिल्ली चुनाव से पहले भाजपा को लगा दूसरा बड़ा झटका

## आप के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल ने सदस्यता दिलाकर बीबी त्यागी का आम आदमी परिवार में किया स्वागत

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी को एक के बाद एक बड़े झटके लग रहे हैं। आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल के कामों से प्रभावित होकर पिछले चार दिन में दो बड़े नेता भाजपा छोड़कर आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए हैं। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को दो बार के भाजपा से पार्षद, स्टैंडिंग कमेटी के अध्यक्ष और नेता सदन रह चुके बीबी त्यागी को आधिकारिक तौर पर पार्टी की सदस्यता दिलाई। उन्होंने जॉइनिंग की तस्वीरें अपने एक्स हैंडल से पोस्ट करते हुए कहा कि बीबी त्यागी जी का आम आदमी पार्टी परिवार में स्वागत है। दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने पार्टी मुख्यालय में श्री त्यागी को पार्टी की टोपी और पटका पहनाते हुए इसकी घोषणा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि दिल्ली आज एक तरफ काम करने और दूसरी तरफ काम रोकने की राजनीति देख रहे हैं। अरविंद केजरीवाल काम की राजनीति का चेहरा हैं। लोग चाहते हैं कि दिल्ली में अच्छे स्कूल, अस्पताल बनें और अरविंद केजरीवाल जनता के काम करवा रहे हैं, इसलिए लोग उनसे बहुत प्यार करते हैं। इस दौरान आम आदमी पार्टी के नेता और विधायक दुर्गेश पाठक भी मौजूद रहे।

दिल्ली के पूर्व उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया मनीष सिसोदिया ने सोमवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि मैं बीबी त्यागी का आम आदमी पार्टी परिवार, आम आदमी परिवार और अरविंद केजरीवाल की टीम के एक महत्वपूर्ण सदस्य के रूप में स्वागत करता हूं। मुझे बहुत खुशी है, क्योंकि मैं बीबी त्यागी के काम और उनकी राजनीति को बहुत लंबे समय से देख रहा हूं। वह जमीन से जुड़े हुए नेता हैं। जब मैं खुद पत्रकार था, तो इनके क्षेत्र में ही रहता था और वहां एक नेता के रूप में यह किस तरह काम करते थे। मेरा भी हमेशा मन था कि बीबी त्यागी जैसी राजनीति करते हैं, उसकी सही जगह आम आदमी पार्टी में ही है।

मनीष सिसोदिया ने आगे कहा कि अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में पिछले दस साल से लोगों के लिए काम करने की राजनीति हो रही है। चाहे अनऑथराइज्ड कॉलोनियों में सड़कें बनवाना हो, झुग्गी झोपड़ियों में विकास की सुविधाएं देना हो, या फिर लोगों के जीवन की समस्याओं का व्यापक स्तर पर समाधान करना हो। चाहे वह बच्चों के लिए अच्छे सरकारी स्कूल बनवाना हो, या प्राइवेट स्कूलों की फीस को कम रखना हो। अस्पतालों में दवाइयां और टेस्ट मुफ्त कराकर लोगों का लाखों का बिल बचाना हो, या फिर उन्हें अच्छा इलाज देना हो। 24 घंटे बिजली देना हो, बिजली का बिल जीरो करना हो, और बसों में महिलाओं को मुफ्त यात्रा कराना हो। ये सभी काम अरविंद केजरीवाल की काम करने की राजनीति का हिस्सा हैं। दिल्ली के लोग अरविंद केजरीवाल को अपना भाई, बेटा, मित्र, और परिवार के एक मददगार के रूप में देखते हैं, क्योंकि वह उनके लिए काम करते हैं। उसी मुहिम में बीबी त्यागी, जो खुद भी उसी तरह की राजनीति करते रहे हैं, अब शामिल हो रहे हैं। इससे मुझे व्यक्तिगत रूप से बहुत अच्छा लग रहा है, और पार्टी के लिए भी अच्छा लग रहा है कि अरविंद केजरीवाल का आम आदमी पार्टी परिवार बढ़ रहा है।

मनीष सिसोदिया ने कहा कि बीबी त्यागी को जमीन से जुड़े नेताओं का अच्छा अनुभव है। वह स्टैंडिंग कमिटी के दो बार काउंसलर रहे हैं, दो साल चेयरमैन रहे हैं, और दो साल नेता सदन रहे हैं। उन्होंने एमएलए का चुनाव भी लड़ा है। मुझे पूरी उम्मीद है कि पार्टी को उनके अनुभव का लाभ मिलेगा, और जिस तरह की राजनीति आम आदमी पार्टी कर रही है, वह राजनीति करके दिल्ली के लोगों को भी इनकी राजनीति का फायदा मिलेगा। मनीष सिसोदिया ने कहा कि बड़े नेताओं का आम आदमी पार्टी में शामिल होने के सवाल पर मनीष सिसोदिया ने कहा कि इस वक्त दिल्ली की जनता दो तरह की राजनीति देख रही है: एक है काम करने की राजनीति, और एक है काम रोकने की राजनीति। काम करने की राजनीति का चेहरा अरविंद केजरीवाल हैं। लोग काम करने की राजनीति पर भरोसा कर रहे हैं। जनता को लगता है कि राजनीति का मकसद लोगों के काम करना होना चाहिए। उन्हें अपनी सरकार और नेताओं से क्या चाहिए? अच्छे स्कूल, अच्छे अस्पताल, सस्ती बिजली और बसों के कम किराए। गली-मोहल्लों की सड़कें सही हों, अच्छे काम हों। ये सारे काम अरविंद केजरीवाल करा रहे हैं। तो कहीं न कहीं यह अरविंद केजरीवाल के प्रति जनता के बढ़ते प्यार और सम्मान का प्रतीक है। वहीं, ह्यआपह्न नेता दुर्गेश पाठक ने कहा कि आज बहुत खुशी का दिन है। पिछले कई दिनों से आम आदमी पार्टी परिवार में दिल्ली और दिल्ली के मुद्दों पर संघर्ष करने वाले कई बड़े-बड़े लोग शामिल हो रहे हैं। कुछ दिन पहले ब्रह्म सिंह तंवर पार्टी में शामिल हुए थे। उसी कड़ी में आज दिल्ली के प्रमुख चेहरे बीबी त्यागी आम आदमी पार्टी में शामिल हो रहे हैं। बीबी त्यागी लक्ष्मी नगर से दो बार काउंसलर रह चुके हैं, स्टैंडिंग कमिटी के सदस्य भी रहे हैं, और नेता सदन का पद भी संभाला है। लोग इन्हें अच्छी तरह से जानते हैं। ये पूरी ईस्ट दिल्ली में एक बड़ा नाम हैं, और इनके कामों से हर कोई परिचित है। ये हमेशा लोगों के बीच उपलब्ध रहते हैं और उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए लगातार संघर्ष करते हैं। इनके शामिल होने से आम आदमी पार्टी परिवार को बहुत खुशी मिलेगी, और ह्यआपह्न परिवार को और अच्छे से काम करने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा।

# चीनी मिल चन्दनपुर के पेराई सत्र 2024-25 का फीता काटकर किया गया शुभारम्भ

- सर्वप्रथम गन्ना लाने वाले किसानों को किया गया सम्मानित तथा बुग्गी मे लगे बैलों को खिलाया गया गुड़

प्रातः किरण संवाददाता



अमरोहा/हसनपुर। चन्दनपुर चीनी मिल के पेराई सत्र 2024-25 का शुभारम्भ किया गया। जिसमें मुख्यअतिथि विधायक महेन्द्र सिंह खडंगवंशी एवं उपाध्यक्ष आमोद कुमार शर्मा ने अपने सभी विभागाध्यक्षों के साथ पूर्ण हर्षोल्लास के साथ स्वागत किया गया। चीनी मिल संचालन से पूर्व केन कैरियर पर पूर्ण वैदिक रीति रिवाज से गुरुकुल की शिष्याओं हरषी, प्रीतिका, संस्कृति, वेदांसी एवं अंजली द्वारा वैदिक मंत्रोचार हवन आदि किया गया। पूजा के मुख्य यजमान आमोद कुमार शर्मा द्वारा की गई पूर्ण विधि विधान के साथ केन कैरियर का पूजन किया गया तथा हवन में आहूति देकर पेराई सत्र 2024-25 की सफलता के लिये ईश्वर से प्रार्थना की गई। केन कैरियर की पूजा के उपरान्त मुख्य अतिथि माननीय विधायक महेन्द्र सिंह खड़गवंशी, हसनपुर एवं पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह तथा चीनी मिल के उपाध्यक्ष आमोद कुमार शर्मा द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर रामकिशोर चौहान, चेयरमैन गन्ना समिति हसनपुर मिल, पुलिस उपाधीक्षक, हसनपुर दीप कुमार पंत, प्रमोद त्यागी के द्वारा कांटो का पूजन कर चीनी मिल में आज प्रथम गन्ना वाले कृषकों में बुग्गी से गन्ना लाने वाले कृषक सूरज पुत्र कलुआ निवासी ग्राम मटीपुरा, राजेन्द्र सिंह पुत्र मन्नू सिंह ग्राम खनौरा टिपलर से गन्ना लाये, सहेन्द्रपाल पुत्र दरियाव सिंह ग्राम पोरारा जो ट्राली से गन्ना लाये, रूपचन्द्र पुत्र राम ग्राम मटीपुरा जो छोटा ट्रेक्टर से गन्ना लाये तथा क्रयकेन्द्र सुलेला से प्रथम ट्राले में गन्ना लेकर आये कृषकों को सम्मानित किया गया तथा बुग्गी में लगे बैलो को गुड़ चना खिलाकर उनकी पूजा आदि की गई। इस अवसर पर पुष्पेन्द्र त्यागी, बृहम्मदत्त त्यागी, मनोज त्यागी, राजीव कुमार, कुलदीप त्यागी आदि कृषणगण मौजूद रहे। चीनी मिल के उपाध्यक्ष श्री आमोद कुमार शर्मा, अपर महाप्रबन्धक (ल्फ) अमेज कुमार सिंह, गन्ना महाप्रबन्धक आर.एस. सहरावत, महाप्रबन्धक (उत्पादन) टी.सी. राजौरिया, महाप्रबन्धक (उत्पादन) रवि कुमार गुप्ता, महाप्रबन्धक इंजीनियरिंग, संजय जायसवाल, उप महाप्रबन्धक (वित्त) गन्ना यार्ड इन्चार्ज संजीब मलिक, लैब इंचार्ज, उयवीर सिंह, आई.टी. हेड बाबूराम सैनी, ए०के० तिवारी डेवलेपमेंट हेड, प्रमोद कुमार सिंह, बिपिन मिश्र, अभयप्रताप सिंह, दीपक अग्रवाल, लज्जाराम, जोगेन्द्र सिंह एवं बहुत सारे कर्मचारीगण आदि उपस्थित हुए।चीनी मिल के उपाध्यक्ष आमोद कुमार शर्मा ने सर्वप्रथम सभी कृषक भाईयो का आभार व्यक्त किया तथा अपील की कि कृषक भाई अपना गन्ना इधर-उधर औने-पौने दामों में न डालें, अपना समस्त गन्ना चीनी मिल में ही आपूर्ति करें। चीनी मिल में साफ, ताजा एवं पर्ची के अनुसार ही गन्ना लेकर आयें। साथ ही यह कहा कि गन्ना प्रजाति को० 238 में लालसड़न रोग का प्रकोप बहुत अधिक हो रहा है इसलिये को0 238 गन्ना प्रजाति की बुवाई कदापि न करें। श्री शर्मा जी ने यह भी कहा कि समय से भुगतान करने के लिये हम दृढ़ संकल्प है। चीनी मिल के महाप्रबन्धक (गन्ना) श्री आर.एस. सहरावत द्वारा भी किसान भाईयों से अपील की गई कि हाड़े के अनुसार साफ, स्वच्छ, जड़, पत्ती, मिट्टी रहित ही गन्ना आपूर्ति करने में गतवर्षों के भांति सहयोग करें।

# गांवों ग्रामीणों की मांगों को लेकर आंदोलन होगा: पंचायत संघ

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



दिल्ली देहात के गांव दरियापुर खुर्द में दिल्ली देहात व गांवों के मुद्दो को लेकर पंचायत जगदीश यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गई, इसमें दिल्ली पंचायत संघ प्रमुख थान सिंह यादव भी उपस्थित रहे। इस पंचायत में मुख्य मुद्दो को लेकर दिल्ली देहात मोर्चा नाम से गठन जो इस पर काम करेगा।दिल्ली देहात से जुड़े कई अहम मुद्दों पर चर्चा की।

बैठक में उठाए गए मुख्य मुद्देः

1. सर्कल रेट में वृद्धिः दिल्ली की जमीन का सर्कल रेट 10 करोड़ रुपये प्रति एकड़ करने की मांग।
2. स्मार्ट विलेज का निमार्णः यदि दिल्ली देहात के 105 गांवों की जमीन पर उ‌ॠअ या सरकार नए सेक्टर स्थापित करना चाहती है, तो ग्रामीणों के लिए नए स्मार्ट विलेज भी बसाए जाएं ओर सभी गांव वालो को प्लॉट आवंटित हों और भूमि का उपयोग मिश्रित रखा जाए, जिससे ग्रामीणों के लिए आवासीय सुविधाएं और रोजगार के अवसर उपलब्ध हो सकें।
3. लैंड पूलिंग पॉलिसी में सुधारः ग्रामीणों ने लैंड पूलिंग पॉलिसी में थोपे गए गैरकानूनी शर्तों को हटाने की मांग की, जैसे कि 5 एकड़ भूमि की शर्त, लगभग 20 करोड़ रुपये का भारी भरकम बाहरी विकास शुल्क, उ‌ॠअ द्वारा 40% भूमि को मुफ्त में लेना और बिल्डरों के साथ कंसोर्टियम बनाने की बाध्यता को समाप्त किया जाए।
4. 20-सूत्रीय कार्यक्रम के तहत मालिकाना हकः 20-सूत्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत आवंटित 74/4 जमीन वाले ग्रामीणों को उनकी उस भूमि पर पूर्ण मालिकाना हक प्रदान किया जाए।
5. हाउस टैक्स में छूटः दिल्ली के ग्रामीण क्षेत्रों से हाउस टैक्स वसूलना बंद किया जाए।
6. उच्च शिक्षा का विस्तारः दिल्ली देहात के युवाओं को आसानी से उच्च शिक्षा प्राप्त हो सके इसके लिए नॉर्थ और साउथ कैंपस की तर्ज पर दिल्ली देहात में वेस्ट कैंपस और नॉर्थ-वेस्ट कैंपस की स्थापना की जाए।
7. स्टांप ड्यूटी में छूटः दिल्ली में रक्त संबंधों में जमीन की गिफ्ट डीड बनवाने के लिए स्टांप ड्यूटी को समाप्त किया जाए, जिससे पारिवारिक सम्पत्तियों का हस्तांतरण आसान हो सके।
8. उ‌ॠफएक्ट 1954 यानी दिल्ली भूमि सुधार एक्ट 1954 के तहत किसानों की जमीनों पर लगाई गई धारा 81 के केस समाप्त किए जाए और उनको भी पूर्ण मालिकाना हक दिया जाए क्योंकि उन किसानों ने अपनी जमीन पर कोई अनियोजित कालोनी नहीं बसाई है बल्कि आज भी उस जमीन पर किसान खेती बाड़ी ही कर रहा है।
9. रावता गांव की लगभग 200 एकड़ जमीन पर पिछले 20 साल से जो पानी भरा पड़ा है उन किसानों को पिछले 20 सालों का प्रति एकड़ के हिसाब से मुआवजा दिया जाए और भविष्य के लिए जल्द से जल्द सरकारी नाकामी से भरने वाले पानी का उचित प्रबंध किया जाए।

# जीजा की तेहरवीं में गया मन्दिर,स्कूटी चोरी कर ले गए चोर



नई दिल्ली। पहले तो जीजा की अचानक से हुई मृत्यु का गम,जब मन्दिर में उनकी आत्मा की शांति के लिये प्रार्थना कर रहे तो उसी वक्त मन्दिर के बाहर खड़ी स्कूटी कुछ ही सैकेंड में लॉक तोडकर फरार हो गए। पीड़ित मनोज कुमार ने बताया कि घर में एक के बाद एक अचानक ही मुसीबतें आ रही हैं। खुद ही ई एफआईआर थाने के नजदीक की एक दुकान से करवा दी है। स्कूटी मिलती है या नहीं ये तो पुलिस की जांच पर निर्भर करता है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि स्कूटी चोर आसपास के इलाके का ही लग रहा है। जिसकी पहचान कर पकडे की कोशिश की जा रही है। पीड़ित मनोज कुमार ने बताया कि वह परिजनों के साथ ए ब्लॉक महेन्द्रा पार्क इलाके में रहते हैं। उनका प्रॉपर्टी डीलर का काम है। कुछ दिन पहले जीजा की अचानक से मृत्यु हो गई थी। शनिवार को सब्जी मंडी स्थित हनुमान मन्दिर में जीजा की तेहरवीं का कार्यक्रम रखा हुआ था। दोपहर में स्कूटी मन्दिर के पास खड़ी करके कार्यक्रम में शामिल थे। करीब सवा तीन बजे जब किसी काम से मन्दिर से बाहर आए। स्कूटी वहां नहीं खड़ी थी। आसपास के लोगों से पूछकर स्कूटी तलाशने की कोशिश की थी। नहीं मिलने पर पीसीआर को वारदात की जानकारी दी।पीसीआर ने आकर उनके बयान लिखे और थाने भेज दिया। जहां पर सर्वर नहीं चलने पर स्कूटी चोरी की ई एफआईआर दर्ज करवा दी। मन्दिर के पास लगे सीसीटीवी कैमरों में एक काले रंग की शर्ट पहने लडका स्कूटी ले जाते हुए दिखाई दे रहा है। जिसकी पहचान करके पुलिस पकडे की कोशिश कर रही है।

# विनोद त्यागी बने दिल्ली प्रदेश कांग्रेस में किसान मोर्चा के वाइस चैयरमैन



नई दिल्ली। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने विनोद त्यागी को किसान मोर्चा का वाइस चैयरमैन नियुक्त किया है। इस मौके पर दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने उनकी इस पद पर नियुक्ति की संस्तुति की। इस मौके पर राजवीर सोलंकी समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। विनोद त्यागी ने कहा कि किसानों को उनकी उपज का उचित और लाभकारी मूल्य नहीं मिलता; न ही उत्पादकों के पास अपनी उपज के विपणन के लिए पर्याप्त रास्ते हैं। निर्यात नियंत्रण ने किसानों को कमजोर कर दिया है। खेतिहर मजदूरों की दुर्दशा तो और भी बदतर है। उन्होंने कहा कि किसान केवल हमारी कृषि व्यवस्था का हिस्सा नहीं हैं, बल्कि देश की रीढ़ हैं. उन्हें वो सम्मान और समर्थन मिलना चाहिए, जिसके वह हकदार हैं। त्यागी ने कहा कि कांग्रेस किसानों की हितैषी है। वह देश के किसानों के हर सुख-दुख में साथ खड़ी रहती है। दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविन्द केजरीवाल को उनकी पदयात्राओं में जनता द्वारा पूरी तरह नकारा जा रहा है, क्योंकि पिछले 10 वर्षों में दिल्ली के ढ़ांचे को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया है। चुनावी प्रचार की पदयात्राओं में केजरीवाल को जनता के जबरदस्त विरोध का करना पड़ रहा है। केजरीवाल ने शिक्षा, स्वास्थ्य, पानी, परिवहन, पेंशन, राशन जैसी सुचारु रुप से मिलने वाली सुविधाओं को लोगों से दूर कर दिया है। उन्होंने कहा कि सत्ता के आंदोलन में जनलोकपाल और स्वराज की बात करने वाले केजरीवाल और आम आदमी पार्टी के दिल्ली की जनता का विश्वास खत्म हो चुका है।

# गंगा मेला : डीएम-एसपी ने किया तैयारियों का निरीक्षण

प्रातः किरण संवाददाता

तिगरी धाम।डीएम निधि गुप्ता और एसपी कुंवर अनुपम सिंह ने सोमवार को तिगरी गंगा मेले की तैयारियों का जायजा लिया। अफसरों ने घाटों के निर्माण संग बल्लियां लगाने पर जोर दिया।गोताखोरों की संख्या बढ़ाने का निर्देश भी जिम्मेदार अफसरों को दिया। कहा कि घाटों के नाम महापुरुषों के नाम पर रखे जाएंगे। नाम से जुड़ी रेडियम प्लेट भी वहां लगाई जाए ताकि पहचान दूर से ही हो सके। डीएम ने गंगाघाटों के अलावा पुलिस कंट्रोल रूम, आरती और दीपदान स्थल का निरीक्षण किया। कहा कि घाटों में लगाई जाने वाली बल्लियां मजबूत तरीके से लगाई जाएं। मेला आवंटन अधिकारी भगत सिंह को निर्देशित किया कि मेला परिसर में कैंप कर जो भी अपने टेंट लगा रहे हैं,उनका सही प्रकार से आवंटन करें ,ताकि मेला व्यवस्था में कोई असुविधा न हो। बल्ली,टीनशेड की बेरिकेडिंग इस तरह की जाए, जिससे कोई अनहोनी न हो। सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए। नाव की उचित व्यवस्था के साथ ही गोताखोरों की संख्या बढ़ाने की हिदायत दी। सफाई और पेयजल व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए भी निर्देशित किया। इस दौरान एडीएम न्यायिक माया शंकर यादव, एडीएम वित्त ब्रजेश त्रिपाठी, एएसपी राजीव कुमार, एसडीएम मंडी धनौरा चंद्रकांता, डिप्टी कलक्टर पुष्कर नाथ चौधरी, भगत सिंह आदि मौजूद रहे।

# आप का सदस्यता अभियान शुरू

अमरोहा। आम आदमी पार्टी के प्रांतीय अध्यक्ष ई. मोहम्मद हैदर ने जिले में सदस्यता अभियान की शुरूआत सोमवार को गजरौला नगर से की। बताया की पार्टी कार्यकर्ता जिले में पांच लाख नए सदस्य बनाकर पार्टी की प्राथमिक सदस्यता दिलाएंगे। प्रदेश प्रभारी सांसद संजय सिंह के निर्देश पर प्रदेश के सभी जिलों में अभियान का शुभारंभ किया गया है। पहले दिन बड़ी संख्या में लोग पार्टी के साथ जुड़े।

# लुधियाना में स्टेशन पर घूमती मिली किसान की बेटी

अमरोहा। संदिग्ध परिस्थितियों में घर से लापता हुई किसान की बेटी ट्रेन में बैठकर पंजाब के लुधियाना पहुंच गई। रेलवे स्टेशन पर ड्यूटी कर रहे फौजी ने उसे संदिग्ध हालत में घूमते हुए देख वहीं की एक संस्था को सुपुर्द कर दिया। सूचना मिलने पर परिजन लुधियाना रवाना हो गए हैं। नौगावां सादात थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी की बेटी घर से लापता हो गई थी। उसकी मानसिक स्थिति भी ठीक नहीं रहती थी। रविवार दोपहर वह ट्रेन में बैठकर पंजाब के लुधियाना में उतर गई। ड्यूटी पर तैनात एक फौजी ने युवती को संदिग्ध हालत में घूमते हुए देख बात की। जानकारी जुटाने के बाद फौजी ने युवती को वहां की एक संस्था की सुपुदर्गी में दे दिया। संस्था पदाधिकारियों ने अमरोहा पुलिस से संपर्क कर युवती के मिलने की जानकारी दी।

# प्रदर्शन कर हड़ताल पर रहे तहसील के अधिवक्ता

धनौरा। जियाबाद में अधिवक्ताओं पर हुए लाठी चार्ज के विरोध में प्रदर्शन कर स्थानीय अधिवक्ताओं ने एडीएम को ज्ञापन सौंपा। अधिवक्ताओ पर दर्ज मुकदमे वापस लेने के साथ ही घटना की निष्पक्ष जांच कराते हुए कार्रवाई करने की मांग की। सोमवार को बार सभागार में तहसील बार एसोसिएशन की बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष कुलबीर सिंह ने कहा कि गाजियाबाद जिला जज न्यायालय में अधिवक्ताओं के साथ हुई घटना निंदनीय है। घटना के दौरान लाठी चार्ज करने वाले पुलिसकर्मियों पर कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। जिला जज द्वारा वकीलों के साथ की गई अभद्रता को लेकर वकीलों में नाराजगी है। स्थानीय बार मामले में गाजियाबाद बार का समर्थन करती है। इस दौरान बार महासचिव अनुराग सिंह, मदन सेन यादव, कपिल अग्रवाल, सर्वेश शर्मा, अनुज त्रिवेदी, मुकेश चंद चौहान, प्रदीप अग्रवाल, आलोक भारती,संदीप गुप्ता, कमल गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# दीपावली पर गौतमबुद्ध नगर के लोगों ने गटक ली 25 करोड़ रुपये की शराब

नोएडा । दीपावली के जश्न के बीच गौतमबुद्ध नगर जिले के लोग शराब के नशे में भी खूब झूमे और इस दौरान 25 करोड़ रुपये की शराब गटक गए जो कि पिछले साल की तुलना में 25 प्रतिशत अधिक है। आबकारी विभाग के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि पूरे अक्टूबर माह में जिले के लोगों ने 250 करोड़ रुपये शराब पर खर्च किए जबकि पिछले साल यह आंकड़ा 204 करोड़ रुपये था।

जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि दीपावली पर 29 अक्टूबर से लेकर एक नवंबर के बीच 25 करोड रुपये की अंग्रेजी, देसी शराब तथा बियर की बिक्री हुई है जबकि पिछले वर्ष दीपावली की अवधि में 18 करोड़ रुपये की शराब बिकी थी। उन्होंने कहा, ह्यह्यपिछले वर्ष अक्टूबर में 204 करोड़ रुपये की शराब बिकी थी जबकि इस वर्ष 250 करोड़ रुपये की बिकी है। श्रीवास्तव ने बताया कि जिले में शराब की करीब 564 दुकानें हैं, जिनमें विदेशी शराब, देसी शराब, मॉडल दुकान और बीयर की दुकान शामिल हैं।

# सौरभ भारद्वाज ने भाजपा पर लगाया छठ घाट बनाने से रोकने का आरोप

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी ( आप ) नेता सौरभ भारद्वाज ने दिल्ली में छठ पूजा पर हो रही राजनीति की आलोचना की। उन्होंने आज प्रेस वार्ता कर भाजपा पर आरोप लगाया कि वह दिल्ली में लोगों को छठ घाट बनाने से रोक रही है। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि चिराग दिल्ली के सतपुला ग्राउंड में पूर्वांचली समुदाय पिछले आठ सालों से छठ पूजा मनाता आ रहा है और इस साल भी दिल्ली सरकार ने वहां आयोजन की अनुमति दी थी। इसके बावजूद इस बार पूजा करने पर रोक लगाई जा रही है। लोगों का आरोप है कि भाजपा और दिल्ली विकास प्राधिकरण द्वारा उन्हें रोका जा रहा है। इसके पीछे भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज का हाथ है। आम आदमी पार्टी ( आप ) नेता ने आरोप लगाया कि विधानसभा चुनाव में भाजपा को दिल्ली की जनता वोट नहीं दे रही है, इसलिए वह इस प्रकार की राजनीति कर रही है। छठ पूजा का आयोजन करने वाले स्थानीय विश्वजीत झा ने कहा कि पहले पूर्वांचली लोग अपने गांव जाकर छठ पर्व मनाते थे लेकिन ट्रेनों में भीड़ और टिकट न मिलने के कारण पिछले आठ साल से चिराग दिल्ली में पूजा कर रहे हैं, जहां दिल्ली सरकार भी मदद करती है। इस बार डीडीए ने उन्हें पूजा करने से रोक दिया। जब वे वहां पहुंचे तो पुलिस के साथ कुछ लोग आए और उन्हें वहां से हटा दिया। उन्होंने कहा कि अब गांव भी नहीं जा पा रहे हैं और दिल्ली में भी पूजा नहीं करने दी जा रही है, तो वे कहां जाएं? तीन दिन से लोग परेशान हैं। छठ घाट बनाने नहीं दिया जा रहा। एक पीड़ित महिला ने बताया कि पिछले आठ साल से परिवार के साथ दिल्ली में छठ का पर्व मना रहे हैं, क्योंकि ट्रेन की भीड़ और टिकट की कमी के कारण गांव जाना संभव नहीं होता। अब यहां छठ घाट बनाने नहीं दिया जा रहा है।

# फैक्टरी में चोरी, सुरक्षा गार्ड पर शक

ग्रेटर नोएडा। सेक्टर ईकोटेक-3 कोतवाली क्षेत्र स्थित फैक्टरी में चोरी का मामला सामने आया है। फैक्टरी मालिक ने सुरक्षा गार्ड पर शक जाहिर कर पुलिस से शिकायत की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस चोरों की तलाश में जुटी है। पुलिस के मुताबिक अंशु कुमार ने चोरी का मुकदमा दर्ज करवाया है। अंशु कुमार ने पुलिस को बताया कि ईकोटेक क्षेत्र में उनकी केबल बनाने की फैक्टरी है। फैक्टरी से शनिवार की रात केबल, एलसीडी, डीवीआर आदि सामान चोरी कर लिया गया। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि उन्होंने अपने सुरक्षा गार्ड मुकेश से फैक्टरी का दरवाजा बंद रखने के लिए कहा था, लेकिन गार्ड ने दरवाजा खुला रखा। इसके चलते चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया। आशंका है कि सुरक्षा गार्ड की मिलीभगत से घटना को अंजाम दिया गया। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# सरेआम लूट: पेट्रोल पंप के कैशियर से लाखों की लूट, गार्ड के सिर पर किया नुकिले हथियार से वार

प्रातः किरण संवाददाता

अमरोहा/गजरौला। भानपुर फाटक के पास सरेराह बाइक सवार बदमाशों ने पेट्रोल पंप के कैशियर व सुरक्षा गार्ड से पांच लाख रुपयों से भरा बैग लूट लिया। घटना सोमवार दोपहर तीन बजे की है। दोनों बैंक में रुपये जमा करने जा रहे थे। बदमाशों ने कैशियर पर नुकीले हथियार से वार किया और रुपयों से भरा बैग लूट लिया। इसी बीच सुरक्षा गार्ड ने बदमाशों पर लाइसेंसी बंदूक से फायरिंग कर दी। बताया जा रहा है कि इससे एक बदमाश को गोली लगी, लेकिन वह फरार होने में कामयाब हो गए। आपको बताते चलें कि हाईवे किनारे पर तड़का होटल पर भारत पेट्रोल पंप है। इस पेट्रोल पंप के कैशियर गांव दरियापुर के रहने वाले जबर सिंह बाइक से सिक्योरिटी गार्ड सोमपाल सिंह के साथ हसनपुर मार्ग पर स्थित एसबीआई बैंक में साढ़े पांच लाख रुपये का कैश जमा करने जा रहे थे। इस दौरान भानपुर रेलवे फाटक पर अंडरपास के नजदीक पहले से ही घात लगाए खड़े नकाबपोश तीन बदमाशों ने उन्हें रोक लिया और बाइक की चाबी निकालकर नगदी से भरा बैग लूटने लगे। इस दौरान सिक्योरिटी गार्ड ने विरोध करते हुए मारपीट की तो बदमाशों ने पेचकस से प्रहार किए।सिक्योरिटी गार्ड ने बचाव में दो राउंड फायरिंग की। काफी देर विवाद होने के बाद भी बदमाश नगदी से भरा बैग लूटकर फरार होने में कामयाब हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और घायल सिक्योरिटी गार्ड को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। मामले की छानबीन की जा रही है। पेट्रोल पंप के मैनेजर अतुल कुमार ने बताया कि बदमाश साढे पांच लाख रुपये का कैश लूट कर ले गए हैं।

# भाजपा नेता बीबी त्यागी ने थामा आप का दामन

नई दिल्ली, प्रातः किरण संवाददाता



पूर्वी दिल्ली के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता बीबी त्यागी ने सोमवार को आम आदमी पार्टी (आप) का दामन थाम लिया। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को दो बार के भाजपा से पार्षद, निगम में स्थाई समिति के अध्यक्ष और नेता सदन रह चुके बीबी त्यागी को आधिकारिक तौर पर पार्टी की सदस्यता दिलाई। श्री केजरीवाल ने एक्स पर कहा कि बीबी त्यागी का आप परिवार में स्वागत है।

दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने पार्टी मुख्यालय में श्री त्यागी को पार्टी की टोपी और पटका पहनाते हुए इसकी घोषणा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि दिल्ली आज एक तरफ काम करने और दूसरी तरफ काम रोकने की राजनीति देख रही है। उन्होंने कहा कि लोग चाहते हैं कि दिल्ली में अच्छे स्कूल, अस्पताल बने। श्री सिसोदिया ने कहा, मैं बीबी त्यागी के काम और उनकी राजनीति को बहुत लंबे समय से देख रहा हूं। वह जमीन से जुड़े हुए नेता हैं। जब मैं खुद पत्रकार था, तो इनके क्षेत्र में ही रहता था और देखता था कि वहां एक नेता के रूप में यह किस तरह काम करते थे। मेरा भी हमेशा मन था कि बीबी त्यागी जैसी राजनीति करते हैं, उसकी सही जगह आम आदमी पार्टी में ही है।

आप नेता दुर्गेश पाठक ने कहा कि आज बहुत खुशी का दिन है। पिछले कई दिनों से आम आदमी पार्टी परिवार में दिल्ली और दिल्ली के मुद्दों पर संघर्ष करने वाले कई बड़े-बड़े लोग शामिल हो रहे हैं। कुछ दिन पहले ब्रह्म सिंह तंवर पार्टी में शामिल हुए थे। उसी कड़ी में आज दिल्ली के प्रमुख चेहरे बीबी त्यागी आम आदमी पार्टी में शामिल हो रहे हैं। आम आदमी पार्टी ज्वाइन करने के बाद बीबी त्यागी ने बताया, ह्लमैंने भाजपा छोड़कर आम आदमी पार्टी ज्वाइन की है। यह सिर्फ चुनाव को देखते हुए नहीं है। मुझे पार्टी जो काम देगी, वह मैं करूंगा। क्योंकि मैं जमीनी स्तर पर काम करने वाला आदमी हूं। मुझे जनता के बीच में जाना अच्छा लगता है। भाजपा से पार्षद रहे त्यागी को काम करने में क्या दिक्कतें आ रही थी, इस पर जब उनसे प्रतिक्रिया मांगी गई तो उन्होंने कहा, जब हम भाजपा में थे तो काम कर रहे थे। भाजपा से नाराजगी नहीं है। आम आदमी पार्टी भाजपा से बेहतर काम कर रही है। अरविंद केजरीवाल की नीतियों से प्रभावित होकर मैंने आम आदमी पार्टी ज्वाइन की है।

# बोनट पर लटके ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को कार से घसीटने के आरोपित दो नाबालिग धरे गए

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने बेरसराय मार्केट रोड के पास दो ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को कार के बोनट पर लटकाकर घसीटने के आरोप में दो नाबालिगों को पकड़ा है। पुलिस ने कार के मालिक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक घटना दो नवंबर को हुई थी। घटना के बाद से ही पुलिस को आरोपितों की तलाश थी।

घायल एएसआई प्रमोद ने अपने बयान में कहा था कि 2 नवंबर को वह हेड कांस्टेबल शैलेश के साथ बेर सराय मार्केट रोड के पास ड्यूटी पर थे। शाम करीब 7.45 बजे एक कार रेड लाइट जंप करके उनकी ओर आई। उन्होंने कार को रुकने का इशारा किया। जब ड्राइवर को कार से बाहर आने के लिए कहा गया तो उसने मौके से कार भगाने की कोशिश की और उन्हें कार पर करीब 20 मीटर तक घसीटता हुआ मौके से भाग गया।यह कार वसंत कुंज के जय भगवान के नाम पर रजिस्टर्ड है। दिल्ली पुलिस के अनुसार इस घटना को एक गंभीर अपराध के रूप में रखा गया है। जिसमें यातायात पुलिस ने चालक की लापरवाही के कारण उनकी जान लेने का आरोप लगाया है।

उल्लेखनीय है कि सोमवार 2 नवंबर शाम के समय को साउथ दिल्ली के बेर सराय इलाके में हुई इस घटना का एक वीडियो सामने आया था, जिसमें कार सवार दो ट्रैफिक कर्मी को बोनट पर घसीटता हुआ 20 मीटर तक ले गया और दोनों ने काफी शोर मचाया था। ट्रैफिक कर्मियों का बाद में संतुलन बिगड़ जाने से वो कार के नीचे गिर गए थे। इस घटना में दोनों ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को हल्की चोटें आयी थीं।

सम्पादकीय

# राजस्थान विधानसभा उपचुनावः क्या चुनावी परीक्षा में पास होगी भाजपा?

राजस्थान में आगामी 13 नवंबर को सात विधानसभा सीटों झुंझुनू, खींवसर, दौसा, रामगढ़, देवली उनियारा, चैरासी, सलूंबर में विधानसभा के उपचुनाव होने जा रहे हैं। इनमें सलूंबर से भाजपा विधायक अमृतलाल मीणा व रामगढ़ से कांग्रेस विधायक जुबेर खान के निधन के चलते उपचुनाव हो रहा है। जबकि 5 सीट पर वहां के विधायकों के सांसद बनने के चलते विधायक पद से इस्तीफा देने के कारण उपचुनाव हो रहा है। उपचुनाव वाली सात सीटों में से भाजपा के पास सिर्फ एक सलूंबर की सीट थी। बाकी 6 सीटों में से एक पर राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के हनुमान बेनीवाल नागौर से सांसद बन गए उसके चलते सीट खाली हो गई। आदिवासी बहुल चैरासी विधानसभा सीट के विधायक व भारतीय आदिवासी पार्टी के अध्यक्ष राजकुमार रोत के बांसवाड़ा-डूंगरपुर से सांसद बनने के कारण चैरासी विधानसभा सीट पर उपचुनाव हो रहा है। झुंझुनू सीट पर कांग्रेस के विधायक बृजेंद्र सिंह ओला के झुंझुनू से सांसद बनने के कारण, देवली-उनियारा से कांग्रेस के विधायक हरीश चंद मीणा के टोंक-सवाई माधोपुर सीट से सांसद बनने के कारण, दौसा से कांग्रेस के विधायक मुरारीलाल मीणा ने दौसा संसदीय सीट से सांसद बनने के कारण विधायक पद से इस्तीफा दे दिया था। इसलिए उक्त सीटों पर उपचुनाव हो रहा हैं। प्रदेश की सात विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनावों में राजस्थान में भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की एक बार फिर कड़ी परीक्षा होगी। उपचुनाव में भाजपा कितनी सीट जीत पाती है उसके आधार पर भजनलाल शर्मा सरकार की परफॉर्मेंस आंकी जाएगी। भजनलाल शर्मा के मुख्यमंत्री बनते ही श्रीगंगानगर जिले की श्री करनपुर विधानसभा सीट पर संपन्न हुए उपचुनाव में भाजपा के प्रत्याशी व राजस्थान सरकार में मंत्री सुरेन्द्र पाल सिंह टीटी चुनाव हार गए थे। उससे भजनलाल शर्मा सरकार की बहुत किकरी हुई थी। चुनाव हारने के बाद भाजपा प्रत्याशी सुरेन्द्रपाल सिंह टीटी को मंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा था। उसके बाद लोकसभा चुनाव में भी भजनलाल सरकार अच्छा परफॉर्मेंस नहीं दिखा पाई थी। 2014 व 2019 के लोकसभा चुनाव में प्रदेश की सभी 25 सीट जीतने वाली भाजपा 2024 के लोकसभा चुनाव में मात्र 14 सीट ही जीत पाई थी। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस 8 सीटों पर तथा उनके सहयोगी दल राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी, भारतीय आदिवासी पार्टी व मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी क्रमशः एक-एक सीट नागौर, बांसवाड़ा डूंगरपुर व सीकर जीत गई थी। लोकसभा चुनाव में मिली करारी हार के बाद भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को तो नहीं हटाया मगर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के पद से सीपी जोशी को हटाकर उनके स्थान पर राज्यसभा सदस्य मदन राठौड़ को प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंप दी थी। प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद मदन राठौड़ को भी पहली बार उपचुनाव में अपनी सांगठनिक क्षमता का प्रदर्शन करना होगा। इन उपचुनावों में भाजपा के पास खोने को तो मात्र एक सीट है मगर हासिल करने को 7 सीटों का बड़ा लक्ष्य है। यदि भाजपा उपचुनाव में 5 सीट जीत जाती है तो मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ की स्थिति केंद्रीय नेतृत्व के समक्ष मजबूत हो जाएगी। यदि भाजपा सात में से चार सीट भी नहीं जीत पाती है तो मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की कार्य शैली सवालों के घेरे में आ जाएगी और उन्हें परीक्षा में तीसरी बार भी फेल माना जाएगा। भजनलाल शर्मा उपचुनाव में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाते हैं तो आने वाले समय में उनके मुख्यमंत्री पद पर भी संकट गहरा सकता है। वैसे भी भाजपा आलाकमान ने प्रदेश भाजपा के सभी दिग्गज नेताओं को दरकिनार कर पहली बार विधायक बने प्रदेश में अनजान चेहरे भजनलाल शर्मा को मुख्यमंत्री बनाकर सबको चौंका दिया था। भाजपा आलाकमान का मानना था कि नया चेहरा आगे करने से पार्टी की स्थिति आने वाले समय में मजबूत होगी और प्रदेश में भाजपा को नया नेतृत्व मिलेगा। मगर अभी तक के चुनावी नतीजे ने तो भाजपा आलाकमान को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की कार्यशैली से असंतुष्ट ही किया है। भाजपा आलाकमान के मन मुताबिक परिणाम नहीं दे पाने के कारण भजनलाल शर्मा की छवि केंद्रीय नेतृत्व की नजरों में हरियाणा व मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री की तरह मजबूत नहीं बन पाई है।

# क्या हरियाणा काँग्रेस टूटन के कगार पर खड़ी है?

लोक सभा में आधी सीटों पर विजयी होने के बाद हवा में उड़ रही काँग्रेस पार्टी को मात्र छह माह बाद हुए विधान सभा चुनाव में आशा के विपरीत परिणाम ने सुन्न करके रख दिया है। काँग्रेस दो तिहाई बहुमत से नीचे सपने में भी नहीं सोच रही थी। एक नेता के समर्थक तो मुख्यमंत्री की गद्दी को अपनी गोद में लेकर सोने लगे थे। खुद ह्वो नेताह्व भी अपना हर शब्द एक मुख्यमंत्री की तर्ज पर बोलने लगे थे। पर पासा उलट पड़ गया और भाजपा के तत्कालीन एवं घोषित भावी मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए वक्तव्य ह्वहमने जीत की सारी व्यवस्थाएं कर ली हैंह्व ने काँग्रेस की सभी आशाओं एवं परिकल्पनाओं को ठेंगा दिखा कर पूर्ण बहुमत हासिल कर लिया। अब हालात ये हैं कि अप्रत्याशित हार से चित हुई काँग्रेस लगभग एक महीना बीत जाने के बावजूद विधानसभा में विपक्ष के नेता का नाम तक तय नहीं कर पा रही है। लोग मजाक के तौर पर कहने लगे हैं कि यदि खुदा-ना-खस्ता उसे बहुमत मिल जाता, तो क्या वे मुख्यमंत्री का नाम तय कर लेते? समस्या यह नहीं है कि उसके पास वांछित विधायक संख्या नहीं है, अपितु समस्या यह है कि यह फैसला लेना कमजोर हाई कमान के गले की फांस बनी हुई है। हाई कमान के बार- बार के गलत निर्णयों ने हाई कमान के पैरों पर खुद कुल्हाड़ी मार कर उसकी निर्णय लेने एवं नियंत्रित करने की शक्ति को लकवा ग्रस्त कर दिया है और उसे प्रदेश के केवल एक ही व्यक्ति की कठपुतली बना कर छोड़ दिया है। आखिर कौन है वो व्यक्ति, जिसके आभा मंडल के आगे हाई कमान का प्रकाश धूमिल पड़ जाता है? ऐसा कौन सा कारण है कि हाई कमान अनिर्णय की स्थिति से बाहर नहीं निकल पा रही है? क्यों इतना शक्तिशाली हो गया है, यह व्यक्ति ?इन सब सवालों का जवाब ढूँढने के लिए राजनीतिक विश्लेषक 2005 के विधान सभा चुनावों में मिली प्रचंड जीत से आह्लादित काँग्रेस हाई कमान का भूपिंदर हुड्डा को मुख्यमंत्री की गद्दी सौंपने को शुरूआती कदम मानते हैं। इस चुनाव में, जो कि पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी भजन लाल के नेतृत्व में लड़ा गया था, काँग्रेस को 90 में से 67 सीट हासिल हुई थी।

# हैरिस हों या ट्रंप- भारत- अमेरिका संबंध होते रहेंगे सशक्त

**प्रवासी भारतीयों ने अमेरिका में भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वे भारतीय फिल्मों, संगीत, कला और साहित्य को लोकप्रिय बनाने में सफल रहे हैं। इसके अलावा, भारतीय समुदाय अमेरिका के सामाजिक और सांस्कृतिक ताने-बाने में योगदान दे रहा है, बहुसांस्कृतिक समाज को मजबूत कर रहा है। बेशक, प्रवासी भारतीयों ने भारत और अमेरिका के बीच एक अद्वितीय पुल का निर्माण किया है। वे दोनों देशों की भाषाओं, संस्कृतियों और परंपराओं को समझते हैं, जिससे दोनों देशों के बीच आपसी समझ और सहयोग बढ़ता है। वे दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए एक महत्वपूर्ण माध्यम बन गए हैं।**





## आर.के. सिन्हा

**लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद**

अमेरिका में कल ही यानि 5 नवंबर को राष्ट्रपति पद के लिए मतदान होने जा रहा है। इसको लेकर सारी दुनिया के साथ भारत में भी गहरी दिलचस्पी ली जा रही है। हालांकि यह बात तो शीशे की तरह साफ है कि अमेरिका का अगला राष्ट्रपति चाहें भारतीय मूल की कमला हैरिस बने हैं या डोनाल्ड ट्रंप, दोनों देशों के संबंध बेहतर बने रहेंगे। भारत और अमेरिका के बीच संबंधों का एक लंबा इतिहास है, लेकिन 21वीं सदी में इन संबंधों ने एक नया आयाम ग्रहण किया है। आज यह दो लोकतांत्रिक महाशक्तियां एक दूसरे के महत्वपूर्ण भागीदार हैं, जो वैश्विक सुरक्षा, आर्थिक विकास और तकनीकी प्रगति में साथ मिलकर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। भारत और अमेरिका के संबंधों का इतिहास वैसे कहें तो जटिल ही रहा है। 1947 में भारत की आजादी के बाद, अमेरिका ने भारत को शीत युद्ध के दौरान एक महत्वपूर्ण सहयोगी के रूप में देखा। हालाँकि, 1960 और 1970 के दशक में, भारत की गुटनिरपेक्ष नीति और अमेरिका की पाकिस्तान के साथ निकटता के कारण दोनों देशों के बीच कुछ तनाव भी देखने को मिले। 1990 के दशक में, शीत युद्ध के खत्म होने और वैश्वीकरण के उदय ने भारत-अमेरिका संबंधों में एक नया अध्याय शुरू किया। दोनों देशों ने एक दूसरे के साथ व्यापार और निवेश को बढ़ावा दिया, और सुरक्षा क्षेत्र में सहयोग को मजबूत किया। आज, भारत-अमेरिका संबंध विभिन्न क्षेत्रों में गहरे और मजबूत हैं। भारत अमेरिका के लिए एक प्रमुख व्यापारिक भागीदार है, और अमेरिका भारत का सबसे बड़ा निवेशक है। दोनों देश एक दूसरे के बाजारों में अपनी पहुंच बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। दोनों देशों ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई, साइबर सुरक्षा और समुद्री सुरक्षा जैसे मुद्दों पर सहयोग को बढ़ावा दिया है। भारत और अमेरिका एक दूसरे के साथ तकनीकी क्षेत्र में सहयोग कर रहे हैं। भारत में टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में विकास की गति तेज है, और अमेरिकी कंपनियां भारत के बाजार में निवेश करने में रुचि रखती हैं। इसके साथ ही, दोनों देशों के बीच शिक्षा और संस्कृति के क्षेत्र में भी मजबूत संबंध हैं। कई भारतीय छात्र अमेरिका में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए जाते हैं, और अमेरिका में भारतीय संस्कृति की उपस्थिति बढ़ रही है। हालांकि भारत-अमेरिका संबंधों में प्रगति हुई है, लेकिन कुछ चुनौतियाँ अभी भी मौजूद हैं। दोनों देशों के बीच व्यापार संबंधों में कुछ असंतुलन है, जिसके कारण कुछ तनाव भी देखने को मिलता रहता है। भारत-अमेरिका संबंधों में प्रवासी भारतीयों की भूमिका भी खासी अहम रही है। अमेरिका में बसे भारतीयों ने अपनी मेहनत, प्रतिभा और सांस्कृतिक समृद्धि से दोनों देशों के बीच एक मजबूत सेतु का निर्माण किया है। प्रवासी भारतीयों का अमेरिकी अर्थव्यवस्था में योगदान अविश्वसनीय है। वे विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जिनमें प्रौद्योगिकी, चिकित्सा, वित्त और उद्यमिता शामिल हैं। ह्वसिलिकॉन वैलीह्व में भारतीय मूल के उद्यमी और कार्यकर्ता प्रौद्योगिकी क्रांति में अग्रणी भूमिका निभाते हैं। इसके अलावा, भारतीय-अमेरिकी व्यापारियों ने दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रवासी भारतीयों का अमेरिका में राजनीति पर भी महत्वपूर्ण प्रभाव है। वे विभिन्न राजनीतिक दलों में सक्रिय हैं और उच्च पदों पर पहुंचते हैं। कांग्रेस और राज्य विधानसभाओं में महत्वपूर्ण संख्या में भारतीय-अमेरिकी सांसद हैं। वे दोनों देशों की सरकारों के बीच संवाद और सहयोग को बढ़ावा देने में मदद करते हैं। प्रवासी भारतीयों ने अमेरिका में भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वे भारतीय फिल्मों, संगीत, कला और साहित्य को लोकप्रिय बनाने में सफल रहे हैं। इसके अलावा, भारतीय समुदाय अमेरिका के सामाजिक और सांस्कृतिक ताने-बाने में योगदान दे रहा है, बहुसांस्कृतिक समाज को मजबूत कर रहा है। बेशक, प्रवासी भारतीयों ने भारत और अमेरिका के बीच एक अद्वितीय पुल का निर्माण किया है। वे दोनों देशों की भाषाओं, संस्कृतियों और परंपराओं को समझते हैं, जिससे दोनों देशों के बीच आपसी समझ और सहयोग बढ़ता है। वे दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए एक महत्वपूर्ण माध्यम बन गए हैं। हालांकि यह भी सच है कि प्रवासी भारतीयों को भी कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। इनमें सांस्कृतिक अलगाव, भेदभाव और नस्लीय पूर्वाग्रह शामिल हैं। हालांकि, प्रवासी भारतीयों की मेहनत, प्रतिभा और सांस्कृतिक समृद्धि ने उन्हें अमेरिका में सफलता हासिल करने और दोनों देशों के बीच संबंधों को मजबूत करने में सफल बनाया है। भविष्य में, प्रवासी भारतीयों की भूमिका और भी महत्वपूर्ण होती जाएगी, क्योंकि वे दोनों देशों के बीच व्यापार, शिक्षा, संस्कृति और राजनीति के क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहेंगे। प्रवासी भारतीयों का भारत-अमेरिका संबंधों पर एक बहुआयामी और सकारात्मक प्रभाव है। वे दोनों देशों के बीच आर्थिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक और सामाजिक संबंधों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे दोनों देशों के बीच एक अद्वितीय पुल का निर्माण करते हैं, जिससे द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने में मदद मिलती है। प्रवासी भारतीयों की भूमिका भारत-अमेरिका संबंधों के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस बीच, अमेरिका में बसे भारतीयों की बात करते हुए हमें भारत में बस गए अमेरिकी नृत्गंना शेरोन लोवेन की भी चर्चा कर लेना चाहिए। शेरोन लोवेन मूल रूप से अमेरिकी हैं और वो बीते पचास सालों से भी कुछ अधिक समय से भारत की हो गई हैं। शेरोन लोवेन भारत की चोटी की ओड़िसी नृत्य की नृत्गंना हैं। उन्होंने अपना सारा जीवन ओड़िसी नृत्य सीखने और सिखाने में समर्पित कर दिया है। उन्होंने भारत और भारत से बाहर सैकड़ों कार्यक्रमों में अपने चमत्कारी नृत्य से दर्शकों का भरपूर प्यार पाया है। वो जन्म से यहूदी हैं। पर वो बुद्ध और सनातन परंपरा को गहराई से जानती हैं और उसका गहन अध्ययन भी करती हैं। शेरोन लोवेन से अब अमेरिका बहुत दूर छूट चुका है। वह भारतीय हो गई हैं। शेरोन लोवेन 1975 में मिशिगन विश्वविद्यालय से मानविकी, ललित कला, एशियाई अध्ययन और नृत्य में बीए और एमए करने के बाद दिल्ली में मणिपुरी नृत्य को सीखने के लिए भारत आईं थीं। उन्हें यहां गुरु केलुचरण महापात्रा के रूप में पहला गुरु मिला। तो कह सकते हैं कि भारत- अमेरिका संबंधों को सशक्त करने में शेरोन लोवेन जैसी विभूतियों का योगदान भी कोई कम नहीं रहा है।

# राज्य के विकास की नब्ज पर साय सरकार की मजबूत पकड़

**माओवादी प्रभावित क्षेत्र के बच्चों के लिए 15 प्रयास आवासीय विद्यालय का संचालन किया जा रहा है। इन विद्यालयों में मेधावी विद्यार्थियों को अखिल भारतीय मेडिकल और इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा की तैयारी कराई जा रही हैं। नई दिल्ली में संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा की तैयारी के लिए संचालित यूथ हॉस्टल में सीटों की संख्या 50 से बढ़ाकर 185 कर दी गई है। मिलकर 49 हजार करोड़ रूपए सीधे उनके बैंक खातों में अंतरित किए गए। छत्तीसगढ़ में किसानों से धान खरीदी शुरू से ही चुनौतीपूर्ण रही है**





## पवन गुप्ता

**लेखक संयुक्त संचालक जनसंपर्क**

छत्तीसगढ़ के नीति निर्धारकों को दो कारकों पर विशेष ध्यान रखना पड़ता है एक तो यहां की आदिवासी बहुल आबादी और दूसरी यहां की कृषि प्रधान अर्थव्यस्था। राज्य की नीतियां तय करते समय इन दोनों की अनदेखी नहीं की जा सकती, दोनों को ही बराबर महत्व देना पड़ता है। हाल ही में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ सहित देश में माओवादी आतंक के खात्मे के प्रति केन्द्र सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया है। केन्द्र के इस फैसले ने राज्य को समृद्धि के रास्ते में आगे जाने के संकल्प को और मजबूती दी है। छत्तीसगढ़ में डबल इंजन की सरकार बनते ही यहां मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार ने विकसित भारत और विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प को लेकर काम करना शुरू कर दिया है। लगभग तीन करोड़ की आबादी वाला यह राज्य आत्मनिर्भर और विकसित भारत के निर्माण में योगदान दे रहा है। साय सरकार ने छत्तीसगढ़ की बागडोर संभालते ही राज्य के विकास की दिशा को तय करने वाले दो प्रमुख कारकों आदिवासी समुदाय और किसान दोनों पर शुरू से ही ध्यान दिया है। राज्य में लोगों को स्वच्छ और पारदर्शी प्रशासन के वायदे को लेकर आयी साय सरकार आई.टी. और ए.आई आधारित प्रणाली को पूरी प्रतिबद्धता के साथ अपनाना शुरू कर दिया है। राज्य में कृषक उन्नति योजना खेती-किसानी के लिए एक नया संबल बनी है। इसके चलते कृषि समृद्ध और किसान खुशहाल हुए हैं। राज्य में खेती-किसानी को नई ऊर्जा मिली है। राज्य में उन्नत खेती को बढ़ावा मिल रहा है। राज्य सरकार के किसान हितैषी फसलों का असर अब खेती-किसानी में साफ दिखाई देने लगा है। उन्नत कृषि यंत्रों का उपयोग खेती-किसानी में बढ़ा है। बीते खरीफ विपणन वर्ष में किसानों से 145 लाख मीट्रिक टन धान समर्थन मूल्य पर खरीदा गया है, जिसके एवज में 32 हजार करोड़ रूपए भुगतान किया गया है। छत्तीसगढ़ सरकार ने अपने संकल्प के अनुरूप राज्य के किसानों को दो साल के धान की बकाया बोनस राशि 3716 करोड़ रूपए का भुगतान किया। कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत किसानों को धान की मूल्य की अंतर राशि के रूप में 13 हजार 320 करोड़ रूपए का भुगतान किया गया है। इस तरह किसानों को कुल मिलाकर 49 हजार करोड़ रूपए सीधे उनके बैंक खातों में अंतरित किए गए। छत्तीसगढ़ में किसानों से धान खरीदी शुरू से ही चुनौतीपूर्ण रही है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की सरकार ने समर्थन मूल्य पर 14 नवम्बर से धान खरीदी करने जा रही है। धान उपार्जन केन्द्रों में छत्तीसगढ़ सरकार के दिशा-निर्देश के मुताबिक सभी तैयारियां की जा रही है। इस साल राज्य में बेहतर बारिश एवं अनुकूल मौसम के चलते धान के विपुल उत्पादन की उम्मीद है। इसको देखते हुए राज्य में समर्थन मूल्य पर 160 लाख मीटरिक टन धान उपार्जन अनुमानित है। राज्य में किसानों से 31 जनवरी 2025 तक धान की खरीदी की जाएगी। राज्य के किसानों को खेती-किसानी के लिए वर्तमान खरीफ सीजन में 6500 करोड़ रूपए के अल्पकालीन ऋण बिना ब्याज के दिए जा चुके हैं। अधिक से अधिक किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। यहां के किसान अब ई-नाम पोर्टल (कृषि बाजार) के माध्यम से अपने उपज का अधिकतम मूल्य प्राप्त कर सकेंगे। किसानों के हित में छत्तीसगढ़ सरकार ने एक महत्वपूर्ण फैसला लेते हुए छत्तीसगढ़ कृषि उपज मंडी अधिनियम में संशोधन किया है। इसके तहत अन्य प्रदेश के मंडी बोर्ड अथवा समिति के एकल पंजीयन अथवा अनुज्ञप्तिधारी व्यापारी एवं प्रसंस्करणकर्ता, राज्य के किसानों से उनकी उपज खरीद सकेंगे, इससे उत्पादक किसानों को लाभ होगा। किसानों को उन्हें पंजीयन की जरूरत नहीं होगी। राज्य के बस्तर और अन्य हिस्सों में माओवादी आतंक को समाप्त करने के लिए सख्ती से कदम उठाए गए हैं। इसमें केन्द्र और राज्य सरकार आपसी तालमेल बनाए हुए हैं। माओवादी आतंक भी अब कुछ ही क्षेत्रों में सिमट कर रह गया है। यहां नियद नेल्लानार जैसी नवाचारी योजना से लोगों का सरकार के प्रति फिर से विश्वास लौट रहा है। माओवादी आतंक से प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा कैम्प के आस-पास के दायरे में लोगों की मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ केन्द्र और राज्य सरकार के शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा हैं। माओवादी आतंक से प्रभावित जिलों में युवाओं को तकनीकी व्यवासायिक पाठ्यक्रम में पढ़ाई के लिए ब्याज मुक्त ऋण की सुविधा दी जा रही हैं। इस पहल से आदिवासी समुदाय की युवाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। वनवासियों की आय बढ़ाने के लिए वनोपज के संग्रहण और प्रसंस्करण पर सरकार विशेष ध्यान दे रही हैं। लघु वनोपज की खरीदी समर्थन मूल्य पर हो रही है। इन लघु वनोपजों का वनधन केन्द्रों में प्रसंस्करण भी किया जा रहा है। वनवासियों को तेन्दूपत्ता पारिश्रमिक भी बढ़ाकर 5500 रूपए प्रति मानक बोरा किया गया है। महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए महतारी वंदन योजना में 70 लाख महिलाओं को हर महीने एक-एक हजार रूपए की राशि उनके बैंक खाते में सीधे अंतरित की जा रही है। अब तक इसकी नौ किस्त जारी की जा चुकी है। प्रदेश में नई शिक्षा नीति भी लागू कर दी गई है। राज्य में मातृभाषा में बच्चों को शिक्षा देने के लिए नए पाठ्यक्रम तैयार किए जा रहे हैं। जनजातीय समुदाय के बच्चों के लिए बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए 75 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं।



## सुशील देव

# यमुना को बचाने का मिशनः एक भिक्षुक का अनोखा अभियान

दिल्ली के जाने-माने पत्रकार रविशंकर तिवारी अब यमुना को बचाने के लिए एक भिक्षुक की तरह मैदान में उतर चुके हैं। लगभग 25 वर्षों तक हिंदी पत्रकारिता में सेवा देने के बाद, उनके दिल में यमुना की स्थिति को लेकर गहरी पीड़ा जाग उठी। उन्होंने ठान लिया कि यमुना को प्रदूषण मुक्त करना नितांत आवश्यक है। सरकारों ने यमुना की सफाई के लिए प्रयास तो किए हैं, पर तिवारी ने सोचा कि अगर उनके छोटे-छोटे कदम भी यमुना और दिल्ली के कल्याण में सहायक हो सकते हैं, तो यह प्रयास करना सार्थक होगा। रविशंकर तिवारी बताते हैं कि यमुना के पुनर्जीवन का विचार उनके मन में स्वतः ही आया। उन्होंने यह विचार अपने दोस्तों, समाजसेवियों और राजनीतिक व्यक्तियों से साझा किया, और सभी ने समर्थन देने का वादा किया। इसके बाद, उन्होंने इस विचार को साकार करने की दिशा में कदम बढ़ाए। 3 नवंबर 2024, भाई दूज के दिन, दिल्ली के आईटीओ घाट पर यमुना मैया की पूजा-अर्चना कर उन्होंने विधिवत संकल्प लिया। खास बात यह है कि इस अभियान में यमुना की शुद्धि के लिए भिक्षाटन भी किया जाएगा। यह एक साल चलने वाला अनोखा जन जागरण अभियान है, जिसे ह्वयमुना संसदह्व का नाम दिया गया है। यमुना संसद का विशेष अभियान यमुना संसद द्वारा शुरू किया गया




यह अभियान दिल्ली-एनसीआर से लेकर ब्रज क्षेत्र तक यमुना की पीड़ा को हर घर तक पहुंचाएगा। यमुना के हितैषी, जिन्हें तिवारी ह्वयमुना पुत्रह्व कहते हैं, तन, मन और धन से इस अभियान में सहयोग करेंगे। यह जागरूकता अभियान अगले साल भाई दूज तक चलेगा। इस दौरान, तिवारी दिल्ली और ब्रज क्षेत्र के घर-घर जाकर यमुना की स्थिति से लोगों को अवगत कराएंगे और उनसे यमुना के शुद्धिकरण के लिए योगदान की अपील करेंगे। रविवार को दिल्ली के आईटीओ छठ घाट पर इस अभियान का आरंभ अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा यज्ञ और शंखनाद के साथ हुआ। कार्यक्रम में राष्ट्रवादी चिंतक केएन गोविंदाचार्य, कथा वाचक अजय भाई, विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधि, स्कूल और विश्वविद्यालयों के शिक्षक-छात्र, और समाज के कई वर्गों के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। यमुना के तट पर मौजूद बहनों ने अपने भाइयों से इस अभियान को सफल बनाने का वचन लिया। यमुना की दुर्दशा पर गहरी चिंता रविशंकर तिवारी बताते हैं कि ऐतिहासिक दृष्टि से दिल्ली यमुना के किनारे कई बार बसी और उजड़ी है। यमुना ने दिल्ली की उन्नति में अहम भूमिका निभाई है, लेकिन अब यमुना और दिल्ली के बीच की नजदीकी खत्म होती जा रही है। लोग यमुना के महत्व को भूलते जा रहे हैं, जो अत्यंत चिंताजनक है। उनका कहना है कि एक साफ और पवित्र नदी आसपास के वातावरण को भी पवित्र बनाती है। हमें यह समझना होगा कि यमुना की अनदेखी हमारे भविष्य के लिए घातक साबित हो सकती है। तिवारी का मानना है कि अगर यमुना नदी समाप्त हो गई, तो दिल्ली का अस्तित्व भी खतरे में पड़ जाएगा। इसलिए यह अभियान यमुना को बचाने के लिए है, ताकि दिल्ली भी बच सके। भिक्षाटन के माध्यम से जुटाए गए धन का उपयोग यमुना की सफाई, देखभाल और उसके विकास में किया जाएगा। साथ ही, इस अभियान के जरिए यमुना और दिल्लीवासियों के बीच की डोर को मजबूत किया जाएगा। एक नई शुरूआत की उम्मीद तिवारी कहते हैं कि बीते दो वर्षों से उनके मन में यह विचार पनप रहा था। उन्होंने देखा कि यमुना संसद की मुहिम शुरू हो चुकी है, और अब इसे और मजबूती से आगे बढ़ाना आवश्यक है। आईटीओ छठ घाट पर बड़ी संख्या में यमुना प्रेमियों का समर्थन देखकर उन्हें विश्वास हो गया है कि वे अकेले नहीं हैं। इस अभियान को पूरे देश से अभूतपूर्व सहयोग और स्नेह मिल रहा है। जो भी लोग इस पवित्र प्रयास में जुड़ना चाहते हैं, उनके लिए अभियान के द्वार खुले हैं। यह एक नए इतिहास की रचना का समय है, जिसमें सबको साथ लेकर आगे बढ़ना है। नए संवत 2081 में यह भी दिखाई दे सकेगा कि एक ओर भारत अपने भरपूर खाद्यान्न भंडारों से देश के लोगों की खाद्य सुरक्षा निश्चित कर रहा है, वहीं दूसरी ओर दुनिया की खाद्य सुरक्षा में मददगार बना हुआ है। कोविड-19 के चुनौतीपूर्ण समय से भारत में 80 करोड़ से अधिक कमजोर वर्ग के लोगों को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) के तहत मुफ्त खाद्यान्न दिए जाने का बेमिसाल अभियान चलाया जा रहा है और इससे देश में अत्यधिक गरीबी में कमी आ रही है। हाल ही में विश्व बैंक ने गरीबी अवलोकन और विकास रिपोर्ट 2024 में बताया है कि भारत में अत्यधिक गरीबी में कमी आई है। इस समय वैश्विक आबादी के करीब 70 करोड़ लोग अत्यधिक गरीबी यानी 181 रुपए (करीब 2.15 डॉलर) प्रतिदिन से कम पर जीवनयापन कर रहे हैं।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com



# छठ घाटों पर विशेष चौकसी बरते सभी पुलिस पदाधिकारी :डीएसपी विपल्व कुमार

## क्राईम मीटिंग में पुलिस पदाधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता



मधुबनी जयनगर सोमवार को अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी कार्यलय के कक्ष में डीएसपी विपल्व कुमार के द्वारा अनुमण्डल क्षेत्र के सभी थाना अध्यक्ष के साथ मासिक अपराध गोष्ठि सह समीक्षा बैठक आयोजित की गई। समीक्षा बैठक के दौरान डीएसपी विपल्व कुमार ने बैठक में उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों को कहा कि छठ पूजा के मद्देनजर घाटो पर व काली पूजा मेला सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतिमा विसर्जन समेत आगामी पर्व त्योहार को ले विशेष चौकसी बरते। छठ व्रतियों व श्रद्धालुओ आम लोगों की सुरक्षा सुविधा प्रदान करना हमारी पहली प्राथमिकता है।छठ घाटों पर पुलिस बलों की तैनाती करने क्षेत्र में अहले सुबह दिवा संध्या रात्रि विशेष सघन गस्ती और वाहन चेकिंग अभियान चलाने समेत कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये। विधिव्यस्था बनाये रखने और पर्व त्योहार को देखते हुए विशेष सतर्कता की जरूरत है अपराध नियंत्रण और शान्ति व्यवस्था कायम रखना हमारी पहली प्राथमिकता हैं। कारण क्राइम कंट्रोल तथा शराब धंधेबाजो पर नकेल कसना निरंतर जारी रखने की हिदायत दी। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि किसी तरह की लापरवाही व कोताही बर्दाश्त नही की जाएगी। लंबित कांडो की समीक्षा कर लम्बित कांडों का निष्पादन जल्द करने केसो के संधारण विभिन्न विभागीय कागजातो अभिलेखो की गहन जांच की और समीक्षा करते हुये अभियान के तहत फरार वारंटियों की गिरफ्तारी करने का निर्देश दिया। सूचना तंत्र और टीम वर्क के तहत कार्यो का निष्पादन करे। आम जनों की सुरक्षा और क्षेत्र में विधि व्यस्था और शांति बनाये रखने को ले चौकीदार को भी गस्त लगाने समेत दिशा निर्देश देने। हम सभी अपनी अपनी जिम्मेदारियों के तहत कार्यो का निर्वहन करे। जेल से छूटे हुए अपराधियों पर भी पैनी नजर और जानकारी रखे। बैको में चेकिग और आसपास भी गस्त लगाये। बैको में बिना कार्यो के संदिग्ध लोग दिखने पर गहन पूछ ताछ और जाँच करे। सीमांचल क्षेत्र होने के कारण असमाजिक तत्वो पर पैनी नजर रखने, अपराध नियंत्रण को लेकर वर्षा के कारण सम्भावित अपराध की सम्भावनाओं के बावत रात्रि गश्ती बढ़ाने एसएसबी व नेपाल पुलिस एपीएफ के बॉर्डर क्षेत्र में संयुक्त रूप से पेट्रोलिंग करने असमाजिक तत्वों और सोशल मीडिया पर पैनी नजर रखने अफवाह फैलाने और सोशल मीडिया पर आपत्ति जनक भड़काऊ पोस्ट करने वाले व विधि व्यवस्था भंग करने वालों पर चिन्हित कर कार्रवाई करने समेत कई आवश्यक दिशा निर्देश उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों को दिये। क्राईम सह समीक्षा बैठक में प्रशिक्षु डीएसपी सह जयनगर थाना अध्यक्ष अंकुर कुमार लदनिया थाना अध्यक्ष धनंजय कुमार बासोपट्टी थाना अध्यक्ष अरविंद कुमार देवधा थाना अध्यक्ष प्रीति भारती समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

# 13 नवंबर को दरभंगा आएंगे पीएम मोदी ,एम्स का करेंगे शिलान्यास : सांसद



प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा ।13 नवंबर को मिथिला के नव निर्माण की नींव रखी जायेगी। दरभंगा में बिहार के दूसरे एम्स का शिलान्यास कर आठ करोड़ से अधिक मिथिलावासियों के स्वर्णिम भविष्य और ऐतिहासिक विकास का सौगात देंगे। इस पुनीत कार्य के लिए मिथिलावासियों की ओर से पीएम नरेन्द्र मोदी एवं भाजपा के सभी शीर्ष नेतृत्व तथा एनडीए सरकार को साधुवाद है। देश के लोकप्रिय एवं यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा इस महीने13 नवंबर को दरभंगा एम्स के शिलान्यास संबंधी घोषणा का दरभंगा के सांसद सह लोकसभा में पार्टी के सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने हर्ष व्यक्त किया है तथा इसे साढ़े आठ करोड़ मिथिलावासियों के लिए एतिहासिक बताया है। सांसद डा ठाकुर ने प्रधानमंत्री श्री मोदी जी के हाथो होनेवाले एम्स शिलान्यास कार्यक्रम को सम्पूर्ण मिथिला क्षेत्र के लिए गौरव की बात बताते हुए कहा कि पीएम मोदी जी और भाजपा ने सदैव मिथिला के सर्वांगीण विकास और मान सम्मान की भावना को स्थापित किया है जिसका ज्वलंत उदाहरण बिहार का दूसरा एम्स का सपना दरभंगा में साकार होने जा रहा है।दरभंगा में बिहार के दूसरे एम्स की स्वीकृति मिलने से लेकर वित्तीय मंजूरी मिलने के बाद जमीन हस्तांतरण में जब विलंब हुआ तो बिहार के सीएम नीतीश कुमार से उनके आवास पर पहुंचकर वस्तु स्थिति से अवगत कराया जिसका परिणाम हुआ कि मुख्यमंत्री से मिलने के बाद एक सप्ताह के अंदर जमीन हस्तांतरण की प्रक्रिया पूरी की गई तथा केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने आकर हस्तांतरित जमीन का भौतिक निरीक्षण किया।सांसद डा ठाकुर ने पीएम मोदी को नव भारत का आधुनिक विश्वकर्मा बताते हुए कहा मिथिला आदिकाल से ज्ञान और संस्कार की भूमि रही है और इस कार्यक्रम मे पीएम मोदी के आगमन से मिथिला का सम्मान देश स्तर पर महिमामदित होगी ।

## संक्षिप्त खबरें

### मारपीट की घटना में दो जख्मी

कल्याणपुर, समस्तीपुर। थाना क्षेत्र के अजना पंचायत के बाकीपुर गांव में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में दो लोग जख्मी हुए। परिजनों के सहयोग से दोनों जख्मी को सामुदायिक अस्पताल में ईलाज के लिए भर्ती कराया गया। जहां जख्मी की पहचान गांव के ही पुलकीत राय के 45 वर्षीय पुत्र दिनेश राय व पत्नी 42 वर्षीय भूखली देवी के रूप में की गई है। वहीं प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष विकास केशव ने बताया कि जख्मी के परिजन द्वारा आवेदन मिलने पर आगे कार्रवाई किया जाएगा।

### छठ महापर्व को लेकर दरभंगा शहर ट्रैफिक रूट का हुआ प्लान निर्धारित

दरभंगा(आससे)। माहा आस्था का महापर्व छठ के अवसर पर दरभंगा शहरी क्षेत्र,लहेरियासराय एवं विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र अंतर्गत छठ घाटों पर काफी भीड़-भाड़ होने की संभावना रहती है। इस अवसर पर दरभंगा शहर के निवासियों की सुविधा हेतु शहरी क्षेत्र अंतर्गत भीड़-भाड़ एवं जाम की समस्या से निजात हेतु दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों के लिए रूट एवं ट्रैफिक प्लान निर्धारित किया गया है। विकास कुमार अनुमंडल पदाधिकारी दरभंगा ने कहा कि 06 एवं 07 नवम्बर को रहेगा प्रतिबंधित।चट्टी चौक से लहेरियासराय आने वाले वाले मार्ग पूर्णतः बंद रहेंगे।पण्डासराय रेलवे गुमटी से लोहिया चौक आने वाले मार्ग पुर्णतः बंद रहेंगे।एकमी घाट से लोहिया चौक आने वाले मार्ग पूर्णतः बंद रहेंगे।लोहिया चौक से बाकरगंज एवं पण्डासराय की ओर मात्र पुजा से सम्बंधित वाहन को ही जाने की अनुमति है।दारू भट्टी चौक से बाकरगंज की ओर केवल पुजा से सम्बंधित वाहन को ही जाने की अनुमति है। अन्य वाहन जीएन गंज से कॉमर्शियल चौक की ओर स्वतः मुड़ जाएँगे।नाका नं 6 से जिला स्कूल की ओर मात्र पुजा से सम्बंधित वाहनों को ही प्रवेश की अनुमति रहेगी।बेला मोड़ से भण्डार चौक की ओर जाने वाले मार्ग में पूजा से सम्बंधित दो पहिया वाहनो के अतिरिक्त अन्य वाहनों का परिगमण पुर्णतः बाधित रहेगा।भण्डार चौक से ओवर ब्रीज की ओर जाने वाले मार्ग पर कॉमर्शियल वाहन पूर्णतः बाधित रहेंगें।रेलवे स्टेशन से हराही पोखर,विद्या मन्दिर की ओर जाने वाले मार्ग पूर्णतः बाधित रहेंगे।रेलवे स्टेशन से मिजार्पुर चौक होते हुए वाहनों की निकासी की जाएगी।डेनवी रोड से हराही पोखर जाने वाले मार्ग पूर्णतः बाधित रहेंगे।कर्बला से हराही पोखर जाने वाले मार्ग पूर्णतः बाधित रहेंगे।

### भूमि विवाद में दो पक्षों के बीच फायरिंग, मारपीट एक घायल

दरभंगा।श्राद्ध के तेरहवीं की भोज में भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट में एक अधेड़ बुरी तरह जख्मी हो गया। इस दौरान फायरिंग होने से भगदड़ मचने और तीन-चार लोगों के चोटिल होने की बात भी सूचना है। घटना रविवार देर रात नगर थाना क्षेत्र के जीतूगाछी रामबाग फुलवारी मोहल्ले में हुई है। जख्मी लहेरियासराय थाना क्षेत्र के उर्दू बाजार नीम चौक निवासी स्वर्गीय रामनारायण ठाकुर के पुत्र उमाशंकर शर्मा (52) हैं। बताया जाता है कि उमाशंकर शर्मा और लहेरियासराय के बीबीपाकड़ मुहल्ला निवासी ललित शर्मा के बीच पुराना भूमि विवाद है। रविवार रात दोनों पक्ष रामबाग फुलवारी निवासी रघुनाथ ठाकुर के मां की तेरहवीं के भोज में पहुंचे। जहां दोनों पक्षों में तू-तू, मैं-मैं, गाली-गलौच होने लगा। जख्मी के भतीजे विकास कुमार ने बताया कि ललित शर्मा ने फोनकर स्थानीय लोगों को बुलाया। जिसके बाद करीब सात युवकों ने पहुंचकर एक राउंड फायरिंग कर दी। जिससे भोज में भगदड़ मच गया। तीन-चार लोग गिरकर चोटिल हो गए। जबकि आरोपियों ने उमाशंकर शर्मा को जमकर पीटा और सिर फटने से वे लहूलुहान हो गए। बताया जाता है कि घटना की सूचना पर नगर थाने की पुलिस दलबल के साथ पहुंची तो आरोपित फरार हो गए।

# पहले घर पर फेंका था बम, बाद में रास्ते में रोककर जबरन लूटपाट की घटना की

● बदमाशों को हो गई थी पुलिस को दी गई सूचना की जानकारी, गोली फायर कर किया था हत्या का प्रयास

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के सिलौत में बदमाशों के द्वारा हथियार लहरा कर दहशत फैलाने के मामले में सिलौत के दशरथ नारायण ठाकुर के पुत्र मनोज कुमार ठाकुर के आवेदन पर मुफ्फसिल थाने में पांच बदमाशों को नामजद व 15-20 अज्ञात के विरुद्ध एफआईआर दर्ज किया गया है। पुलिस ने इस मामले में सिलौत हरपुर निजामत के दशरथ राय के पुत्र सोनू कुमार ऊर्फ फुलवा व राहुल कुमार ऊर्फ कट्टो, चकनूर के विनय राय के पुत्र मनीष कुमार एवं धरमपुर के स्व. मो. वकील के पुत्र मो. जावेद को गिरफ्तार कर चुकी है। वहीं एक नामजद अभियुक्त सिलौत हरपुर निजामत के राजेश कुमार उर्फ झम्मा व अन्य अज्ञात बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। पुलिस ने इनके विरुद्ध जबरन रोकने, ग्रुप के साथ मिलकर संपत्ति को नष्ट करने की धमकी देते हुए चोट पहुंचाने, हत्या का प्रयास व आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज किया है। दर्ज एफआईआर में कहा गया है कि दीपावली की रात पीड़ित मनोज कुमार ठाकुर के घर पर अज्ञात बदमाशों के द्वारा बम फेंक दिया गया था, हालांकि संयोगवश बम विस्फोट नहीं हो सका था। उनकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने इसकी छानबीन की थी। शहर से घर वापस आने के दौरान दो नवंबर की रात करीब 10 बजे सोनू कुमार उर्फ फुलवा, राहुल कुमार उर्फ झम्मा व मनीष कुमार ने उन्हें रास्ते में जबरन रोककर उनके साथ लूटपाट की घटना की थी। जिसकी सूचना उन्होंने लिखित रूप से पुलिस को दी थी, लेकिन पुलिस से की गई शिकायत की सूचना बदमाशों को लग गई थी। इसके बाद तीन नवंबर को सिलौत दुर्गा स्थान के पास पिस्तौल से लैस नामजद सभी आरोपियों व अज्ञात बदमाशों ने उन्हें रास्ते में घेर लिया और गाली-गलौज करते हुए जान मारने की नीयत से उनके ऊपर गोली भी फायर किया, जिसमें वह बाल-बाल बच गए। घटना के दौरान शोर-शराबे को सुनकर जुटे ग्रामीणों ने चार बदमाशों को खदेड़ कर पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। दर्ज एफआईआर में कहा गया है कि सभी बदमाश एक टीम बनाकर शराब का धंधा करते हैं और खुलेआम हथियार का प्रदर्शन कर गांव में दहशत फैला कर लोगों से रंगदारी वसूलते हैं। वहीं इस संबंध में मुफ्फसिल थानाध्यक्ष पिंकी प्रसाद ने बताया कि पीड़ित के आवेदन के आधार पर एफआईआर दर्ज किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजे जाने की प्रक्रिया की जा रही है। अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# स्थानीय प्रशासन के प्रयास से सड़क हुआ अतिक्रमण मुक्त



कल्याणपुर, प्रात : किरण संवाददाता

थाना क्षेत्र के समस्तीपुर-दरभंगा मुख्य पथ के बैगन चौक के समीप वर्षो से लग रही अवैध सब्जी मंडी को अंचल पदाधिकारी शशि रंजन कुमार एवं थाना अध्यक्ष की चेतावनी पर सोमवार को सड़क पर लग रही सब्जी मंडी को हटा देने की बात अंचल पदाधिकारी ने बताई। उन्होंने आगे बताया कि किसानों के सब्जी बिक्री को लेकर मुख्य सड़क के सिंघिया चौक के एक किसान के निजी जमीन पर लगाया गया। बताया गया है कि सब्जी मंडी को लेकर सड़क काफी संकीर्ण हो गई थी। जिससे यात्रियों को सफर करने वाले वाहन गाड़ी से लेकर आम आदमी तक को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। इतना ही नहीं दरभंगा मेडिकल कॉलेज दरभंगा एयरपोर्ट जाने वाले बीमारियों सहित यात्रियों को घंटों जाम में फंसना पड़ता था। वहीं दूसरी ओर बैगन चौक के समीप के स्थानीय गांव के युवक सड़क के किनारे लग रहे पुराने हाट को ग्रामीणों के सड़क के किनारे निजी जमीन पर लगाने की तैयारी चल रही।

# योजनाओं पर आधारित नुक्कड़ नाटक का किया गया आयोजन




प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी सूचना जनसंपर्क विभाग द्वारा चयनित संस्था जन जागरण युवा समिति मधुबनी तथा संगीत एवं ललित कला समिति मधुबनी द्वारा जिला जनसंपर्क कार्यालय मधुबनी के तत्वाधान में श्रम संसाधन विभाग के योजनाओ पर आधारित नुक्कड़ नाटक का आयोज किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बताया गया कि सरकार द्वारा श्रमिकों का पंजीकरण कराया जा रहा है । पंजीकृत श्रमिकों को दुर्घटना या मृत्यु होने पर राशि प्रदान की जाएगी तथा श्रमिको को पेंशन भी प्रदान की जाएगी। श्रमिको को पंजीकरण के लिए आधार कार्ड फोटो बैंक पासबुक एवं 90 दिन किए गए काम स्वलिखित प्रमाण पत्र निबंधन के समय देना होगा। आज बेनीपट्टी बाजार के निकट एवं ऊंचेट शक्तिपीठ के निकट नुक्कड़ नाटक किया गया। जिसमें कलाकार के रूप में रागिनी झा निशांत कुमार रूपांजलि कुमारी मनजीत गुप्ता संजीव कुमार अवध कपड़ी गोपाल कपड़ी संतोष यादव शहित 10 कलाकारो ने अपनी कला के माध्यम से लोगों को जागरूक किया ।वहीं दूसरी ओर आज फूलपरास प्रखंड के निकट एवं फूलपरास बाजार में नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। जिसमें कलाकार के रूप में स्वाति कुमारी मनोज राम रमेश राम अघनु दास अनिल कुमार राजू कुमार चौधरी मृत्युंजय शाह विकास कुमार निभा झा 10 कलाकार शामिल हुए । कलाकारों ने गीत संगीत एवं नाटक के माध्यम से श्रम संसाधन विभाग द्वारा चलाए जा रहा है योजनाओं के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होने बताया कि विभिन्न स्थानों पर 6 नवंबर24 तक नाटक आयोजित किए जाएंगे। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बताया गया कि सरकार द्वारा श्रमिको का पंजीकरण कराया जा रहा है। इसके साथ ही श्रम संसाधन विभाग के कई योजनाओ की जानकारी नुक्कड़ नाटक गीत संगीत के माध्यम से दी जा रही है । संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा नुक्कड़ नाटक टीम का मॉनिटर भी किया जा रहा है।

# सदर एसडीओ दिलीप कुमार के छापेमारी कार्रवाई से मचा हड़कंप



समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

आगामी लोक आस्था का महान छठ पर्व के मद्दे नजर खाद्य सुरक्षा में मिलावट की रोकथाम को लेकर समस्तीपुर शहर के मुख्य बाजार के सभी आलू प्याज लहसुन के गोदाम पर एवं अन्य जनरल स्टोर के मुख्य विक्रेताओं के यहां गुड़, सत्तू, बेसन, सरसों तेल, देसी घी इत्यादि पर छापामारी कर सैंपल लिया गया। सदर एसडीओ दिलीप कुमार के नेतृत्व में एवं साथ में खाद्य निरीक्षक तपेश्वरी सिंह के साथ छापेमारी की कार्रवाई की गई है। उन्होने बताया कि लोगों के स्वास्थ्य के मद्देनजर मिलावटी खाद्य समाग्री के विरुद्ध ये कार्रवाई की गई है। उन्होने बताया कि लगातार मिलावटी खाद्य समाग्री की मिल रही शिकायतों को लेकर ये अभियान चलाया गया है व आगे भी अभियान चलाया जाएगा। वहीं इस कार्रवाई को लेकर व्यापारियों मे हड़कंप मच गया है।

# ग्रामीण क्षेत्र में शिविर के माध्यम से मरीजों को किया जाता है मुफ्त स्वास्थ्य सेवा : डॉ.अशोक सिंह

प्रात : किरण संवाददाता



सिंहवाड़ा(दरभंगा)।स्वामी विवेकानंद मल्टीस्पेसिलिटी हॉस्पीटल मब्बी व रेडक्रॉस सोसायटी की ओर से निःशुल्क चिकित्सा जाँच शिविर का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर पैगंबरपुर टैलेंट जोन पब्लिक में सोमवार को किया गया। स्वामी विवेकानंद कैंसर अस्पताल के संस्थापक डॉ. अशोक कुमार सिंह ने कहा ग्रामीण क्षेत्र में कैंप के माध्यम स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता व मरीजों को मुफ्त इलाज करने के उद्देश्य से यह आयोजन सप्ताह में प्रत्येक रविवार को जगह-जगह किया जाता है।शिविर के माध्यम से ब्लड, अल्ट्रासाउंड, एक्सरे,दवा की निःशुल्क व्यवस्था की जाती है।असाध्य रोगी को कैंप में पंजीकृत होने के बाद सर्जरी की मुफ्त सुविधा प्राथमिकता के साथ उपलब्ध कराया जाता है। हड्डी रोग विशेषज्ञ डा आर बी खेतान ने कहा जीवन अनमोल है।स्वास्थ्य के प्रति सजगता रखना सभी का कर्तव्य है।शिविर में सभी प्रकार के रोगियों की समुचित प्रबंध रहता है।कैंसर अस्पताल के निदेशक डा शमसे आलम, डा. अपराजिता, डा शिवेन्द्र, जीतेन्द्र कुमार ,आशीष शराफ सहित सभी आगत अतिथि का पाग चादर व पुष्प से टैलेंट जोन पब्लिक स्कूल के निदेशक हामिद मुजफ्फर चाँद ने सम्मानित किया।कहा लगभग 250 मरीजों ने निःशुल्क चिकित्सा परामर्श, बी पी, शुगर, ई सी जी का मुफ्त जाँच के साथ आवश्यक दवा का लाभ प्रदान किया है।मौके पर कटासा,पैगंबरपुर, कठहलिया,भवानीपुर, सिंहवाड़ा की महिला पुरूष व बच्चों के स्वास्थ्य की जांच कर मुफ्त परामर्श चिकित्सक की टीम की ओर से दिया गया।

# डीएम के अध्यक्षता में जिला खेल महोत्सव की सफलता के लिए हुई बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। जिला खेल महोत्सव के आयोजन हेतु एक बैठक जिलाधिकारी सह अध्यक्ष जिला खेल संघ दरभंगा राजीव रौशन की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में आगामी जिला स्तरीय जिला खेल महोत्सव 2024 की तैयारी तथा उसकी तिथि एवं व्यवस्थित कार्यक्रम की रूपरेखा का विवरण दरभंगा जिला खेल संघ के सचिव जितेंद्र कुमार सिंह ने जिलाधिकारी के समक्ष रखा। जिलाधिकारी ने पूर्व से निर्धारित तिथि में बदलाव कर इसे 15 नवंबर से 18 नवंबर तक करने का निर्देश दिया। उन्होंने आयोजन समिति, खेल समिति एवं विभिन्न खेल विधाओं की दृष्टि से उसकी कार्यकारणी बनाने के लिए विशेष दिशा निर्देश दिया।जिला खेल संघ दरभंगा के सचिव जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि इस जिला खेल महोत्सव में एथलेटिक्स, टेबल टेनिस, कबड्डी, वॉलीबॉल, हैंडबॉल, खो खो, शतरंज, बैडमिंटन, टेनिस बॉल क्रिकेट एवं कुश्ती में बालक एवं बालिका टीम को सम्मिलित होना है।जिलाधिकारी ने विशेष रूप से साइकलिंग एसोसिएशन दरभंगा के सचिव रतीश कुमार को 15 नवंबर को प्रातः 7 बजे खेल महोत्सव की जागृति एवं व्यापक प्रचार प्रसार के लिए व्यवस्थित साइकिल जन जागृति रैली आयोजित करने का निर्देश दिया। जिला खेल महोत्सव के लिए आयोजन समिति में जिलाधिकारी दरभंगा अध्यक्ष होंगे।जावेद अनवर कार्यकारी अध्यक्ष ,जितेंद्र कुमार सिंह सचिव, प्रदीप कुमार गुप्ता संयुक्त सचिव ,नवीन सिंह सदस्य संजय कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह अध्यक्ष जिला कबड्डी संघ दरभंगा,अखलाकुर रहमान सचिव जिला कबड्डी संघ दरभंगा, देवनंदन झा सदस्य, उमर अली खान सदस्य, रविंद्र कुमार सिंह सचिव हैंडबॉल संघ,आशीष कुमार सचिव टेबल टेनिस संघ ,विजय कुमार झा सचिव बैडमिंटन संघ ,पवन कुमार सिंह सचिव क्रिकेट ,रोशन कुमार सचिव कैरम ,सतीश कुमार सिंह सदस्य, रमाशंकर चौधरी सचिव खो खो, यशपाल कुमार सचिव एथलेटिक्स ,ब्रजेश सिंह राठौर सचिव वॉलीबॉल ,साकेत चौधरी सचिव शतरंज, दिनेश पंडित सचिव फुटबॉल, रतीश सिंह सचिव साइकलिंग, रामवृक्ष यादव सचिव कुश्ती ,डॉक्टर महताब आलम अध्यक्ष एथलेटिक्स,मुकेश कुमार शामिल किए गए।

# प्रधानमंत्री एम्स का शिलान्यास कर मिथिलावासी के बरसों से संजोया सपना पूरा करेंगें : संजय सरावगी

● 6 नवंबर को दरभंगा मधुबनी एवं झंझारपुर भाजपा के प्रमुख नेताओं की होगी बैठक

प्रात : किरण संवाददाता



दरभंगा। विधानसभा में सत्तारूढ़ दल के सचेतकस नगर विधायक संजय सरावगी ने जानकारी दी है कि दरभंगा व मिथिलांचल के लोगों का वर्षो से संजोया सपना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आगामी 13 नवंबर को दरभंगा पहुंचकर पूरा करने जा रहे हैं। श्री सरावगी ने बताया कि आगामी 13 नवंबर को प्रधानमंत्री दरभंगा पहुंचकर दरभंगा एम्स का शिलान्यास करेंगे। कई दशकों से दरभंगा एवं मिथिलांचल के लोगों की यह मुराद अब नरेंद्र मोदी के हाथों पुरी होने की तिथि निर्धारित कर दी गई है। जिस पल के लिए मिथिलांचल एवं दरभंगा के लोग बेकरार थे। सभी लोगों की इच्छा थी कि प्रधानमंत्री स्वयं दरभंगा पहुंचकर एम्स का शिलान्यास करें और प्रधानमंत्री की ओर से मिथिलांचल वासियों के इस सपना को पूरा करने की दिशा में कदम बढ़ा दिया गया है और अब वह दिन दूर नहीं जब दरभंगा वासियों का यह सपना भी पूरा हो जाएगा। नगर विधायक श्री सरावगी ने बताया कि प्रधानमंत्री के आगमन की तैयारी को लेकर आगामी 6 नवंबर को जिला भाजपा कार्यालय दरभंगा में दरभंगा, मधुबनी एवं झंझारपुर भाजपा के प्रमुख नेताओं की बैठक बुलाई गई है। जिसमें प्रधानमंत्री के दरभंगा आगमन की तैयारी पर व्यापक विचार विमर्श किया जाएगा। मालूम हो कि जब से प्रधानमंत्री की ओर से दरभंगा में एम्स निर्माण की अंतिम घोषणा की गई तभी से दरभंगा एवं मिथिलांचल के लोगों की यह लालसा दिनानुद्दीन बढ़ती जा रही थी कि प्रधानमंत्री स्वयं आकर अगर एम्स का शीला न्यास करते तो हम लोगों को अत्यंत खुशी होती, और प्रधानमंत्री ने दरभंगा एवं मिथिलांचल वासियों की इस भावना को ध्यान में रखते हुए स्वयं दरभंगा पहुंचकर एम्स के शिलान्यास करने का निर्णय लिया है। इस निर्णय का जमकर स्वागत होना आरंभ हो चुका है। दरभंगा एवं मिथिलांचल वासी प्रधानमंत्री के स्वागत में कोई कोर कसर बाकी नहीं रखेंगे। 13 नवंबर को प्रधानमंत्री का स्वागत ऐतिहासिक होगा। एक-एक आदमी जो दरभंगा एवं मिथिलांचल से प्रेम करता है वह प्रधानमंत्री के स्वागत में खड़े रहेंगे और उनके स्वागत की तैयारी में अभी से जुड़ जाएंगे।

# मधुबनी विधायक समीर महासेठ ने छठ घाट का लिया जायजा



प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी छठ महापर्व को लेकर मधुबनी में तैयारी जोर-जोर से आरंभ हो गया है मधुबनी विधायक समीर महासेठ ने नगर निगम क्षेत्र के आधा दर्जन तालाबो की घाटो का जायजा लिया जहा पर छठ वर्ती भगवान भास्कर को अर्घ्य देगे ।मधुबनी विधायक समीर महासेठ ने छठ घाट का जायजा लेने के उपरांत प्रेस को संबोधित करते हुए कई दिशा निर्देश दिया तालाबो की साफ सफाई को लेकर कार्य तेजी करने एवं सभी तालाबो के चारो साइड मनरेगा से सड़क का निर्माण हो जाए जिससे पूजा के उपरांत मार्निग वॉकिग एवं तालाबो का सौदर्यता बना रहेगा साथ साथ छठ घाटों पर उत्तम लाइट की व्यवस्था हो गंगा सागर तालाब पर इंद्र पूजा समिति के द्वारा श्रद्धालुओ के लिए विशेष व्यवस्था की गई है घाटो पर वार केटिंग वॉच टावर एवं भगवान भास्कर के अर्घ्य के लिए दूध की निशुल्क व्यवस्था की गई है ।

## संक्षिप्त खबरें

### धूमधाम से मनाया चित्रगुप्त भगवान की पूजा

फतुहा। शहर में देवीचक स्थित मल्टी प्वाइंट साइंस क्लब परिसर में कायस्थों ने धूमधाम से चित्रगुप्त भगवान की पूजा अर्चना की। इस दरम्यान कायस्थों ने कलम दवात की भी पूजा की तथा लेखनी के देव चित्रगुप्त से सुखद जीवन की कामना की। इसके अलावे फतुहा प्रखंड के विभिन्न इलाकों में भी रहने वाले कायस्थों ने भगवान चित्रगुप्त की पूजा की। इस मौके पर बबन प्रसाद सिन्हा, विनय कुमार वर्मा, मयंक कुमार, शशांक कुमार, किशन कुमार, महेश कुमार सिन्हा, सुनील कुमार, सूर्यदेव कुमार, शिवशंकर कुमार समेत कायस्थ समाज के कई प्रतिनिधि मौजूद थे।

### सांसद शांभवी चौधरी से मिलकर फतुहा के विकास पर किया चर्चा

फतुहा। सोमवार को लोजपा (रा.) के जिलाध्यक्ष रंजीत यादव ने समस्तीपुर के सांसद शांभवी चौधरी से उनके आवास पर मुलाकात किया। रंजीत यादव ने ट्रेनों का ठहराव, सड़क, फतुहा को अनुमंडल बनाने, रेफरल अस्पताल बनाने, महिला कॉलेज बनाने, खेलने के लिए प्ले ग्राउंड, पार्क सहित अन्य विषयों पर चर्चा कर फतुहा के विकास के लिए सांसद शांभवी चौधरी से मदद के लिए आग्रह किया। वहीं रंजीत यादव ने बताया कि सांसद शांभवी चौधरी ने हर संभव मदद का भरोसा दिलाया है।

### सभी घाटों पर तैनात रहेंगे सिविल डिफेंस के वार्डन

पटना सिटी (प्राकि)। छठ पूजा को लेकर नहाय-खाय, खरना, पहला अर्घ्य एवं पारण चार दिवसीय पर्व को लेकर सिविल डिफेंस के वार्डन सभी घाटों पर तैनात रहेंगे। लॉ कालेज घाट, बालू घाट, घघा घाट, रौशन घाट, चौधरी टोला घाट, गायघाट एवं भद्र घाट से लेकर दीदारगंज घाट पर चार दिनों तक सिविल डिफेंस के वार्डन तैनात रहेंगे। सभी घाटों पर भीड़ को नियंत्रित करने, वाच टॉवर एवं घाटों पर बने नियंत्रण कक्ष पर वार्डन तैनात रहेंगे। वार्डन गणेश कुमार, प्रकाश कुमार, राम कुमार, प्रवीण प्रीतम, मनोहर सिंह, तबस्सुम परवीन, विजय कुमार सिंह, मो नेयाज, अंशु देवी, डॉ राजीव गंगौल एवं जय प्रकाश त्रिवेदी सभी घाटों पर उपस्थित रहेंगे।


### नहाय-खाय में इस्तेमाल होने वाला अगस्त फूल हजार रु किलो

पटना सिटी (प्राकि)। छठ पर्व पर इस्तेमाल किया जाने वाला अगस्त फूल इस बार सर चढ़कर बोल रहा है। इसके विक्रेताओं का कहना है कि दशहरा में हुई बारिश और तेज हवा के कारण फूल अधिकांशतः गिर चुका था। इसलिए इस बार इसकी कमी है। गुलजारबाग, चौकशिकारपुर नालापर, खाजेकलां, मोर्चा रोड, बोरी दास की भट्टी से लेकर कुम्हरार और त्रिपोलिया के सब्जी मंडियों में अगस्त का फूल 800 से हजार रुपए प्रति किलो बेचा जा रहा है। हालांकि जिनके घर में छठ व्रत हो रहा है, ऐसे लोग रस्म अदायगी के लिए 50 से सौ ग्राम या कुछ अधिक ही ले पा रहे हैं। दरअसल इसके फूल से पतौड़ा बनाया जाता है।

# पहचान, समीक्षा और कार्रवाई से मैटरनल डेथ पर लगेगी लगाम

## मैटरनल डेथ में सतत विकास लक्ष्य की प्राप्ति के लिए 48 प्वाइंट की और जरूरत

- मैटरनल डेथ की रिपोर्टिंग में पटना शीर्ष तीन जिलों में शामिल
- सूबे में प्रति लाख जीवित जन्म में 118 मैटरनल डेथ के मामले
- मैटरनल डेथ के सर्विलांस के लिए कारणों का पता लगाना जरूरी



प्रात :किरण संवाददाता

पटना। राज्य में मैटरनल डेथ में सुधार और सतत विकास के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए जोर लगाया जा रहा है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग मैटरनल डेथ की पहचान कर उसकी समीक्षा करेगी। समीक्षा में कारणों का पता लगा कर उस पर कार्रवाई की जायेगी। राज्य स्वास्थ्य समिति में मातृ स्वास्थ्य की राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी (एसपीओ) डॉ सरिता द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट में ये तथ्य उभर कर आये हैं। इस रिपोर्ट में मैटरनल डेथ की गंभीरता को भी प्रदर्शित किया गया है। रिपोर्ट में एसपीओ डॉ सरिता ने बताया है कि मैटरनल डेथ के कारणों का पता लगाने के लिए मैटरनल डेथ सर्विलांस बेहद महत्वपूर्ण है। इसमें मैटरनल डेथ के वास्तविक आंकड़ों के साथ डेथ के कारणों का पता चलता है। इससे उस स्तर पर सुधारात्मक कार्रवाई की जा सकेगी। मालूम हो कि जब किसी महिला का गर्भावस्था व प्रसव के उपरांत 42 दिनों के अंदर बिना किसी आकस्मिक कारण के गर्भावस्था या उसके प्रबंधन या उससे बढ़ी वजहों से निधन हो जाता है तो उसे मैटरनल डेथ माना जाता है।

**राज्य में प्रति लाख 118 मैटरनल डेथ के मामले**

मैटरनल डेथ के मामले में बिहार राष्ट्रीय औसत से 48 प्वाइंट पीछे है। एसआरएस 2018-20 के आंकड़ों के अनुसार, राज्य में प्रति लाख जीवित जन्म में 118 मैटरनल डेथ के मामले हैं। जबकि सतत विकास के लक्ष्य के मुताबिक, यह आंकड़ा 70 होना चाहिए। राज्य को इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए प्रतिवर्ष 7 प्वाइंट की गिरावट की जरूरत है। डॉ. सरिता ने रिपोर्ट में कहा है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में सितंबर तक राज्य में कुल 495 मैटरनल डेथ के मामले दर्ज हुए हैं। इसमें से 137 मैटरनल डेथ राज्य के मेडिकल कॉलेज अस्पतालों में हुए हैं। मैटरनल डेथ की रिपोर्टिंग में बांका, सुपौल और पटना इस वर्ष अभी तक सबसे अव्वल हैं।

**तीन स्तरों पर मैटरनल डेथ की होगी पहचान**

मैटरनल डेथ की पहचान के लिए स्वास्थ्य विभाग ने तीन स्तरों का चयन किया है। इसमें पहला समुदाय, दूसरा एंबुलेंस और तीसरे स्तर के रूप में हॉस्पिटल या फैसिलिटी शामिल है। समुदाय के स्तर पर आशा, जनप्रतिनिधि, सीएचओ या लिंक हेल्थ वर्कर मैटरनल डेथ की जानकारी व कारण बताएंगे। वहीं एम्बुलेंस के स्तर पर एम्बुलेंस टेक्नीशियन या उसमें मौजूद कर्मी और फैसिलिटी या हॉस्पिटल के स्तर पर वहां के मेडिकल ऑफिसर को यह जिम्मेवारी दी गयी है। इस वर्ष 27 प्रतिशत मैटरनल डेथ के मामलों में गंभीर उच्च रक्तचाप/दौरे और उच्च रक्तचाप, प्रसव पूर्व विकार के मामले चिन्हित किये गये हैं।

**जिलों को देनी होगी दैनिक रिपोर्टिंग**

इस रिपोर्ट के अनुसार, मैटरनल डेथ की स्थिति पर काबू पाने के लिए नियमित आधार पर राज्य स्तरीय मासिक समीक्षा बैठक शुरू की जा रही है। इसके अलावा 104 कॉल सेंटर के सहयोग से व आशा के माध्यम से सभी जिलों में मैटरनल डेथ की दैनिक रिपोर्टिंग का सघन किया जा रहा है। सुमन कार्यक्रम के तहत मैटरनल डेथ की प्रथम जानकारी देने वाले को 1000 रुपये की प्रोत्साहन राशि पहले से ही दी जा रही है। इसके अतिरिक्त जिला स्तरीय वर्कशॉप व ओरिएंटेशन प्रोग्राम भी किए जा रहे हैं।

# नवशक्ति निकेतन के क्रीड़ा सचिव एहसान अली सुपुर्द-ए-खाक



- अनेक संस्थाओं से जोड़कर खेल, कला व साहित्य को करते थे प्रोत्साहित

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

सामाजिक, सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा संस्था नवशक्ति निकेतन के क्रीड़ा सचिव सहकोषाध्यक्ष तथा एमएए हाई स्कूल के अवकाश प्राप्त अध्यापक एहसान अली अशरफ का रविवार को असामयिक निधन हो गया।

संस्था के अध्यक्ष रामाशंकर प्रसाद, महासचिव कमलनयन श्रीवास्तव, क्रिकेट टीम के कप्तान मुन्ना, पूर्व सांसद अभयकांत प्रसाद, नई दिशा परिवार के सचिव राजेश राय, चित्रगुप्त सामाजिक संस्थान के अध्यक्ष गणेश कुमार सिन्हा, क्रिकेट कोच प्रेम बल्लभ सहाय, राजद नेता मोहम्मद जावेद, कांग्रेसी नेता शरिफ अहमद रंगरेज, पूर्व वार्ड पार्षद बलराम चौधरी सहित अनेक लोगों ने एहसान अली अशरफ के निधन को समाज के लिए अपूरणीय क्षति बताते हुए कहा कि उनके निधन से सामाजिक, सांस्कृतिक खेल जगत में आयी रिक्तता की भरपाई संभव नही दिखती ।वह एक नेक इंसान , मिलनसार, मृदुभाषी और लोगों के मददगार थे। बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, देवेन्द्र बहादुर माथुर, शायर प्रेम किरण, डॉ आरती कुमारी, डॉ किशोर सिन्हा, प्रभात कुमार धवन, कैलाश बिहारी सिंह, महेंद्र अरोड़ा, ज्ञानवर्धन मिश्र, आसिफ अजीमाबादी, चोंच गयाबी, डॉ निसार अहमद, प्रो शहनाज फातमी सहित अनेक लोगों ने उनके निधन पर शोक प्रकट किया है। स्व अशरफ जीवनभर कौमी एकता के लिए काम करते रहे। वे शाद अजीमाबदी स्टडी सर्किल के संरक्षक भी थे।

# मंगल तालाब के पूर्वी व पश्चिम छोर का एक-एक सीढ़ी छठ को तैयार



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

पटना नगर निगम के द्वारा गंगा नदी के विभिन्न घाटों पर छठ व्रत और श्रद्धालुओं के उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुए मंगल तालाब पर भी छठ के लिए तैयारी की गई है। पटना सिटी अंचल के कार्यपालक पदाधिकारी आशुतोष कुमार ने तालाब का निरीक्षण करने के बाद बताया था कि जलयान की मदद से तालाब के पानी की सफाई कर कचरा और घास-फूस आदि को निकाल दिया गया है। इसके बाद तालाब के पूर्व और पश्चिम की ओर एक-एक सीढ़ी को छठ पर्व के लिए तैयार किया गया है। इसके निमित्त सीढ़ी के उत्तर-दक्षिण में जितनी लंबाई है, उस दूरी में सफाई करने के साथी पानी की गहराई में बेरिकेडिंग कराया गया है। लाइट की व्यवस्था की गई है। यह सब काम लगभग हो चुका है। हालांकि सीढ़ी की ओर लोगों को आने और जाने के लिए संकरा रास्ता है। पूरब की ओर से बिहार हितैषी पुस्तकालय से होते हुए सामने वाले रास्ते के पास घाट नहीं बनाया गया है। हालांकि तब बताया गया था कि पूरब में दो और पश्चिम में एक सीढ़ी जितनी लंबाई में है, उस पर छठ पर्व के बाबत व्रती और श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए इंतजाम किया जाएगा। मगर दोनों ओर एक-एक सीढ़ी को उपयोग के लायक बनाया गया है। हालांकि इसके पूर्व भी मंगल तालाब पर छठ का आयोजन किया जाता रहा है। श्रद्धालु यहां अर्घ्य देने पहुंचे भी हैं। व्रती भी पानी में खड़ी हुई हैं और सूर्य उपासना भी की हैं। इसके पूर्व पाटलिपुत्र परिषद के अध्यक्ष डॉ टीपी गोलवारा और महासचिव संजीव कुमार यादव के नेतृत्व में गायत्री परिवार की ओर से तालाब के पानी में गंगाजल, गाय का दूध गुलाब जल, केवड़ा, इत्र, तुलसी दल आदि मंत्रों के बीच डाल कर पानी का शुद्धिकरण भी किया गया था। मगर व्रती और श्रद्धालु तैयारी जिस तरह की की गई थी, उस संख्या में नहीं पहुंच पाईं ।इस बार देखना होगा की व्रती यदि पहुंचती हैं, तो निश्चित तौर पर उनके साथ परिवार के सदस्य और पड़ोसी भी साथ में होंगे।

# दीरापर अवैध पार्किंग जारी, सनहा व जुमार्ना के बाद भी स्थिति पूर्ववत



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

चौक थाना क्षेत्र के मंगल तालाब दीरापर गुरुद्वारा बाललीला मैनी संगत और एनआरआई बिल्डिंग के पास बेरोकटोक चार पहिया वाहनों का पार्किंग जारी है। दीपावली के दिन 31 अक्टूबर को हरिमंदिर गली में खिलौने की दुकान में आग लगने के बाद फायर के गाड़ी को पहुंचने में इन अवैध रूप से पार्क वाहनों के कारण परेशानी का सामना करना पड़ा था। इससे अग्निशमन को पहुंच कर अपनी कार्रवाई शुरू करने में देर भी हुई थी। इस बात के संज्ञान में आने के बाद डीएसपी डॉ गौरव कुमार के निर्देश पर अवैध पार्किंग किए वाहन के चालक और स्वामी पर चौक थाना में सनहा दर्ज किया गया। यही नहीं, अवैध रूप से खड़े वाहनों पर जुमार्ना भी किया गया। इसके बाद भी हम नहीं सुधरेंगे की स्थिति जारी है। दरअसल यहां देश के विभिन्न हिस्सों से लेकर विदेश से आने वाली संगतो को घूमने, उन्हें एयरपोर्ट व स्टेशन पहुंचाने के लिए चार पहिया वाहन यहां खड़ा रहता है। हालांकि कायदे से ऐसे वाहनों पर कामर्शियल यानी पीला रंग का नंबर प्लेट लगा होना चाहिए, मगर इस नियम की भी धज्जी उड़ाई जा रही है। डीएसपी की कार्रवाई के बाद भी दीरापर एनआरआई बिल्डिंग के पास चार पहिया वाहनों का रोड के दोनों ओर पार्किंग बेरोकटोक जारी है। सोमवार मध्याह्न में भी करीब दर्जन भर चार पहिया गाड़ी खड़ा देखा गया। हालांकि चौक थाना के बाइक से गश्त करने वाले एक जवान ने कहा कि उन्होंने खुद डीएसपी सर को इन अवैध चार पहिया वाहनों के पार्क होने की तस्वीर सोमवार को उनके व्हाट्सअप पर कार्रवाई के बाबत भेजा है।

# संतरा व सेब की कीमत में अचानक उछाल, नारियल के रेट में भी एक-दो रुपए की वृद्धि

पटना सिटी/आनंद केसरी



छठ पूजा को लेकर इस बार फलों की आमद बेहतर है, मगर महंगाई का असर सीधा देखा जा रहा है। केला से लेकर से संतरा में अचानक कीमत में उछाल आया है। बिहार का गगरा नींबू यानी बिहार का उत्पादन इस बार कम है। हाजीपुर का केला का आमद भी मुसल्लहपुर बाजार समिति में नहीं के बराबर है। इस बार लोगों को दक्षिण भारत और पार्वती से आया केला से ही छठ पर्व मनाना होगा। केला मंडी के वरुण कुमार बताते हैं कि इस बार हुई बारिश और आंधी के कारण केले की फसल को वैशाली जिला में नुकसान हुआ है। अधिकांश जो पैदावार था, वह लोग उसी तरफ से बेच दिए या बेच रहे हैं। मुसल्लहपुर बाजार समिति में हाजीपुर का केला नहीं है। यहां तमिलनाडु का केला आया है। इस बार तमिलनाडु का केला 350 से 500 रुपया प्रति घौद सोमवार तक बेचा गया है, मगर संभावना है कि कल शाम से इसमें तेजी आ जाएगी। कारण कि कुछ ट्रक रास्ते में है और जाम में फंसा होने के कारण उसके बाजार समिति में यदि प्रवेश में मुश्किल हुआ, तो कीमत में उछाल संभव है। वहीं पार्वती का केला 250 से 400 रुपया प्रति घौद तक बिक रहा है। बेहतर घौद 350 से 450 तक में उपलब्ध है। सेब के कारोबारिया भुट्टो खान का कहना है कि इस बार सेब का आवक भी बेहतर है। सेब में डेयलिशियस और अमेरिकन 1100 से 1500 रुपया प्रति बक्सा की दर से बिक रहा है। अमेरिकन आठ किलो का बक्सा 500 से 650 रुपया में बिक रहा है। संतरा की बात करें, तो यह थोक में 33 से 40 रुपया प्रति किलो के हिसाब से उपलब्ध है। इस बार बिहार का गगरा नींबू की फसल कमजोर है। हालांकि दूसरे शहरों से आया गगरा नींबू भी उपलब्ध है। गगरा नींबू 40 पीस का बोरा 500 से 700 प्रति बोरा है। छठ को लेकर नारियल की कीमत में भी एक से दो रुपए की वृद्धि देखी जा रही है। नारियल थोक में 26 से 27 रुपए प्रति पीस है। यह बोरा में 40 पीस का पैकेट है। अनार 10 किलो का पैकेट 800 से 1300 रुपया, नाशपाती (22 किलो) का पैकेट 1000 से 1400 बेचा जा रहा है।

# हाजीपुर-पटना को जोड़ने वाला महात्मा गांधी सेतु पर भीषण जाम

## पुरानी बाइपास, एनएच-30 व पटना-मसौढ़ी रोड भी बेहाल



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

विभिन्न प्रदेशों और विदेशों से पटना उतरने के बाद उत्तरी बिहार और मध्य बिहार को जाने वाले लोग परेशान हो जा रहे हैं। जितनी परेशानी उन्हें लंबी दूरी का सफर तय कर परेशान नहीं होना पड़ा, उससे कहीं अधिक महात्मा गांधी सेतु, पुरानी बाइपास और पटना-मसौढ़ी रोड को पार करने में मशक्कत करनी पड़ रही है। दरअसल चार दिवसीय छठ पर्व मंगलवार को नहाय-खाय के साथ शुरू हो रहा है। नतीजतन हर किसी को अपने घर जाने की जल्दी है। एक तरफ ट्रक, टैंकर लॉरी, कामर्शियल वाहन, तो दूसरी ओर बस वाले भी अधिक चक्कर लगाने की होड़ में तेजी से भागने की जुगत में हैं। रही-सही कसर ऑटो और कार वाले निकाल दे रहे हैं। कारण कि यह सभी आगे निकलने की होड़ में ओवरटेक कर ले रहे हैं। इस कारण से जाम और लंबा होता जा रहा है। स्थिति यह है कि जो लोग हाजीपुर की तरफ से आकर राजेंद्रनगर टर्मिनल या पटना जंक्शन से ट्रेन पकड़ना चाह रहे हैं, उनकी ट्रेन छूट जा रही है। वहीं पटना की ओर से जाकर हाजीपुर या सोनपुर से ट्रेन पकड़ने वाले भी जाम में फंस कर पसीने-पसीने हो रहे हैं। दो पहिया वाहन चालक किसी तरीके से गाड़ी को फुटपाथ पर चढ़ा कर आगे बढ़ाने की कोशिश कर रहे हैं, ताकि गंतव्य तक पहुंचा जा सके। महात्मा गांधी सेतु के जाम रहने का सीधा असर एनएच-30 पर पड़ रहा है। इसके दोनों ओर पूरब और पश्चिम में जाम की स्थिति बन जा रही है। यही स्थिति पटना-मसौढ़ी रोड की भी है। उस ओर से बिहार के विभिन्न हिस्सों के लिए खुलने वाली बसें पैसेंजर लेने के बाद आगे बढ़ाने के लिए परेशान होते हैं। मगर गाड़ियां बमुश्किल रेंग पा रही हैं। हालांकि ट्रैफिक को स्मूथ करने के लिए यातायात के पुलिस पदाधिकारी और जवानों को भी लगाया गया है, मगर यह सब अपने को असहज महसूस कर रहे हैं।

# बंद घर का तालाकाट कर लाखों रुपए ले उड़े चोर

प्रात :किरण संवाददाता



दानापुर। थाना क्षेत्र अंतर्गत खगड़ी रोड का रहने वाला एक व्यक्ति व्यापार के काम से देहरादून गये हुए थे तभी अज्ञात चोर ने ताला काटकर आलमिरा में रखे करीब 10 लाख के सोने चांदी के जेवरात, डेढ़ लाख रुपए नगद व एक स्कूटी की चोरी कर डाली। इसके अलावा मकान के ऊपरी मंजिल पर रहने वाले किरायेदार का भी बंद घर का ताला काटकर 10 हजार नगद व एक लाख के जेवर पर हाथ साफ कर दिया। मामला दानापुर थाना अंतर्गत खगड़ी रोड, डिफेंस कॉलोनी मोड़ की है। इस संबंध में व्यापारी संजीव कुमार सिंह व किरायेदार प्रकाश कुमार मंडल ने स्थानीय थाना में अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। वहीं चोर की तस्वीर पास के सीसीटीवी में कैद हो गई है। पीड़ित संजीव सिंह ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ देहरादून में व्यापार के सिलसिले में गये हुए थे। वे सभी छठ पूजा करने के लिए घर लौट रहे थे। सोमवार की सुबह घर में काम करने वाली दाई ने उन्हे सूचित किया कि घर का ताला टूटा हुआ है। वह आनन फानन में पहुंचे तो देखा कि घर के भीतर कमरे में रखा आलमिरा खुला पड़ा है और सारा सामान कमरे में बिखरा पड़ा है। उन्होने बताया कि आलमिरा में सोने चांदी के करीब 10 लाख के जेवर व डेढ़ लाख रुपए रखे थे, जो नदारत थे। इसके अलावा घर में मौजूद उनका स्कूटी भी गायब है। वहीं संजीव के ऊपरी तल पर रहने वाले किरायेदार प्रकाश कुमार मंडल ने बताया कि वह अपने रूम में ताला बंद कर अपने परिवार के साथ छठ पर्व मनाने अपने गांव तुलसीपुर, भागलपुर गये थे। यहां से फोन आने पर वह पहुंचे तो पाया कि चोर उनके आलमिरा से 10 हजार रुपए नगद व करीब एक लाख के जेवर की चोरी कर ली है। वहीं पीड़ितों द्वारा पास के घर में मौजूद सीसीटीवी फूटेज देखा तो विगत देर रात एक संदिग्ध व्यक्ती को घर के अंदर जाते दिखा। इस संबंध में स्थानीय पुलिस सीसीटीवी फूटेज के आधार पर संदिग्ध व्यक्ती की पहचान करने व मामले की छानबीन में जुट गई है।

# भागलपुर में 55वां भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव पर जागरूकता कार्यक्रम

## विधान पार्षद एन के यादव ने किया फिल्म समारोह सह जागरूकता कार्यक्रम का उद्घाटन



- 55 वां भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 20 से 28 नवंबर तक गोवा में आयोजित किया जायेगा

प्रात :किरण संवाददाता

भागलपुर/पटना। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी) भागलपुर क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा भागलपुर के कला केंद्र परिसर में 55वां भारतीय परिचर्चा सह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विधान पार्षद डॉ एन के यादव, चर्चित नाटककार राजेश कुमार, कलाकेंद्र के निदेशक प्रो उदय, सीबीसी पटना के प्रमुख संजय कुमार, मनोज सिंह और भागलपुर की पूर्व डिप्टी मेयर प्रीति शेखर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर फिल्म पवन, ऑक्सीजन, डॉक्टर बेटियां का टीजर और फगुआ दिखायी गई ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधान पार्षद एन के यादव ने कहा कि भारत का अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोह गोवा में आयोजित किया जा रहा है। भागलपुर में इसके प्रचार प्रसार के लिए जागरूकता कार्यकम करना स्वागत योग्य है। फिल्मों के माध्यम से सामाजिक परिवर्तनों को आम जनता तक पहुंचाया जाता है। उन्होंने ऐसे कार्यक्रम के आयोजन के भारत सरकार को धन्यवाद दिया मौके पर वरिष्ठ रंगकर्मी व कथाकार राजेश कुमार ने कहा कि देश भर के छोटे छोटे शहरों में फिल्म समारोह आयोजित कर फिल्मों को बढ़ावा दिया जा रहा है। आज स्थानीय स्तर पर भी फिल्में बन रहीं हैं और इस दिशा में और पहल होनी चाहिये। पूर्व उपमहापौर प्रीति शेखर ने कहा कि फिल्में हमारे मन मस्तिष्क पर गहरा प्रभाव छोड़ती हैं। फिल्म के माध्यम से कलाकार अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हैं। सीबीसी -पीआईबी पटना के उपनिदेशक संजय कुमार ने कहा कि सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने 55वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव की चर्चा की और बताया कि 55वां भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने भारतीय युवाओं के लिए सर्वश्रेष्ठ नवोदित भारतीय फिल्म खंड 2024 के नाम से एक नया खंड स्थापित किया है। वहीं आलय नाट्य समूह के प्रमुख मनोज कुमार ने फिल्म की विधा पर प्रकाश डाला। कला केंद्र व परिधि के निदेशक उदय कुमार ने कहा कि आज मीडिया के रूप में फिल्म स्थापित है । फिल्म के माध्यम से बात रखने से विषय की सम्प्रेषणीयता बढ़ जाती है तथा व्यापक प्रभाव पड़ता है । इस अवसर पर केंद्रीय संचार ब्यूरो पटना के उपनिदेशक सह कार्यक्रम प्रमुख संजय कुमार द्वारा द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण भी किया गया। मंच संचालन वरिष्ठ कलाकार और रंगकर्मी शशि शंकर द्वारा किया गया।

धन्यवाद ज्ञापन केंद्रीय संचार ब्यूरो भागलपुर के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी अभिषेक कुमार द्वारा किया गया। कार्यक्रम में आलय नाट्य समूह की ओर से शशि, चैतन्य तथा आलोक उपस्थित रहे तथा केंद्रीय संचार ब्यूरो की ओर से शमीम अजहर तथा प्रभात कुमार भी उपस्थित थे।

# व्रती व श्रद्धालुओं की सुविधा की व्यवस्था में जुटा है प्रशासन : रविशंकर

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

पटना साहिब लोकसभा क्षेत्र के सांसद रविशंकर प्रसाद ने पटना सिटी के प्रमुख घाटों का दौरा कर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। मीडिया प्रभारी प्रदीप काश ने बताया कि पूर्व केंद्रीय मंत्री सह सांसद रविशंकर प्रसाद भद्र घाट से अनेक घाटों के भ्रमण करते हुए कंगन घाट पहुंचे। यहां पहुंचने पर छठ पूजा समिति के अध्यक्ष प्रदीप काश ने उनका स्वागत किया। कहा कि सिख पर्यटकों के दृष्टिकोण से भी यह घाट महत्वपूर्ण है। कंगन घाट पर स्थायी रूप से पेयजल, शौचालय, यूरिनल, लाइटिंग व सज्जा की व्यवस्था जरूरी है। सांसद ने उप विकास आयुक्त समीर सौरभ का इस ओर ध्यान दिलाया। उनके साथ डीडीसी, सिटी एसडीओ सत्यम सहाय, पटना नगर निगम के कार्यपालक अधिकारी आशुतोष कुमार, सेक्टर 15 के प्रभारी राकेश कुमार, जेई नीलकमल गुप्ता, सहायक अभियंता सुमन कुमार पंडित, ध्वनि विस्तारक यंत्र के बारे में जानकारी प्राप्त कर बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने को दिशा निर्देश दिया।

# भव्य जुलूस के साथ श्री चित्रगुप्त की प्रतिमाओं का हुआ सामुहिक विसर्जन

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

पटना में स्थापित श्री चित्रगुप्त भगवान की प्रतिमाएं सहाय सदन में पहुंची। सभी प्रतिमाओं को सामूहिक विसर्जन यात्रा के लिए आरती उतार कर पूर्व सांसद आरके सिन्हा ने रवाना किया। भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा के अलावा आयोजन समिति के प्रो निर्मल श्रीवास्तव, सुजीत वर्मा, अरुण कर्ण सहित अन्य पदाधिकारी शामिल थे। सभी प्रतिमाएं अन्नपूर्णा भवन से सहाय सदन और यहां से शहर के विभिन्न मार्गों से होते पटना सिटी स्थित श्री चित्रगुप्त आदि मंदिर मे एकत्रित हुईं। यहां महाआरती के बाद एक-एक कर सभी प्रतिमाओं को मंदिर परिसर मे स्थित विसर्जन सरोवर में विधिपूर्वक विसर्जित किया गया।



आयोजन के पूर्व सांसद आरके सिन्हा ने बताया कि उन्होंने श्री चित्रगुप्त आदि मंदिर के अध्यक्ष का दायित्व लेने के बाद मंदिर को देश का भव्य धार्मिक पर्यटन स्थल बनाने और कलमजीवियों के नवजागरण आंदोलन को सशक्त करने की योजना के तहत पटना में गठित सौ से अधिक पूजा समितियों की श्री चित्रगुप्त प्रतिमाओं के सामूहिक विसर्जन को सबकी सहमति से करना शुरू किया। इसकी भव्यता बढ़ी है। ज्ञातव्य है कि 15 वर्ष पूर्व तक सारी प्रतिमाएं अलग-अलग ही विसर्जित होती थीं। फिर स्व रविनंदन सहाय के नेतृत्व में लिए गए निर्णय के बाद गांधी मैदान मे सारी प्रतिमाएं एकत्रित होती थीं, जिन्हें पास स्थित कलेक्टरी घाट में विसर्जन किया जाता था। सभी प्रतिमाओं की आरती नगर विकास एवं विधि मंत्री नितिन नवीन, महापौर सीता साहू आदि के किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में लोकगायिका मनीषा श्रीवास्तव के द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी गई। विसर्जन कार्यक्रम में मंत्री नितिन नवीन व मेयर सीता साहू उपस्थित रहे। श्री चित्रगुप्त आदि मंदिर के उपाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा और प्रधान सचिव सुदामा प्रसाद के साथ ही नवीन कुमार सिन्हा, अनुज सिन्हा, नवल किशोर सिन्हा, अवधेश सिन्हा, सुशील सिन्हा आदि ने विसर्जन प्रबंधन में सहयोग किया।



# अपने बेटे वीर को लॉन्च करने के लिए तैयार राजकुमार हिरानी! ओटीटी पर रिलीज होगी फिल्म

मशहूर फिल्म निर्माता राजकुमार हिरानी ने बॉलीवुड इंडस्ट्री को कई हिट फिल्में दी हैं। दर्शकों को भी बेसब्री से उनकी फिल्मों का इंतजार रहता है। राजकुमार शाहरुख खान संजय दत्त समेत इंडस्ट्री के कई सुपरस्टार्स के साथ काम कर चुके हैं, लेकिन अब वे अपने बेटे को अभिनय की दुनिया में लॉन्च करने की योजना बना रहे हैं। निर्देशक अब अपने बेटे वीर हिरानी के साथ काम करेंगे, जिसके बारे में सोशल मीडिया पर नई जानकारी सामने आई है। ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगी फिल्म कथित तौर पर अपने बेटे वीर के अभिनय की शुरुआत के लिए एक स्लाइस-ऑफ-लाइफ ड्रामा पर काम कर रहे हैं, जिसका प्रीमियर एक प्रमुख ओटीटी प्लेटफॉर्म पर होगा। यह अनाम परियोजना इसी महीने शुरू होगी और हिरानी की आखिरी फीचर फिल्म डंकी के एक साल बाद आ रही है । रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म दिल को छू लेने वाली और सामाजिक रूप से जागरूक कहानियों को दर्शाएगी, जिन्हें बताने में राजकुमार हिरानी माहिर हैं।

## फिल्म में पसंद आएगा वीर का किरदार

रिपोर्ट्स के अनुसार, इस फिल्म में वीर का किरदार युवाओं से जुड़ने के लिए तैयार किया गया है। इसमें राजकुमार हिरानी का विशिष्ट स्पर्श है और यह एक हास्यपूर्ण प्रस्तुति होगी, जो एक ऐसा संदेश देगी, जिससे लोग जुड़ सकेंगे। वीर का किरदार युवाओं को पसंद आएगा और राजकुमार का मानना है कि उनके बेटे के लिए इससे बेहतर कोई और किरदार नहीं हो सकता।

## राजकुमार हिरानी ने शुरू किया फिल्म का प्री प्रोडक्शन

रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि राजकुमार हिरानी जहां यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि सब कुछ पूरी तरह से हो, वहीं वीर भी हर कदम पर इसमें शामिल हैं। वे चाहते हैं कि यह यात्रा उनमें से प्रत्येक के लिए सार्थक हो। वीर ने लंदन में रॉयल एकेडमी ऑफ ड्रामेटिक आर्ट (आरएडीए) से स्नातक किया है और उन्होंने थिएटर में अपना करियर बनाया है। अपने स्टेज डेब्यू लेटर्स फॉम सुरेश में उन्होंने 35 मिनट का चुनौतीपूर्ण एकालाप प्रस्तुत किया। इसके निर्देशन फिरोज अब्बास खान ने किया था।



# तापसी को बॉलीवुड के निर्देशकों से शिकायत, बड़े हीरो वाली फिल्म में देते हैं कम वेतन

तापसी पन्नू अपने बेहतरीन अभिनय और बेबाक बयानों के लिए बॉलीवुड में जानी जाती हैं। वह खुलकर अपने विचार हर विषय पर साझा करती हैं। कई बार इस वजह से उन्हें आलोचना का सामना भी करना पड़ता है, लेकिन तापसी अपने बयान से पीछे नहीं हटती है। हाल ही में एक इंटरव्यू में तापसी ने कहा कि बड़े हीरो वाली फिल्मों में उनको कम पारिश्रमिक या वेतन मिलता है।

## क्या डंकी और जुड़वा-2 के लिए मिली कम फीस

तापसी ने इंटरव्यू में कहा कि जिन फिल्मों में बड़े हीरो होते हैं, उनमें उन्हें कम फीस इसलिए दी जाती है क्योंकि निर्देशक को लगता है कि फिल्म चलाने के लिए बड़ा हीरो ही काफी है। साथ ही वह ऐसा जताते हैं कि उन्होंने मुझे यह फिल्म देकर मेरे ऊपर कोई फेवर किया है। मुझे इस तरह की समस्याओं से रोज ही लड़ना पड़ता है। तापसी ने इस इंटरव्यू में ना ही किसी निर्देशक का नाम लिया है और ना ही किसी बड़े हीरो का नाम बताया है, जिसके साथ उन्होंने फिल्म की और उन्हें कम भुगतान किया गया। लेकिन तापसी की पिछली फिल्में देखें तो उन्होंने शाहरुख खान के साथ डंकी (2023) और वरुण धवन के साथ जुड़वा-2 (2017) की, यह दोनों ही फिल्में बॉक्स ऑफिस पर अच्छी चलीं। हो सकता है कि तापसी का इशारा इन फिल्मों की तरफ ही हो।

## हसीन दिलरूबा में मिली मनचाही फीस

तापसी आगे कहती हैं कि लोगों को लगता है कि महिला केंद्रित फिल्मों में हमें कम वेतन मिलता होगा, लेकिन ऐसा नहीं है मुझे हसीन दिलरूबा के लिए सही और मनचाहा भुगतान किया गया। इस बात से तापसी काफी खुश हैं। हसीन दिलरूबा के दोनों पार्ट में तापसी मुख्य भूमिका में रहीं, इस फिल्म की सफलता का श्रेय भी उन्हें ही जाता है।

## आगे भी करेंगी दमदार भूमिकाएं

तापसी ने बॉलीवुड में जो मुकाम हासिल किया है, वह अपनी अलग तरह की फिल्मों और बेहतरीन अभिनय के दम पर पाया है। आगे भी वह अलग और चुनौतीपूर्ण किरदार करने की ख्वाहिश रखती हैं। जल्द ही वह आने वाली फिल्म वो लड़की है कहां में पुलिस ऑफिसर की भूमिका में नजर आएंगी।



# बिग बॉस में जलवा बिखेरते नजर आएंगे रवि किशन

बिग बॉस का 18वां सीजन काफी धमाल मचा रहा है। शो में मौजूद प्रतिभागी लगातार दर्शकों का मनोरंजन कर रहे हैं। इसके अलावा शो के होस्ट सलमान खान भी लगातार घर वालों की क्लास लगाते नजर आते हैं। अब इसमें भोजपुरी सुपरस्टार रवि किशन का नाम भी जुड़ गया है। वह इस शो में रविवार के दिन एक विशेष सेगमेंट में नजर आएंगे। रवि किशन की एंट्री शो में एक अलग मसाला और मनोरंजन लेकर आएगी। इस शो का हिस्सा बनने को लेकर रवि किशन भी काफी उत्साहित हैं। उन्होंने कहा, बिग बॉस का भारतीय टेलीविजन जगत में एक बेजोड़ स्थान है और मेरे लिए इसकी विरासत का हिस्सा बनना एक रोमांचकारी अनुभव है। यह मेरे लिए वास्तव में खास है, क्योंकि मैं इस शो का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं। रवि किशन का बिग बॉस से बहुत पुराना नाता है। वह शो के पहले सीजन में भी शामिल थे और फिनाले तक पहुंचे थे। ऐसे में रवि किशन इस घर के माहौल को बखूबी समझते हैं। अब वह इस शो से जुड़ कर दर्शकों को भरपूर मनोरंजन देने वाले हैं। सलमान खान अब इस शो में शुक्रवार और शनिवार नजर आएंगे। उनकी जगह अब रविवार को रवि किशन नजर आएंगे।



# अल्लू अर्जुन की पुष्पा-2 में होगा डांस नंबर, समांथा की जगह लेंगी श्रीलीला

फिल्म पुष्पा-द राइज की कहानी, संवाद और गीत खूब पसंद किए गए। उस समय इस फिल्म के प्रति दर्शकों की दीवानी देखने लायक रही। खासकर फिल्म के मुख्य अभिनेता अल्लू अर्जुन और अभिनेत्री सामंथा रूथ पर एक आइटम डांस ऊ अंटावा... फिल्माया गया, जो कि बहुत हिट हुआ।। फिल्म में सामंथा ने सिर्फ यही एक गाना किया, लेकिन इसके बाद से उनके स्टारडम में खूब इजाफा हुआ। अब सुनने में आ रहा है कि फिल्म पुष्पा-2 में भी एक आइटम डांस रखा गया है। इसमें अल्लू अर्जुन के साथ कौन सी दक्षिण भारतीय अभिनेत्री थिरकती हुई नजर आएंगी ।

## समांथा की जगह लेंगी श्रीलीला

श्रीलीला ने कई दक्षिण भारतीय फिल्मों में काम किया है। अब सुनने में आया है कि वह फिल्म पुष्पा-2 में भी नजर आएंगी। लेकिन इस फिल्म में वह मुख्य भूमिका में नहीं होंगी। कहा जा रहा है कि जिस तरह से समांथा ने पहली फिल्म पुष्पा में जबरदस्त आइटम डांस किया, वैसा ही डांस श्रीलीला भी करेंगी। सूत्रों के अनुसार वह अल्लू अर्जुन के साथ बहुत ही ऊर्जा से भरा डांस करने वाली हैं। यह डांस कितना दर्शकों को पसंद आएगा, यह तो फिल्म रिलीज होने के बाद ही पता चलेगा।

## श्रीलीला पर है तुलना का तनाव

श्रीलीला जरूर फिल्म पुष्पा-2 में अल्लू अर्जुन के साथ थिरकेंगी, लेकिन उन पर दर्शकों की उम्मीदों पर खरा उतरने का तनाव बनेगा।
दरअसल, कई फैंस उनकी तुलना समांथा रूथ के डांस से करेंगे। वह पिछली फिल्म के गाने में बहुत खूबसूरत नजर आईं, साथ ही उनके डांस स्टेप्स भी कमाल के रहे। यही कारण है कि श्रीलीला को भी बहुत मेहनत करनी होगी, जिससे वह पुष्पा-2 में कमाल का डांस कर सकें।



# दुलकर सलमान की क्राइम ड्रामा फिल्म लकी भास्कर की ओटीटी रिलीज की तारीख तय

दुलकर सलमान और मीनाक्षी चौधरी अभिनीत लकी भास्कर फेस्टिव सीजन के मौके पर 31 अक्तूबर को बड़े पर्दे पर रिलीज हुई। यह फिल्म सिनेमाघरों में अच्छा प्रदर्शन कर रही है। इस फिल्म को लेकर सकारात्मक प्रतिक्रिया के बीच, सोशल मीडिया पर डिजिटल डेब्यू कब और कहां होगा। इसको लेकर लगातार जानकारी आ रही है। सोशल मीडिया के अनुसार, लकी भास्कर अपनी थिएटर रन की समाप्ति के बाद नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीमिंग शुरू कर देगी। कथित तौर पर यह फिल्म 30 नवंबर को ओटीटी प्लेटफॉर्म पर आएगी। हालांकि, दुलकर सलमान स्टारर इस फिल्म के निर्माताओं ने अभी तक इन रिपोर्टों की पुष्टि नहीं की है।

वेंकी एटलुरी द्वारा निर्देशित, लकी भास्कर महानती और सीता रामम के बाद दुलकर की तीसरी तेलुगु फिल्म है। प्रशंसकों को फिल्म में दुलकर का अभिनय काफी शानदार लगा। 80 के दशक में सेट की गई यह फिल्म एक मध्यम वर्गीय बैंकर की जिंदगी पर आधारित है, जो अपनी नौकरी से निराश है और अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए संघर्ष कर रहा है। अपनी सारी मेहनत के बावजूद, उसे नजरअंदाज किया जाता है। भारत में पहले दिन लकी भास्कर ने 6.45 करोड़ रुपये कमाने के बाद, दूसरे दिन 6.55 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। इसके बाद फिल्म ने तीसरे दिन शनिवार को 7.50 रुपये कमाए। अब तक फिल्म ने कुल 21.40 करोड़ रुपये का कारोबार कर लिया है। लकी भास्कर बॉक्स ऑफिस पर कई फिल्मों से टकराई, जिनमें जयम रवि अभिनीत ब्रदर, शिवकार्तिकेयन की अमरन, किरण की केए और कविन अभिनीत ब्लडी बेगर शामिल हैं।



# नतीजे बता रहे हैं कि हमें भूल भुलैया 4 भी बनानी है, बीबी 3 की कामयाबी पर बोले अनीस

दिवाली पर रिलीज हुई फिल्म 'भूल भुलैया 3' से एक बार फिर ये साबित हुआ कि हिंदी फिल्मों के दर्शक अब भी भूत-प्रेत, जादू-टोना और पुनर्जन्म की कहानियों पर लट्टू हैं। इस फिल्म की कहानी दो सौ साल के अंतराल में फैली है और चादरों के नीचे ढांक दी गई उन बातों का खुलासा करती हैं, जो राज परिवारों की इज्जत को आग लगाती रही हैं। फिल्म में विद्या बालन के साथ साथ माधुरी दीक्षित ने दमदार अभिनय किया है और दोनों ने मिलकर कार्तिक आर्यन के लहराते करियर को संभाल लिया है। हिंदी सिनेमा के दिग्गज निर्देशकों में शुमार अनीस बज्मी फिल्म 'भूल भुलैया 3' के निर्देशक है, उनसे खास मुलाकात।

**'भूल भुलैया 3' की बंपर ओपनिंग की बधाई! फिल्म देखने के बाद लगता है कि इसकी कहानी अभी और आगे जाएगी?**

बहुत बहुत धन्यवाद! आपने तो मुझे शुरू से देखा है, मैं हमेशा खुद में मगन रहने वाला इंसान हूं। कामयाबी को सिर नहीं चढ़ने देता और नाकामी आती है तो उसे दिल से नहीं लगाता। 'भूल भुलैया 3' हमने बहुत दिल से बनाई है और खुशी है हमें इस बात की कि हमारी पूरी टीम की मेहनत रंग ला रही है।

**आपको यकीन था कि पुनर्जन्म की कहानी दर्शकों को भाएगी?**

हिंदुस्तान आज भी अपनी जड़ों से जुड़ा देश है। हम मंगल तक चले जाते हैं और मंगल का व्रत भी रखते हैं। परंपराओं में आस्था और अपने बूते कुछ कर ले जाने का विश्वास ही हमारा संबल है। मेरी फिल्ममेकिंग के आधार भी यही दोनों रहे हैं। मैंने हिंदी सिनेमा में बचपन से लेकर आज तक अपना जीवन बिताया है। और, ऊपरवाले का शुक्रगुजार हूं कि न जाने किस तरह मुझे बदलते वक्त की नब्ज का अंदाजा हो ही जाता है।

**इसकी वजह आप नई पीढ़ी के किशोरों और युवाओं से दोस्ती करने की अपनी आदत को मानते हैं?**

कह सकते हैं। मैंने ये गुरुमंत्र अपने उस्ताद मनमोहन देसाई से सीखा है। उनकी आदत थी कि जब वह कुछ नहीं कर रहे होते थे, तो नई पौध के साथ वक्त गुजारा करते थे। उन्हें अपने से आधी और चौथाई उम्र के लोगों के साथ वक्त बिताने में बहुत मजा आता था। मैंने उनसे जब एक बार पूछा तो उन्होंने बताया कि ये ही सिनेमा का भविष्य हैं। इन्हीं के लिए तो आगे फिल्में

**आपके पिता अब्दुल हमीद बज्मी मशहूर शायर रहे हैं, उनका कितना असर है आपके सिनेमा पर?**

वालिद साब के बारे में हम पहले भी बात कर चुके हैं, लेकिन उनका इतना असर है मेरी शख्सियत पर कि हम अब भी घंटों इस पर बात कर सकते हैं। उन्होंने सबसे पहली जो बात मुझे सिखाई वह थी हुनरमंदों की इज्जत करना और उनके अदब में खुद को निसार कर देना। हुनरमंदों की सेवा में जो आशीर्वाद मिलता है, उसका मुकाबला ही नहीं है। मैंने भी शुरू के दौर में शायरी करने की कोशिश की लेकिन फिर मुझे लगा कि मुझे सुनाना नहीं दिखाना अच्छे से आता है।




## 38 के शेयर पर टूट पड़े निवेशक, एक घंटे की ट्रेडिंग में ही हो गई मौज



**नई दिल्ली, एजेंसी।** ट्रेडिंग मुहूर्त के मौके पर कुछ कंपनियों के शेयरों में तूफानी तेजी देखी गई। ऐसा ही शेयर उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक का है। इस बैंक के शेयर 1.94 प्रतिशत बढ़त के साथ 38.85 रुपये पर बंद हो गए। ट्रेडिंग के दौरान इस शेयर की कीमत 38.97 रुपये तक पहुंच गई। दिसंबर 2023 में यह शेयर 62.99 रुपये तक पहुंच गया। यह शेयर के 52 हफ्ते का हाई है। वहीं, इस शेयर ने 25 अक्टूबर 2024 को 34.45 रुपये के स्तर को टच किया। यह शेयर के 52 हफ्ते का लो है। चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक का मुनाफा 29 प्रतिशत घटकर 233 करोड़ रुपये रह गया है। बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में बैंक का मुनाफा 328 करोड़ रुपये रहा था। बैंक ने कहा कि तिमाही के दौरान उसकी कुल आमदनी बढ़कर 1,820 करोड़ रुपये हो गई है, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 1,580 करोड़ रुपये थी। बैंक की शुद्ध ब्याज आय सितंबर तिमाही में बढ़कर 1,613 करोड़ रुपये हो गई है, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 1,391 करोड़ रुपये थी। सितंबर तिमाही के अंत में बैंक का ग्रॉस एनपीए बढ़कर कुल कर्ज का 2.52 प्रतिशत हो गया जो एक साल पहले 2.35 प्रतिशत था। हालांकि, नेट एनपीए या खराब ऋण एक साल पहले की समान अवधि में 0.89 प्रतिशत के मुकाबले घटकर 0.56 प्रतिशत हो गया। बैंक का पूंजी पर्याप्तता अनुपात घटकर 23.38 प्रतिशत रह गया, जो सितंबर, 2023 के अंत में 25.19 प्रतिशत था। हाल ही में उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक ने बताया कि उसके बोर्ड ने एस बालकृष्ण कामथ को बैंक का मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) नियुक्त किया है। बालकृष्ण कामथ को पूर्व सीएफओ रमेश मूर्ति की शीघ्र सेवानिवृत्ति के कारण हुई रिक्ति को भरने के लिए बैंक के सीएफओ के रूप में नियुक्त किया गया है। वह 3 जनवरी 2025 को या उससे पहले कार्यभार संभालेंगे।

## मार्च तक आएगा केनरा रोबेको एसेट मैनेजमेंट का आईपीओ

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सार्वजनिक क्षेत्र के केनरा बैंक की कंपनी- केनरा रोबेको एसेट मैनेजमेंट का आईपीओ मार्च तक लॉन्च होने की संभावना है। इस बारे में पूछे जाने पर केनरा बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) के सत्यनारायण राजू ने कहा कि यह आईपीओ इस वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में आ सकता है। केनरा रोबेको एसेट मैनेजमेंट कंपनी (एएमसी) के आईपीओ के लिए वित्त मंत्रालय से मंजूरी जल्द मिलने की उम्मीद है। केनरा बैंक के पास इस म्यूचुअल फंड कंपनी में 51 प्रतिशत हिस्सेदारी है। इसकी आईपीओ के माध्यम से 13 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने की योजना है। पिछले दिसंबर में केनरा बैंक ने आरंभिक शेयर बिक्री द्वारा अपनी म्यूचुअल फंड सब्सिडयरी कंपनी को सूचीबद्ध करने की प्रक्रिया शुरू करने के लिए सैद्धांतिक मंजूरी दी थी। सूचीबद्ध होने पर यह शेयर बाजार में शामिल होने वाली पांचवीं म्यूचुअल फंड कंपनी हो जाएगी। इससे पहले एचडीएफसी एएमसी, निप्पॉन लाइफ इंडिया एएमसी, यूटीआई एसेट मैनेजमेंट कंपनी और आदित्य बिड़ला सन लाइफ एएमसी शेयर बाजारों में सूचीबद्ध हैं।

## निवेश-बचत : वित्तीय धोखाधड़ी से बचने के लिए रहें सतर्क, कम-से-कम एप का करें इस्तेमाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** धोखेबाज कमजोर और बुजुर्गों को निशाना बनाने के लिए सभी प्रकार के नेटवर्क व खामियों का उपयोग कर रहे हैं। मेरे अंकल को हाल में किसी व्यक्ति का फोन आया। कॉलर आईडी में वह पुलिस की वर्दी में था। उसने कहा, जिस फ्लैट को उन्होंने बेचा था, उसका किरायेदार उसे अवैध गतिविधियों के लिए इस्तेमाल कर रहा था। अंकल डर गए और पूछने लगे कि कानूनी कार्रवाई से बचने के लिए वह क्या कर सकते हैं। इंस्पेक्टर की वर्दी वाले व्यक्ति ने कहा, अगर वह तुरंत 10 लाख रुपये दे दें तो कोई मामला दर्ज नहीं होगा। अंकल ने यह रकम एक अज्ञात खाते में ट्रांसफर कर दी।

# सोना दे सकता है 15-18 फीसदी तक का रिटर्न

**सकारात्मक आर्थिक कारकों और सुरक्षित निवेश की मांग के चलते अच्छा रिटर्न संभव**

### सोने ने संवत 2080 में निफ्टी सहित कई एसेट क्लास से किया है बेहतर प्रदर्शन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विशेषज्ञों का अनुमान है कि संवत 2081 में सोना 15-18 फीसदी तक का रिटर्न दे सकता है। इसकी वजह है मजबूत इकोनॉमिक फैक्टर और सुरक्षित निवेश की बढ़ती मांग। दिवाली से शुरू हुए संवत 2081 को भारतीय निवेशक बहुत महत्वपूर्ण मानते हैं। यह हिंदू कैलेंडर के नए वित्त वर्ष की शुरुआत है। विश्लेषकों के मुताबिक, सोने और चांदी का प्रदर्शन पिछले संवत 2080 में मजबूत रहा है। संवत 2081



के लिए धारणा सकारात्मक बनी हुई है। पिछले साल सोने और चांदी ने अच्छा प्रदर्शन किया था। इससे इस साल भी निवेशकों को इनमें अच्छी कमाई की उम्मीद है। आर्थिक स्थिति में सुधार और निवेशकों का सुरक्षित विकल्पों की ओर रुझान बढ़ने से सोने में तेजी की उम्मीद है। सकारात्मक आर्थिक कारकों और सुरक्षित निवेश की मांग के चलते संवत 2081 में सोना 18 फीसदी तक रिटर्न दे सकता है। विशेषज्ञों ने यह अनुमान जताया। दिवाली के दिन शुरू हुआ संवत 2081 हिंदू कैलेंडर में एक नए वित्त वर्ष की शुरुआत का प्रतीक है। इसलिए भारतीय निवेशकों के लिए यह महत्वपूर्ण है। विश्लेषकों ने कहा कि सोने और चांदी का प्रदर्शन पिछले संवत 2080 में मजबूत रहा है। संवत 2081 के लिए धारणा सकारात्मक बनी हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि वैश्विक कारकों में बदलाव की स्थिति में निवेशकों को मामूली लाभ भी मिल सकता है।

### कई एसेट क्लास से सोने का प्रदर्शन बेहतर

एलकेपी सिक्योरिटीज में कमोडिटी और करेंसी रिसर्च के वाइस प्रेसीडेंट जतिन त्रिवेदी ने बताया, संवत 2081 में सोने के लिए संभावनाएं सकारात्मक बनी हुई हैं। हमें उम्मीद है कि कम से कम 10 फीसदी की तेजी तो रहेगी। अगर आयात शुल्क में कटौती से खरीदारी में तेजी जारी रहती है तो सोना 15-18 फीसदी तक महंगा हो सकता है। जेएम फाइनेंशियल सर्विसेज में जिंस और मुद्रा शोध के उपाध्यक्ष प्रणव मेर ने कहा कि केंद्रीय बैंकों की लगातार खरीद और वैश्विक ब्याज दर नीतियों में बदलाव से सोने की कीमतों को समर्थन मिला।

## अमेरिका ने लगाया था बैन, लेकिन अब निकल आया बीच का रास्ता, भारतीय कंपनियों पर नहीं पड़ेगा खास असर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका ने रूस की मदद करने के आरोप में हाल ही में दुनियाभर की करीब 400 कंपनियों पर बैन लगाया था। इनमें कुछ भारतीय कंपनियां भी शामिल हैं। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि इन कंपनियों पर बैन लगाने से क्या इसका भारत पर कोई असर पड़ेगा हालांकि इसे लेकर कई तरह की प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं।

रूस हथियारों में इस्तेमाल होने वाली कई चीजों का आयात कई पश्चिमी देशों से करता है। चूंकि कई पश्चिमी देश यूक्रेन हमले को लेकर रूस के खिलाफ हैं। ऐसे में अमेरिका ने ऐसी कई कंपनियों पर बैन लगा दिया है। इसमें भारत की 19 कंपनियां भी शामिल हैं। ये कंपनियां अमेरिका से सामान खरीदती हैं। अमेरिका का आरोप है कि ये कंपनियां इस सामान को रूस को बेच रही थीं।

### पश्चिमी देशों से की खरीदारी

इन भारतीय कंपनियों ने बड़े पैमाने पर कई चीजों को पश्चिमी देशों और खुले बाजारों से खरीदा है। अमेरिकी ट्रेजरी विभाग ने बैन लगाते समय कहा था कि भारत ऐसी कई चीजों का प्रोडक्शन नहीं करता। इकनॉमिक टाइम्स के अनुसार जिन कंपनियों पर बैन लगाया गया है उनमें




से किसी के पास न तो अमेरिकी बिजनस अकाउंट हैं और न ही किसी अंतरराष्ट्रीय निर्यात नियंत्रण संधि का उल्लंघन किया है। सूत्रों के मुताबिक विदेश व्यापार महानिदेशालय के सख्त नियम हैं और उन नियमों का उल्लंघन नहीं किया गया है।

अभी भी काम कर सकती हैं ये कंपनियां

जिन भारत कंपनियों पर अमेरिका ने बैन लगाया है, वे गैर-डॉलर और गैर-यूरो पेमेंट मैकेनिज्म के माध्यम से तीसरे देशों के जरिए काम कर सकती हैं। यानी कह सकते हैं कि अमेरिका की ओर से बैन लगाने पर भी इस कंपनियों पर कोई खास असर नहीं पड़ेगा।

वहीं विदेश मंत्रालय के मुताबिक रूसी सैन्य प्रयासों में कथित रूप से सहायता करने के लिए अमेरिका द्वारा प्रतिबंधित भारतीय कंपनियां भारतीय कानूनों का उल्लंघन नहीं कर रही हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, हमने अमेरिकी प्रतिबंधों पर रिपोर्ट देखी है। भारत के पास रणनीतिक व्यापार और अप्रसार नियंत्रण पर एक मजबूत कानूनी और नियामक ढांचा है।

### विदेश मंत्रालय की चेतावनी

सारी बातों को ध्यान में रखते हुए विदेश मंत्रालय ने चेतावनी भी दी है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत की साख को ध्यान में रखते हुए लागू एक्सपोर्ट कंट्रोल प्रोविजंस पर भारतीय कंपनियों को संवेदनशील बनाया जा रहा है। इसके लिए विदेश मंत्रालय सभी प्रासंगिक भारतीय विभागों और एजेंसियों के साथ काम कर रहा है।

## नमकीन-बिस्कुट के बाजार में छाने की तैयारी में रिलायंस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश की सबसे वैल्यूएबल कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज ने टेलिकॉम के बाद कैंपा मार्केट में भी तहलका मचा दिया है। कंपनी ने अपने ब्रांड कैंपा कोला के प्रॉडक्ट्स की कीमत दूसरी कंपनियों की तुलना में काफी कम रखी है। इससे कोका-कोला और पेप्सिको को भारी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। मुकेश अंबानी की कंपनी अब चिप्स, नमकीन और बिस्कुट के बाजार में भी इसी रणनीति पर काम कर रही है। रिलायंस कंज्यूमर प्रॉडक्ट्स सुपर स्टॉकिस्ट्स को करीब 6.5 फीसदी मार्जिन दे रही है जबकि दूसरी कंपनियां 3 से 5 फीसदी पर अटकी हैं।

बिजनस स्टैंडर्ड की एक रिपोर्ट के मुताबिक रिलायंस कंज्यूमर प्रॉडक्ट्स स्नैक्स बाजार में बड़ा दांव खेल रही है। कंपनी डिस्ट्रीब्यूटर्स को 8 फीसदी मार्जिन और दो फीसदी परफॉरमेंस बेस्ड इंसेंटिव भी दे रही है। दूसरे ब्रांड्स डिस्ट्रीब्यूटर्स को 6 से 6.5 फीसदी मार्जिन दे रहे हैं। इसी तरह अंबानी की



कंपनी रिटेलर्स को 20 फीसदी मार्जिन दे रही है जबकि दूसरी कंपनियां उन्हें 8 से 15 फीसदी मार्जिन दे रही हैं।

### किसे है खतरा

देश के स्नैक्स बाजार में पेप्सिको, ब्रिटानिया, हल्दीराम और दूसरी स्थानीय कंपनियों का दबदबा रहा है। 2023 में भारत का स्नैक्स मार्केट की वैल्यू 42,694.9 करोड़ रुपये थी जिसके 2032 तक 95,521.8 करोड़ रुपये तक पहुंचने की उम्मीद है। इसके सालाना करीब नौ फीसदी की रफ्तार से बढ़ने का अनुमान है। रिलायंस कंज्यूमर ने 2022 में एफएमसीजी मार्केट में एंट्री की घोषणा की थी।

## बाबा रामदेव की कंपनी दे रही है अब तक का सबसे ज्यादा डिविडेंड, आज चूके तो हो जाएगा नुकसान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बाबा रामदेव की कंपनी पतंजलि फूड्स ने अपने शेयरहोल्डर्स को फाइनेंशियल ईयर 2024-25 के लिए प्रति शेयर आठ रुपये का अंतरिम लाभांश देने की घोषणा की है। इसके लिए रेकॉर्ड डेट 4 नवंबर यानी आज है। आज की तारीख तक जिन शेयरहोल्डर्स के पास शेयर होंगे, वे डिविडेंड पाने के हकदार होंगे। कंपनी ने 24 अक्टूबर को बोर्ड मीटिंग के बाद यह डिविडेंड देने की घोषणा की थी। यह कंपनी का अब तक का सबसे ज्यादा डिविडेंड है। पतंजलि फूड्स का कहना है कि इस डिविडेंड का भुगतान 23 नवंबर को या उससे पहले कर दिया जाएगा। जानकारों का




कहना है कि निकट भविष्य में कंपनी का शेयर 1920 रुपये तक जा सकता है।

इस कंपनी के शेयर की कीमत पिछले एक साल में करीब 25 फीसदी चढ़ी है। 1 नवंबर को मुहूर्त ट्रेडिंग पर यह 0.99 प्रतिशत तेजी के साथ 1811.80 रुपये पर बंद हुआ था।

## देश की सबसे बड़ी ऑटो कंपनी को अब शादियों का सहारा! मैरिज सीजन में गुडलक देख रही मारुति

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में शादियों का सीजन शुरू होने जा रहा है। इस दौरान लाखों शादियां होने जा रही है। देश की सबसे बड़ी ऑटो कंपनी मारुति सुजुकी को इन शादियों से काफी उम्मीदें हैं। कंपनी के अधिकारियों का कहना है कि फेस्टिव सीजन में बिक्री में आई तेजी के शादी के सीजन में बरकरार रहने की उम्मीद है। पिछले महीने कंपनी की रिटेल सेल 2,02,402 यूनिट रही जो अक्टूबर के महीने में उसकी अब तक की सबसे अधिक बिक्री है। इससे पहले कंपनी की बिक्री अक्टूबर 2020 में 1,91,476 यूनिट रही थी। मारुति



सुजुकी के सीनियर एक्जीक्यूटिव ऑफिसर (मार्केटिंग एंड सेल) पार्थो बनर्जी ने कहा कि देशभर में नवंबर में लाखों शादियां होने जा रही है। हमें पूरी उम्मीद है कि इससे हमें अपनी रिटेल सेल बिक्री के मामले में भी अच्छी बढ़त मिलेगी। वह इस सवाल का जवाब दे रहे थे कि क्या कंपनी अगले कुछ महीनों तक त्योहारी सीजन की बिक्री की गति को जारी रख पाएगी। बनर्जी ने कहा, हमें लगता है कि इस बार नवंबर के महीने में काफी संख्या में शादियां हैं। इससे हमें फेस्टिव सीजन का मोमेंटम जारी रहने की उम्मीद है।

### कंपनी की बिक्री

त्योहारी सीजन से कंपनी की सेल को बूस्ट मिला है जिसकी भारी जरूरत महसूस की जा रही थी। कंपनी ने इस फाइनेंशियल ईयर में 4-5 प्रतिशत के ग्रोथ का अनुमान जताया है और फेस्टिव सीजन में बिक्री से कंपनी उत्साहित है।

## सेर्वोटेक पावर सिस्टम्स लिमिटेड ने घरों और दुकानों के लिए नए सोलर उत्पाद लॉन्च किए

**मुंबई, एजेंसी।** अग्रणी रीन्यूऐबल एनर्जी सोल्युशंस निर्माता, सेर्वोटेक पावर सिस्टम्स लिमिटेड ने घरेलू और व्यावसायिक छतों के लिए पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना और पीएम-किसान ऊर्जा सुरक्षा और उत्थान महाअभियान जैसी केंद्र सरकार की योजनाओं के अनुरूप नवीन और उच्च तकनीकी श्रेणी के सौर ऑन-ग्रिड इन्वर्टर, सौर हाइब्रिड इन्वर्टर, सौर माइक्रो इन्वर्टर, बैटरी एनर्जी स्टॉरिज प्रणाली और सौर पंप नियंत्रकों की अपनी नई श्रृंखला लॉन्च की है। यह किसानों को सौर ऊर्जा का उपयोग करने और स्थायी खेती पद्धतियों को बढ़ावा देने में सक्षम बनाता है।ये नए उत्पाद बिजली की कमी की समस्या को कम करेंगे और प्रदूषण भी कम होगा।

लॉन्च पर बोलते हुए, संस्थापक और प्रबंध निदेशक, रमन भाटिया ने कहा, हमें बाजार में अपने सौर समाधान पेश करते हुए खुशी हो रही है। ये समाधान न केवल व्यक्तियों और व्यवसायों को अपने कार्बन फुटप्रिन्ट को कम करने में मदद करते हैं, बल्कि स्थायी विकास को भी बढ़ावा देते हैं। सेर्वोटेक हमेशा नई तकनीक पर काम कर रहा है ताकि ऊर्जा की बचत हो और पर्यावरण की सुरक्षा हो।अपने डिजिटल रूप से सक्षम और उन्नत समाधानों के साथ, हम अपने ग्राहकों और भागीदारों को उनके संचालन में बेहतर प्रदर्शन, सुरक्षा और विश्वसनीयता प्राप्त करने में सक्षम बनाते हैं। हाल ही में सेर्वोटेक ने ब्रिटेन और अमेरिका में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जर बेचने का समझौता किया है। इससे इन देशों में ईवी चार्जिंग स्टेशनों की संख्या बढ़ेगी। सेर्वोटेक ने पहले भी कर्नाटक में 11 ईवी चार्जिंग स्टेशन बनाने का काम किया है। इससे पहले, कंपनी ने बैंगलोर इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई कंपनी लिमिटेड से 11 डीसी फास्ट ईवी चार्जिंग स्टेशनों के निर्माण के लिए एक बड़ा अनुबंध हासिल किया था। इस अनुबंध में कर्नाटक में 11 क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय परिसरों में सार्वजनिक इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जिंग स्टेशन स्थापित करना शामिल है। यह परियोजना इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग अवसंरचना को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाएगी, जिससे ईवी मालिकों के लिए विभिन्न क्षेत्रों में अपने वाहनों को चार्ज करना अधिक सुविधाजनक हो जाएगा।

सेर्वोटेक पावर सिस्टम्स एक हस्थ-सूचीबद्ध संगठन है जो इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में अपने दो दशकों से अधिक के अनुभव और विशेषज्ञता का लाभ उठाते हुए तकनीक-सक्षम ईवी चार्जिंग समाधान विकसित करता है। कंपनी एसी और डीसी चार्जर की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करती है जो विभिन्न ईवी के साथ संगत हैं और वाणिज्यिक और घरेलू जैसे कई अनुप्रयोगों को पूरा करती हैं। अपनी व्यापक इंजीनियरिंग क्षमताओं के साथ, कंपनी भारत के ईवी तकनीकी अवसंरचना के विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की योजना बना रही है। एक मजबूत अखिल भारतीय उपस्थिति वाला एक विश्वसनीय ब्रांड, सेर्वोटेक पावर सिस्टम्स की विरासत उन्नत तकनीकों के सिद्ध नवाचार और विकास द्वारा चिह्नित है।

## भारत से पेट्रोल, चीनी समेत कई क्षेत्रों में निर्यात बढ़ा; पांच साल में बना तीसरा सबसे बड़ा निर्यातक



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पेट्रोलियम, रत्न, कृषि समेत कई क्षेत्रों में भारत का निर्यात तेजी से बढ़ा है। 2018 से 2023 के दौरान पेट्रोलियम निर्यात में दोगुना तेजी दर्ज की गई है। कई और क्षेत्रों में भी भारत निर्यात क्षेत्र में तेजी से प्रगति कर रहा है। पिछले पांच वर्षों में इसने विशेष रूप से पेट्रोलियम, रत्न, कृषि रसायन और चीनी में वैश्विक बाजारों में तेजी से निर्यात बढ़ाया है। 2018 से 2023 के दौरान भारत के निर्यात की हिस्सेदारी जिन अन्य क्षेत्रों में बढ़ी है, उनमें बिजली के सामान, न्यूमैटिक टायर, नल-वाल्व और सेमीकंडक्टर उपकरण हैं। मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, 2023 में पेट्रोलियम निर्यात बढ़कर 84.96 अरब डॉलर हो गया है। यानी 2018 में 6.45 प्रतिशत से बढ़कर 2023 में 12.59 प्रतिशत हो गया। इससे दूसरे सबसे बड़े वैश्विक निर्यातक के रूप में भारत उभरा है। 2018 में यह पांचवें स्थान पर था। कीमती और अर्ध-कीमती पत्थरों के क्षेत्र में देश की हिस्सेदारी 2018 में 16.27 प्रतिशत से बढ़कर 2023 में 36.53 प्रतिशत हो गई।

## रिलायंस के शेयर 4 पर्सेंट से अधिक लुढ़के

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शेयर मार्केट में सोमवार को आई तबाही से मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज भी नहीं बच सकी और उसके शेयर 4 फीसद से अधिक लुढ़क गए। शेयर की कीमत नौ महीने के निचले स्तर पर पहुंच गई। इस तेज गिरावट ने रिलायंस के शेयरों के साल-दर-साल रिटर्न को नकारात्मक बना दिया है। बीएसई पर इंट्राडे ट्रेडिंग के दौरान आरआईएल के शेयर की कीमत 4.03 प्रतिशत तक गिर गई, जो प्रति शेयर 1,285.10 रुपये के निचले स्तर पर पहुंच गई। वहीं, कंपनी का मार्केट कैप लगभग 17.40 लाख करोड़ रुपये तक सिकुड़ गया। दोपहर 12:20 बजे, बीएसई पर रिलायंस के शेयर 3.08 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,297.80 रुपये पर कारोबार कर रहे थे। रिलायंस का शेयर अब 8 जुलाई को दर्ज किए गए 52 सप्ताह के उच्च स्तर 1,608.95 रुपये प्रति शेयर (1: 1 बोनस के लिए समायोजित) से 20 प्रतिशत से अधिक गिर गया है। 4 नवंबर तक, रिलायंस के शेयरों में 0.5 प्रतिशत ड्ड्ढ्रञ्जष्ठ की गिरावट आई है। हालांकि, पिछले एक साल में रिलायंस स्टॉक ने 11 प्रतिशत से अधिक का फायदा भी दिया है।

भारतीय शेयर बाजार सोमवार को धराशायी हो गया। दोनों बेंचमार्क इंडेक्स सेंसेक्स और निफ्टी 50 के साथ, प्रत्येक 1.5 प्रतिशत से अधिक गिर गया। निफ्टी के सभी सेक्टोरल इंडेक्स लाल हैं।




# रणजी ट्रॉफी के बाद भारतीय विकेटकीपर रिद्धिमान साहा लेंगे क्रिकेट से संन्यास



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के विकेटकीपर रिद्धिमान साहा ने घोषणा की है कि वे इस साल 2024-25 रणजी ट्रॉफी सीजन के बाद क्रिकेट से संन्यास ले लेंगे, जिससे उनके 17 साल लंबे करियर का समापन हो जाएगा। साहा फिलहाल बेंगलुरु में कर्नाटक के खिलाफ बंगाल के चौथी राउंड मैच की तैयारी में जुटे हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर इस फैसले की जानकारी दी। उन्होंने एक्स पर लिखा, क्रिकेट में एक यादगार सफर के बाद, यह मेरा आखिरी सीजन होगा। बंगाल की ओर से रणजी ट्रॉफी में खेलते हुए संन्यास लेना मेरे लिए सम्मान की बात है। आइए इस सीजन को खास बनाएं। 39 साल के साहा ने 2022-23 में बंगाल टीम के साथ विवाद के कारण टीम से दूरी बना ली थी। बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) के सचिव देबब्रत दास ने उन पर खेलने से बचने के बहाने बनाने का आरोप लगाया था। लेकिन इस सीजन में साहा ने टीम में वापसी की और रणजी ट्रॉफी के पहले दो मैचों में खेला। साहा ने भारत के लिए 40 टेस्ट खेले हैं, जिनमें उन्होंने 1353 रन बनाए, जिसमें तीन शतक और छह अर्धशतक शामिल हैं। लंबे समय तक वह टीम इंडिया के साथ जुड़े रहे, लेकिन ऋषभ पंत के आने से टीम में उनकी जगह बनाना मुश्किल हो गया, हालांकि वह कई बार दूसरे विकेटकीपर के रूप में शामिल होते रहे। साहा ने दिसंबर 2021 में आखिरी बार भारत के लिए खेला था और 2023 में उन्हें सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से रिलीज कर दिया गया था। आईपीएल 2025 की नीलामी से पहले, गुजरात टाइटंस ने उन्हें रिटेन नहीं किया। साहा उन चुनिंदा खिलाड़ियों में से एक हैं जिन्होंने 2008 से हर सीजन आईपीएल में खेला है। उन्होंने पहले सनराइजर्स हैदराबाद, चेन्नई सुपर किंग्स, कोलकाता नाइट राइडर्स और पंजाब किंग्स के लिए भी खेला है। 2014 के फाइनल में, जब पंजाब किंग्स उपविजेता बनी थी, साहा ने 55 गेंदों पर नाबाद 115 रन बनाकर ऐतिहासिक शतक बनाया था।

### सुनील गावस्कर ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज से पहले

# भारतीय क्रिकेट टीम से किया आग्रह



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत के महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने टीम इंडिया से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज से पहले अभ्यास मैच खेलने का आग्रह किया है। भारत को इंडिया ए के साथ एक इंट्रा-स्क्वाड अभ्यास मैच खेलना था, जिसे उन्होंने रद्द कर दिया है। हालांकि गावस्कर ने टीम को मैचों के बीच अभ्यास मैच खेलने की सलाह दी है। पूर्व बल्लेबाज ने कहा कि जो युवा खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया में कभी नहीं खेले हैं, उन्हें खुद को परिस्थितियों के अनुकूल ढाल लेना चाहिए। ध्रुव जुरेल, सरफराज खान और यशस्वी जायसवाल जैसे भारतीय युवा खिलाड़ी ऑस्ट्रेलिया में अपना पहला टेस्ट खेलेंगे और इसलिए उन्हें गति और उछाल के अभ्यस्त होने में कुछ समय लग सकता है। गावस्कर ने कहा, मुझे सच में लगता है कि उन्हें अभ्यास मैच खेलना चाहिए। टेस्ट मैचों के बीच के अंतराल में उन्हें वास्तव में अभ्यास मैच खेलने चाहिए। जरूरी नहीं कि सीनियर खिलाड़ियों के लिए। लेकिन जूनियर खिलाड़ियों के लिए भी जिन्होंने पहले कभी ऑस्ट्रेलिया में नहीं खेला है। यशस्वी जायसवाल, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल्स ये सभी युवा बल्लेबाज हैं। यहां तक कि ऑस्ट्रेलिया ए टीम या क्वींसलैंड जैसी स्टेट टीम के खिलाफ भी। जूनियर खिलाड़ियों को ऑस्ट्रेलिया में उछाल और पिचों के अभ्यस्त होने का अवसर दिया जाना चाहिए। गावस्कर ने आगे भारत को सलाह दी कि वे जितना हो सके उतना अभ्यास करें और थ्रो डाउन के बजाय नियमित गेंदबाजी खेलने पर ध्यान केंद्रित करें। उन्होंने कहा, बस खुद पर भरोसा रखें। जितना हो सके उतना अभ्यास करें। मुझे लगता है कि थ्रोडाउन का सामना करना कुछ हद तक फायदेमंद है। लेकिन नियमित गेंदबाजी का सामना करना ज़्यादा जरूरी है।

# यह देखना दिलचस्प होगा कि भारत किस तरह वापसी करता है: गिलक्रिस्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज एडम गिलक्रिस्ट ने कहा है कि न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में 3-0 की हार के बाद भारत जिस तरह वापसी करेगा, उसे देखना दिलचस्प होगा, जब वे आगामी बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज में ऑस्ट्रेलिया का सामना करेंगे। भारत न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर 3-0 की अभूतपूर्व हार झेलने के बाद इस महत्वपूर्ण सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगा जो 12 वर्षों में घरेलू मैदान पर उसकी पहली टेस्ट सीरीज हार है। गिलक्रिस्ट ने कहा, मैं उनसे आसानी से हारने की उम्मीद नहीं कर रहा हूं, लेकिन मुझे लगता है कि उस हार और इस तथ्य के बाद कि यह एक क्लीन स्वीप था - मुझे याद नहीं है कि उनके साथ ऐसा कब हुआ है, सिर्फ एक सीरीज हारना, क्लीन स्वीप की तो बात ही छोड़िए। मुझे लगता है कि इससे आंतरिक रूप से कुछ सवाल उठेंगे और एक जुनूनी क्रिकेट राष्ट्र से उस बदलाव को देखने का दबाव, अपेक्षा और इच्छा, उन सभी खिलाड़ियों के कंधों पर भारी पड़ेगी। गिलक्रिस्ट ने कहा, वहां (टीम में) कुछ उम्रदराज खिलाड़ी हैं जो शायद खुद पर थोड़ा संदेह करना शुरू कर दें।



# अगर मैं उनके बल्लेबाजी क्रम में होता तो मैं नर्वस होता

नई दिल्ली, एजेंसी। इस साल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने वाले डेविड वार्नर ने कहा कि अगर वह आगामी बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया का सामना करने वाली भारतीय टीम में बल्लेबाज होते तो नर्वस होते। उन्होंने यह बयान भारत के हाल ही में न्यूजीलैंड के खिलाफ 3-0 की सीरीज में खराब प्रदर्शन के बाद दिया है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की आगामी पांच मैचों की टेस्ट सीरीज 22 नवंबर को पर्थ में शुरू होगी।

वॉर्नर ने कहा, न्यूजीलैंड की ओर से यह बिल्कुल उल्लेखनीय था। टॉम (लैथम) और वहां के खिलाड़ियों को बधाई। मैं उस पहले टेस्ट को याद करता हूं जो उन्होंने खेला था और उन्होंने कुछ बेहतरीन कैच लिए थे और इससे माहौल तैयार हो गया था। अगर आप इस तरह के कैच लेते हैं और आप बढ़त हासिल करते हैं और सीरीज में एक-शून्य से आगे रहते हैं, तो यह बहुत बड़ी बात है। मुझे पता है कि वहां जीतना कितना मुश्किल है। उन्होंने अभी जो किया है, वह बिल्कुल शानदार है और इसका श्रेय उन्हें जाता है।



वार्नर ने कहा, इससे ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों को मदद मिलती है। वे ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों के खिलाफ 5 टेस्ट मैचों में तीन-शून्य से हारने के बाद यहां आ रहे हैं, (जिनके पास) तीन विश्व स्तरीय तेज गेंदबाज और एक विश्व स्तरीय स्पिन गेंदबाज है और अगर मैं उनके बल्लेबाजी क्रम में होता तो मैं नर्वस होता। उन्हें यह भी लगता है कि ऑस्ट्रेलियाई शीर्ष क्रम को जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज का मुकाबला करने का तरीका खोजने की जरूरत है जबकि उनका मानना है कि तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी अपने टखने की चोट से उबरने के कारण शुरुआती टीम में शामिल नहीं होने के बावजूद किसी समय सीरीज़ में खेल सकते हैं। उन्होंने कहा, ऑस्ट्रेलियाई शीर्ष क्रम को रन बनाने की जरूरत है। उनके पास मोहम्मद शमी हैं, जो वर्तमान में घुटने की चोट से उबरने की राह पर हैं - वे संभावित रूप से टीम के साथ यहां खेल सकते हैं - (और) आपके पास बुमराह और सिराज हैं जो उनके अगुआ हैं।

पूर्व ओपनर ने कहा, मुझे लगता है कि अगर ऑस्ट्रेलिया इन दो सज्जनों को मात दे सकता है, तो बोर्ड पर कुछ बड़े रन बनाए जा सकते हैं। लेकिन... हमें भारत के खिलाफ पूरी ताकत से खेलना होगा। हमने भारत के खिलाफ यहां अपनी पिछली दो सीरीज गंवा दी हैं (और) उनके पास खेलने के लिए बहुत कुछ है। वार्नर ने कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली, रविचंद्रन अश्विन और रवींद्र जडेजा की चौकड़ी को आगाह करते हुए कहा कि वे ऑस्ट्रेलिया में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए बेताब होंगे क्योंकि वे अपने करियर के अंतिम पड़ाव पर हैं।

# घर पर 3-0 से हारना बहुत मुश्किल है और इसके लिए आत्मनिरीक्षण की जरूरत है: सचिन तेंदुलकर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने रविवार को वानखेड़े स्टेडियम में तीसरा मैच 25 रन से हारने के बाद न्यूजीलैंड के हाथों टेस्ट सीरीज में 0-3 से मिली हार पर आत्मनिरीक्षण की जरूरत बताई है। मुंबई में हार के परिणामस्वरूप, रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारत ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप स्टैंडिंग में अपना शीर्ष स्थान भी खो दिया और नए टेबल-टॉपर्स ऑस्ट्रेलिया के पीछे दूसरे स्थान पर आ गई। तेंदुलकर ने एक्स पर लिखा, घर पर 3-0 से हारना बहुत मुश्किल है और इसके लिए आत्मनिरीक्षण की जरूरत है। क्या यह तैयारी की कमी थी, क्या यह खराब शॉट चयन था, या मैच अभ्यास की कमी थी? शुभमन गिल ने पहली पारी में लचीलापन दिखाया, और ऋषभ पंत ने दोनों पारियों में शानदार प्रदर्शन किया - उनके फुटवर्क ने चुनौतीपूर्ण सतह को पूरी तरह से अलग बना दिया।वह बस शानदार था। पूरी श्रृंखला में लगातार प्रदर्शन के लिए न्यूजीलैंड को पूरा श्रेय जाता है। भारत में 3-0 से जीतना सबसे अच्छा परिणाम है। न्यूजीलैंड से हार के बाद पहली बार भारत को घरेलू टेस्ट श्रृंखला में क्लीन स्वीप का सामना करना पड़ा, 1999/2000 में दक्षिण अफ्रीका की 2-0 की जीत के बाद। यह तीन मैचों की श्रृंखला और उसके बाद घरेलू मैदान पर भारत की पहली 3-0 की क्लीन स्वीप हार भी है। भारत की श्रृंखला हार का एक बड़ा कारण यह भी रहा कि न्यूजीलैंड के गेंदबाजों के हाथों गंवाए गए 57 विकेटों में से 37 विकेट स्पिनरों के हाथों गंवाए, जिसकी वजह से मेजबान टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने आलोचना की।



सहवाग ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट पर लिखा, समर्थकों के तौर पर टीम का समर्थन करना जरूरी है, लेकिन हमारी टीम का प्रदर्शन बहुत खराब रहा। स्पिन खेलने के कौशल में निश्चित रूप से सुधार की जरूरत है और कुछ प्रयोग छोटे प्रारूप के लिए अच्छे हैं, लेकिन टेस्ट क्रिकेट में सिर्फ दिखावे के लिए कुछ अनावश्यक प्रयोग करना वास्तव में खराब था।टॉम लैथम और उनके खिलाड़ियों को वह करने के लिए बधाई जो हर मेहमान टीम का सपना होता है और कोई भी टीम इस तरह से जीत नहीं सकती। भारत के पूर्व बाएं हाथ के तेज गेंदबाज इरफान पठान ने अपने बड़े भाई और पूर्व क्रिकेटर यूसुफ पठान के साथ हुई बातचीत का हवाला देते हुए घरेलू क्रिकेट में लाल गेंद वाले बल्लेबाजों की कमी पर बात की। इरफ़ान ने एक्स पर लिखा, कल मेरी युसूफ पठान भाई के साथ अच्छी बातचीत हुई।

उन्होंने घरेलू क्रिकेट के बारे में एक सही बात कही - हम या तो घास वाली पिचों पर या सपाट ट्रैक पर खेल रहे हैं, लेकिन अब शायद ही कभी टर्निंग सरफेस पर खेलते हैं। साथ ही, शीर्ष खिलाड़ी घरेलू क्रिकेट नहीं खेल रहे हैं। यह हमें लंबे समय में नुकसान पहुंचा सकता है।

भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह ने टेस्ट टीम से घरेलू मैदान पर बेहतर पिचों पर बल्लेबाजी करने का आह्वान किया और उनसे टर्निंग पिचों पर नहीं खेलने का आग्रह किया। टर्निंग पिचें आपकी अपनी दुश्मन बन रही हैं। न्यूज़ीलैंड को बधाई हो। आपने हमें मात दी। कई सालों से कह रहा हूं। टीम इंडिया को बेहतर पिचों पर खेलने की जरूरत है। ये टर्निंग पिचें हर बल्लेबाज को बहुत साधारण बना रही हैं।

उन्होंने एक्स पर लिखा, पहले की पीढ़ी के बल्लेबाज इस तरह की पिचों पर कभी नहीं खेले। ये पिचें 2/3 दिन के टेस्ट मैचों के लिए तैयार की गई हैं। टीमों को आउट करने के लिए आपको इन पिचों पर मुरली, वॉर्न या साकी की जरूरत नहीं है। कोई भी किसी को भी आउट कर सकता है। भारत के पास 2023-2025 डब्ल्यूटीसी चक्र असाइनमेंट में ऑस्ट्रेलिया में केवल सबसे महत्वपूर्ण बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी बची है।

### डब्ल्यूटीए फाईनल्सः

# कोको गॉफ ने डब्ल्यूटीए फाइनल में पेगुला को हराया, स्वियातेक की संघर्षपूर्ण जीत



**रियाद, एजेंसी।** इस टूर्नामेंट में विश्व की चोटी की आठ खिलाड़ी भाग ले रही हैं। नए कोच के साथ डब्ल्यूटीए फाइनल में पहुंची स्वियातेक ने सितंबर में अमेरिकी ओपन के क्वार्टर फाइनल में पेगुला से सीधे सेटों में हारने के बाद से कोई मैच नहीं खेला था। अमेरिका की कोको गॉफ ने डब्ल्यूटीए फाइनल्स में हम वतन जेसिका पेगुला को 6-3, 6-2 से हराकर साल के इस अंतिम टेनिस टूर्नामेंट में शानदार शुरुआत की। दूसरी वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक ने अपने पहले मैच में बारबोरा क्रेजिसिकोवा को 4-6, 7-5, 6-2 से हराया। यह उनकी पिछले दो महीने में पहली जीत है। इस टूर्नामेंट में विश्व की चोटी की आठ खिलाड़ी भाग ले रही हैं। नए कोच के साथ डब्ल्यूटीए फाइनल में पहुंची स्वियातेक ने सितंबर में अमेरिकी ओपन के क्वार्टर फाइनल में पेगुला से सीधे सेटों में हारने के बाद से कोई मैच नहीं खेला था। शनिवार को शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका ने अपने शुरुआती मैच में झेंग किनवेन पर सीधे सेटों में जीत दर्ज की। एक अन्य मैच में चौथी वरीयता प्राप्त इटली की जैस्मीन पाओलिनी ने पांचवीं वरीयता प्राप्त एलेना रयबाकिना को हराया।

### ला लिगा

# बार्सिलोना की एक और जीत, रियाल मैड्रिड पर नौ अंक की बढ़त बनाई, जानें मैच में क्या हुआ



**मैड्रिड, एजेंसी।** बार्सिलोना अब मैड्रिड से नौ अंक आगे हो गया है, जिसका वालेंसिया में शनिवार को होने वाला मैच बाढ़ के कारण स्थगित कर दिया गया था। बाढ़ के कारण विलारियाल और रेयो वैलेकैनो के बीच होने वाला मैच भी स्थगित कर दिया गया। दानी ओल्मो के दो गोल की मदद से बार्सिलोना ने एस्पेनयोल पर 3-1 से जीत दर्ज करके स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा के वर्तमान सत्र में अपना दबदबा बरकरार रखा। एक सप्ताह पहले सैंटियागो बर्नब्यू स्टेडियम में रियाल मैड्रिड को 4-0 से हराने वाले बार्सिलोना की तरफ से राफिन्हा ने भी गोल किया। बार्सिलोना अब मैड्रिड से नौ अंक आगे हो गया है, जिसका वालेंसिया में शनिवार को होने वाला मैच बाढ़ के कारण स्थगित कर दिया गया था। बाढ़ के कारण विलारियाल और रेयो वैलेकैनो के बीच होने वाला मैच भी स्थगित कर दिया गया। दक्षिणी स्पेन में बाढ़ के कारण अभी तक 200 से अधिक लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। इस क्षेत्र में होने वाले सेकंड डिवीजन के तीन मैचों को भी स्थगित कर दिया गया है। बार्सिलोना ने इस जीत से एस्पेनयोल के खिलाफ अपना अजेय अभियान 27 में तक बढ़ा दिया है। लीग तालिका में 17वें स्थान पर मौजूद एस्पेनयोल अपने पिछले सात लीग मैचों में से छह हार चुका है। इस बीच एटलेटिको मैड्रिड के कोच डिएगो शिमोन के बेटे गिउलिआनो शिमोन ने लास पालमास के खिलाफ टीम की 2-0 की जीत में क्लब के लिए अपना पहला गोल किया।

# आक्शन से पहले बटलर ने छोड़ा राजस्थान का साथ

**नई दिल्ली।** राजस्थान रॉयल्स के विस्फोटक सलामी बल्लेबाज और इंग्लैंड के टी20 कप्तान जोस बटलर ने रविवार को सोशल मीडिया पर भावुक पोस्ट लिखा। बटलर आईपीएल में सालों से राजस्थान रॉयल्स के लिए खेल रहे हैं लेकिन इस टीम ने उन्हें मेगा ऑक्शन 2024 के लिए रिटेन नहीं किया। बटलर को शायद अब ऐसा लग रहा है कि ऑक्शन में भी हो सकता है टीम उनपर दांव न लगाए। इसी कारण उन्होंने इस फ्रेंचाइजी के लिए फेयरवेल पोस्ट लिखा।



**जोस बटलर ने लिखी पोस्ट-** जोस बटलर ने अपनी पोस्ट में लिखा, 'ऐसा लग रहा है कि यह एक अंत है। शुक्रिया राजस्थान रॉयल्स और उन सभी लोगों को शुक्रिया जो इन सात बेहतरीन सालों में साथ रहे। 2018 में मेरे क्रिकेट करियर के सबसे शानदार सालों की शुरुआत रही और मुझे पिंक जर्सी में कई यादगार पल मिले। मेरा और मेरे परिवार का खुली बांहों से स्वागत करने के लिए शुक्रिया। मैं बहुत कुछ लिखना चाहता हूं लेकिन यहीं रहने देता हूं।'

**बटलर का राजस्थान रॉयल्स के लिए शानदार रिकॉर्ड-** बटलर ने राजस्थान रॉयल्स के लिए 3055 रन बनाए हैं। साल 2022 के सीजन में उनके बल्ले से 863 रन बनाए थे। बटलर राजस्थान रॉयल्स के लिए सात शतक और 18 अर्धशतक भी लगा चुके हैं। बटलर ने कई अहम मौकों पर अपने दम पर टीम को जीत दिलाई और बड़े मैच विनर साबित हुए।

राजस्थान ने 2018 से बटलर को अपने साथ बनाए रखा है। हालांकि इस बार टीम ने उन्हें रिटेन किया है। भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन, युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल, ऑलराउंडर रियान पराग, विकेटकीपर ध्रुव जुरेल, वेस्टइंडीज के शिमरोन हेटमायर और गेंदबाज संदीप शर्मा को अपने साथ बनाए रखा है। राजस्थान ने 6 खिलाड़ियों को रिटेन करने के लिए कुल 79 करोड़ रुपये खर्च कर दिए। अब टीम के पास मेगा ऑक्शन के लिए पर्स वैल्यू में 41 करोड़ रुपये बाकी रह गए हैं।

### ब्रिज ओलंपियाड

# भारत की सीनियर ब्रिज टीम का शानदार प्रदर्शन, ओलंपियाड में रजत पदक जीता



**ब्यूनस आयर्स, एजेंसी।** भारतीय टीम ने 96 बोर्ड के फाइनल में शुरू में अमेरिका की टीम के सामने कड़ी चुनौती पेश की। अमेरिका की टीम ने हालांकि दो दिन तक चल फाइनल में आखिर तक अपनी लय बनाए रखी। अपने पिछले मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन करने वाली भारत की सीनियर टीम को 16वें विश्व ब्रिज ओलंपियाड के फाइनल में अमेरिका से 165-258 से हारने के कारण रजत पदक से संतोष करना पड़ा। भारतीय टीम में कमल मुखर्जी, विभास टोडी, बादल दास, प्रणब बर्धन, अरुण बापट, रवि गोयनका और गैर खिलाड़ी कप्तान गिरीश बिजूर शामिल थे। भारतीय टीम ने 96 बोर्ड के फाइनल में शुरू में अमेरिका की टीम के सामने कड़ी चुनौती पेश की। अमेरिका की टीम ने हालांकि दो दिन तक चल फाइनल में आखिर तक अपनी लय बनाए रखी। इस बीच इसी प्रतियोगिता के साथ खेली गई युगल स्पर्धा में संजीत डे और बिनोद साव की युवा भारतीय जोड़ी ने भी अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया।

